सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-145 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 02 नवम्बर 2023
17 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com

न्यूज डायरी

आज पेश होंगी मोइत्रा

नई दिल्ली। लोकसभा की आचार समिति भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के पैसे के बदले सवाल वाले आरोप की जांच कर रही है। समिति के समक्ष कल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा को पेश होना है। उससे एक दिन पहले मामले से जुड़े सूत्रों ने दावा किया है कि उनके संसदीय खाते से करीब 47 लॉग-इन दुबई से किए गए। उन्होंने मोइत्रा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने दुबई के एक जाने-माने व्यापारिक परिवार के वंशज कारोबारी दर्शन हीरानंदी के इशारे पर सवाल पूछने का आरोप लगाया है।

गोयल की मुसीबते बढ़ी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल और उनके परिवार के सदस्यों के साथ ही कंपनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने बुधवार को इस बारे में जानकारी दी। कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के तहत जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिवार के सदस्यों और कंपनी की 538 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। यह संपत्तियां लंदन, दुबई और भारत में स्थित हैं।

तीस्ता को राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें तीस्ता सीतलवाड़ और उनके पति जावेद आनंद को उनके एनजीओ सबरंग ट्रस्ट से संबंधित 1.4 करोड़ रुपये के कथित फंड गबन मामले में अग्रिम जमानत देने को चुनौती दी गई थी। न्याय मूर्ति एसके कौल की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने सीतलवाड और उनके पति को मामले के संबंध में गुजरात पुलिस के साथ सहयोग करने के लिए भी कहा।

नौ सालों में बांग्लादेश से तीन गुना हुआ व्यापार: पीएम मोदी

- मोदी और शेख हसीना ने तीन बड़ी परियोजनाओं का किया उद्घाटन
- हमारे रिश्ते लगातार नई ऊंचाईयां छू रहे हैं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के साथ बुधवार को संयुक्त रूप से तीन भारतीय सहायता प्राप्त विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

दोनों नेताओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए परियोजनाओं का उद्घाटन किया। ये तीन परियोजनाएँ हैं- अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन और मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट- II। परियोजनाओं के उद्घाटन पर पीएम शेख हसीना ने कहा कि मैं हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता के लिए अपना आभार व्यक्त करती हूं। पीएम ने कहा कि यह खुशी की बात है कि एक बार फिर हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए जुड़े हैं। हमारे रिश्ते लगातार नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। पिछले 9 वर्षों में हमने मिलकर जो काम किया है, वह इससे पहले के दशकों में भी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में हमारा आंतरिक व्यापार तीन गुना हो गया है। आज अखौरा-अगरतला रेल लिंक का उद्घाटन एक ऐतिहासिक क्षण है। यह बांग्लादेश और भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों के बीच पहला रेल लिंक है।

शेख हसीना ने पीएम मोदी को कहा थैंक्यू

पीएम मोदी के संबोधन के बाद बांग्लादेश की उनकी समकक्ष शेख हसीना ने भी संबोधन किया और पीएम मोदी का आभार जताया। भारत के सतत सहयोग के लिए कृतज्ञता जाहिर करते हुए हसीना ने कहा, मैं हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती के बंधन को मजबूत करने की आपकी प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करती हूं।

सिलेंडर महंगा

नई दिल्ली। आज से नवंबर का महीना शुरू हो गया है और दिवाली से पहले पहली तारीख को करवाचौथ त्योहार पर एलपीजी सिलेंडर पर महंगाई का बम फूटा है। दरअसल, पेट्रोलियम कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में एक बार फिर से तगड़ा इजाफा किया है। 1 नवंबर 2023 से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी गैस सिलेंडर 100 रुपये से ज्यादा महंगा हो गया है। हालांकि, 14.2 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अब एक सिलेंडर की कीमत इतनी आईओसीएल की वेबसाइट के मुताबिक, आज से 19 किलोग्राम वाला वाला कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर राजधानी दिल्ली में 1,833 रुपये से मिलेगा, जो कि पहले 1731 रुपये में मिल रहा था।

मराठा आरक्षण को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक

धैर्य बनाए रखे, हिंसा ठीक नहीं

- महाराष्ट्र की सभी पार्टियां मराठा आरक्षण के पक्ष में

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा बुधवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक मराठा आरक्षण को लेकर हो रहे प्रदर्शन से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में राकांपा प्रमुख शरद पवार सहित विभिन्न नेताओं ने भाग लिया। शरद पवार को मुख्यमंत्री के बगल में बैठे देखा गया।

वहीं, संजय राउत ने दावा किया कि मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में उनकी पार्टी के सांसदों और विधायकों को आमंत्रित नहीं किया गया है, जिसके बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे बैठक में मौजूद नहीं थे। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार ने केवल महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे को बैठक में बुलाया है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दल मराठा आरक्षण देने पर राज्य सरकार के साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि आज सर्वदलीय बैठक में मौजूद सभी दलों की राय मराठा समुदाय को आरक्षण देने पर थी। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठक में सभी इस बात पर सहमत हुए कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। यह निर्णय लिया गया कि आरक्षण कानून के दायरे में और अन्य समुदायों के साथ अन्याय किए बिना होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसको लेकर तेजी से काम चल रहा है। किसी के साथ भी कोई अन्याय नहीं होगा। शिंदे ने कहा कि इसके लिए समय दिया जाना चाहिए। सभी ने यह निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि जो भी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हो रही हैं, उनको लेकर सभी ने नाराजगी जताई है।

गाजियाबाद में सीएम योगी ने काइट स्टूडेंट्स को बांटी डिग्रियां

तकनीकी का प्रयोग करें पर उसका दास ना बने: योगी

- जनता पर परिवारवाद और जातिवाद पड़ गया भारी : सीएम

अवधनामा संवाददाता

गाजियाबाद। काइट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, दिल्ली-एनसीआर गाजियाबाद ने 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कैंपस में भव्य रजत जयंती समारोह और डिग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पूर्व योगी जी के साथ टीम संस्थान के नए शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन किया। कहा कि यूपी में भाजपा सरकार बनने से पूर्व अव्यवस्था एवं अराजकता का माहौल था, यूपी की जनता पर परिवारवाद और जातिवाद भारी पड़ गया और पूरा उत्तर प्रदेश पिछड़ता चला गया। 2014 से पहले यूपी के नागरिक अपनी पहचान छुपाते थे लेकिन आज यूपी के नागरिक गर्व से कहते हैं कि हम उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश वासियों को पहचान दिलाने का कार्य किया है। युवाओं के रोजगार सर्जन के लिए हर क्षेत्र में सरकार प्रयासरत हैं और जिसके लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिसका परिणाम हम सभी की सामने हैं। सीएम ने कहा तकनीकी का प्रयोग करें पर उसका दास ना बने। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 38 लाख करोड़ रूपये निवेश के प्रस्ताव आए, इससे 1 करोड़ 10 लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा। समाज के प्रत्येक तबके के नागरिकों के विकास के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी, द्रोण प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी पर फोकस करते हुए कहा कि वर्तमान समय में इन प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण स्थान है।

एक्यूआई जागरूकता में ढीले रवैये पर बॉम्बे हाईकोर्ट नाराज

फटकार

- अधिकारियों ने नहीं उठाए सख्त कदम

मुंबई। प्रदूषण के मुद्दे पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त तेवर दिखाएं हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक के हानिकारक स्तरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए अधिकारियों के ढीले रवैये पर हाईकोर्ट नाराज है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा, अधिकारियों ने इसके लिए कोई कदम नहीं उठाया है। पीठ ने मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार, केंद्र सरकार, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी), महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोटिस जारी किया। साथ ही कहा कि ये बताएं की उन्होंने समस्या के समाधान के लिए आखिर क्या किया है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने मुंबई में वायु प्रदूषण पर स्वतः संज्ञान लेते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की।

ICCJW
Uniting the World for Children with Enforceable International Law

CMS CITY MONTESSORI SCHOOL

CMS is organising the World's Biggest Conference of 245 Legal Luminaries — the
24th International Conference of Chief Justices of the World
on Article 51 of the Constitution of India
from 1st to 7th November 2023

(Above is the Last Year's Conference Photo)



65 PARTICIPATING COUNTRIES

245 Chief Justices, Judges, Nobel Peace Laureate, Presidents, Prime Ministers, Speakers of National Parliaments and Legal Luminaries from 65 countries of the World are participating in it.

— Dr Jagdish Gandhi
Convenor of the Conference & Founder-Manager, CMS

डीएम-एसपी ने दिलाई ट्रैफिक नियमों के पालन की शपथ

डीएम-एसपी ने दिखाई यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी

शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली जागरूकता रैली, किया जागरूक

बुधवार को पुलिस लाइन्स से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एएसपी नेपाल सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार, सीओ सदर संदीप सिंह की मौजूदगी में यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीएसआई के नेतृत्व में रैली में शामिल एनसीसी कैडेट्स व छात्र-छात्राओं में हाथों में यातायात जागरूकता की तख्तियां थामे यातायात जागरूकता का संदेश देते नजर आए। यह जागरूकता रैली पुलिस लाइन से जीआईसी तिरहा, चिकित्सालय घंटाघर तिराहा से होती हुई पुलिस लाइन में विसर्जित हुई। इस जागरूकता रैली में धर्मसभा इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, जीआईसी के छात्र शामिल हुए।

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। यातायात माह का बुधवार को पुलिस लाइंस में भव्य आगाज हुआ, जिसका शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद छात्र छात्राओं को ट्रैफिक नियमों को पालन करने की शपथ दिलाई।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपील की कि यातायात निमयों का पालन कर हादसों पर अंकुश लगाने में सहयोग करे। ओवर स्पीडिंग का कोई लाभ तो नही मिलता बल्कि खतरा जरूर बढ़ जाता है। हेलमेट को अपनी आदत व दिनचर्या में शामिल करे। डीएम ने मौजूद बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए यातायात नियमों का पालन जरूर करने की बात कही।एसपी गणेश प्रसाद साहा ने यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बताया कि भारतवर्ष में एक वर्ष में करीब 1.5 लाख लोग यातायात दुर्घटना में अपनी जान गवां देते हैं। यातयात माह मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य प्रतिवर्ष होने वाली दुर्घटना में मृत्युदर को कम किया जाना है। कुशल यातायात संचालन के लिए एसपी ने (4-E) कानसेप्ट का पालन किये जाने के सम्बन्ध में बताया। जहाँ पर सर्वप्रथम लोगों को यातायात नियमों के बारे में E-एजुकेट करना तथा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए यातायात संचालन में आने वाली E-इंजीनियरिंग सम्बन्धी समस्यों का निदान किया जाना तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध E-इनफोर्समेन्ट की कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं में चालान किये जाने के सम्बन्ध में बताया, जिससे प्रभावी यातायात नियन्त्रण हो सके साथ ही साथ चौथे E-इन्वायरमेन्ट को भी यातायात नियन्त्रण में महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में बताया। दुर्घटना में घायलों की गोल्डन ऑवर में मदद करते हुए शीघ्र हास्पिटल पहुंचाया जाये तथा प्राथमिक उपचार दिया जाये, जिससे घायलों की मदद हो सके। दुर्घटना में कानूनी अड़चनों के कारण बहुत से लोग पहले घायलों की मदद करने से कतराते थे। इस विषय पर भी एसपी ने बताया कि दुर्घटना में घायलों की मदद करने में अब कोई विधिक अड़चन नही है ऐसे में दुर्घटना में घायलों की मदद करने में जनसामान्य को भी आगे आना चाहिए तथा दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले व्यक्तियों को गुड सेमेरिटन के रूप में चुनाव किया जायेगा तथा ऐसे गुड सेमेरिटन का चुनाव करते हुए सरकार की योजना के तहत 5000/-रु का पुरुस्कार दिलाया जाये।कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नेपाल सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार ने भी यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम में सीओ सदर संदीप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स पवन भाटी, टीएसआई मनीष पाठक सहित बड़ी संख्या में 05 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

खीरी को मिली राजकीय परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात, डीएम-सीडीओ ने किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की जनपदीय राजकीय परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात मिली। विकास भवन में स्थापित इस परीक्षण प्रयोगशाला का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के संग राजकीय परीक्षण प्रयोगशाला में स्थापित आधुनिक उपकरणों का अवलोकन करते हुए न केवल पूरी वर्किंग समझी बल्कि एक सैंपल अपने सम्मुख परीक्षण भी कराया। उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के इंजीनियरों से कहा कि लैब की महत्ता और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता कायम रखते हुए लोगों की विश्वास पर खरे उतरना है।उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह प्रयोगशाला उनके कार्यों से जुड़ा है। उन्होंने प्रयोगशाला लोकार्पण होने पर सभी इंजीनियरों को बधाई और शुभकामनाएं दी और उम्मीद जतायी कि इसका भरपूर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशाला निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मील का पत्थर साबित होगी।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इस जनपद स्तरीय परीक्षण प्रयोगशाला में निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले मटेरियल यथा इंटरलॉक, ईंट, सीमेंट, सैंड, कंक्रीट आदि की गुणवत्ता की सटीक जांच होगी, इसे ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सुनिश्चित कराएगा। नवनिर्मित प्रयोगशाला में निर्माण कार्य के विभिन्न सामग्रियों के परीक्षण हेतु उपकरणों का व्यवस्थित समायोजन हो गया है। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डीसी विपिन चौधरी राजेंद्र श्रीवास, ईई आरईडी हेमंत सक्सेना, समस्त बीडीओ सहित विकास भवन के सभी अफसर मौजूद रहे।

01 अदद तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त सुशील पुत्र राममूर्ति निवासी ग्राम बड़ी खांभी थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया जिसके संबंध में अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 542/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करके विधिक कार्यवाही की जा रही है।

ब्लॉक में आयोजित ब्लॉक दिवस के मौके पर मात्र एक ही शिकायत हुई प्राप्त

महराजगंज, रायबरेली। ब्लॉक में आयोजित ब्लॉक दिवस के मौके पर मात्र एक ही शिकायत प्राप्त हुई। जिसका अधिकारियों ने त्वरित निस्तारण कर दिया। अधिकारी दिनभर फरियादियों की बाट जोहते रहे, किंतु एक ही मामला प्रस्तुत हुआ।

आपको बता दें कि, महराजगंज ब्लॉक दिवस की अध्यक्षता पीडी राजेश कुमार मिश्रा ने की। कार्यक्रम में मझगवां गांव के राम सिंह ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर परिवार रजिस्टर से अपना नाम पृथक किए जाने की मांग की। मौजूद अधिकारियों ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को बुलाकर मौके पर ही मामले का निस्तारण कर दिया।

इस मौके पर एडीओं पंचायत सतीश कुमार चतुर्वेदी, राजेश कुमार मिश्रा (पीडी), अरुण कुमार श्रीवास्तव सहायक विकास अधिकारी सहकारिता, सर्वोत्तम सिंह ग्राम विकास अधिकारी, वैभव मिश्रा ग्राम विकास अधिकारी, अजीत कुमार ग्राम विकास अधिकारी, मयंक शुक्ला ग्राम पंचायत अधिकारी, अरुण कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

यातायात जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज,रायबरेली। यातायात सप्ताह पखवाड़े के प्रारंभ होने के अवसर पर न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज आफ हायर एजुकेशन के एन.सी.सी. महाविद्यालय के पास से गुजरने वाले राहगीरों को एन.सी.सी . कैडेट्स ने ÷जानकारी ही बचाव है÷ के अंतर्गत मादक पदार्थ के सेवन से होने वाली हानियां की जानकारी दिया। छात्रों ने सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा, नजर हटी

दुर्घटना घटी ,दुर्घटना से- देर भली आदि नारों का जयघोष किया । इस कार्यक्रम का संयोजन एन.सी.सी.प्रभारी लेफ्टिनेंट सौरभ कुमार के द्वारा किया गया इस अवसर पर डॉ. अरुण चौधरी, गौरव मिश्रा, प्रवीण शर्मा, उदय सिंह प्राध्यापकों के साथ रितिक सिंह ,महिमा ,अंबुज वर्मा, शालिनी, शिवानी, अंशिका, अश्विनी, प्रिंसी, रत्ना सोनम आदि एन.सी.सी.कैडेट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. शिव ओम श्रीवास्तव एवं डी. एल . एड.प्राचार्य धीरेंद्र सिंह के द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाई गई ।बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वाले लोगों को छात्रों द्वारा हेलमेट लगाने का आग्रह करने के साथ ही यातायात के नियमों की सामान्य जानकारी दी गई इसी के साथ ही नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत

बाबा साहब के संविधान से महिलाएं शिखर पर: अजीज

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पी0जी0 कॉलेज मुरादनगर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय- डॉ0 भीमराव अम्बेडकर और महिला सशक्तिकरण था। बरेली से आये शिक्षाविद् कवि अखिलेश अजीज इलाहाबादी मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा नारी के उत्थान में बाबा साहब ने वह शक्ति दी है जिससे समस्त भारतीय महिलाएं उत्थान के शिखर पर निरन्तर अग्रसर है। बीज वक्तव्य रखते हुए हिन्दी विभाग के रमाकान्त ने कहा हिन्दू कोड बिल तथा संविधान में वर्णित अनु0 14 से 16 तक में नारियों के अधिकारों की विस्तृत व्याख्या है। विशिष्ट अतिथि सुशील हंस ने कहा बाबा साहब के दिये संविधान से ही महिलाओं को सशक्तिकरण हो रहा है। प्रबन्धक डॉ0 महेश प्रसाद ने कहा बाबा साहब ने महिलाओं के उत्थान के लिए जो कार्य किया है वह आज तक किसी ने नहीं किया। संचालन कर रहे हिन्दी विभाग से सुरेश सौरभ ने कहा वर्तमान समय में जो सभी वर्गों की महिलाएं तरक्की कर रही है वह सब बाबा साहब के संविधान का ही करिश्मा है। विशिष्ट अतिथि आर0डी0 बौद्ध ने कहा स्त्री अंधविश्वासों और आडम्बरों से दूर रह कर तरक्की पा सकती है। इसके लिए संविधान ने महिलाओं को बहुत सशक्त किया है। प्राचार्य डॉ0 कैलाश नाथ ने आये अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए हिन्दी साहित्य में स्त्री विमर्श की बात करते हुए बाबा साहब के संविधान की शक्तियों की चर्चा की। विदुषी दया शुक्ला, आर0सी0 वर्मा ने

भी संगोष्ठी में विचार प्रकट किये। अध्यक्षता आर. सी.करुणाकर ने की। अतिथियों का सम्मान महाविद्यालय के निदेशक विजेन्द्र सिंह ने किया। संगोष्ठी में कवि शायर शमीउल्ला शमी ने स्त्री विमर्श पर कविताएं सुनाई। मुख्य अतिथि ने शमी को सम्मानित किया। कॉलेज संरक्षिका उर्मिला देवी, उप प्राचार्य जितेन्द्र सिंह, रमेश कान्त, कौशल किशोर, सर्वेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, लक्ष्मी राज, अखिलेश कुमार, मुकेश कुमार, डॉ0 श्री प्रकाश, विशाल बाजपेयी, आकाश यादव, प्रीतम जायसवाल, युवा कवि अमन पाण्डेय सहित भारी संख्या में विद्यार्थी व स्टाफ संगोष्ठी में मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष व कोतवाल के एसपी ने किए स्थानांतरण

सीतापुर। एसपी चक्रेश मिश्रा ने थानाध्यक्ष व कोतवाल के स्थानांतरण किए हैं। एसपी ने सिधौली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह को स्थानांतरित कर सदरपुर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। सदरपुर थानाध्यक्ष अजय रावत को स्थानांतरित करते हुए मिश्रित कोतवाली का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया है।

एसपी ने सोशल मीडिया सेल के प्रभारी नीरज सिंह को खैराबाद थाने में अतिरिक्त निरीक्षक पद पर तैनात किया है। एसपी ने रामकोट थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह को स्थानांतरित करते हुए सिधौली कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। पुलिस लाइंस में तैनात बलवंत शाही को थाना रामकोट का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। वहीं पुलिस लाइंस में तैनात प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव को स्थानांतरित कर इमलिया सुल्तानपुर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। वहीं इमलिया सुल्तानपुर थानाध्यक्ष पद पर तैनात उप निरीक्षक अरविंद कुमार को महमूदाबाद कोतवाली में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया है।

वर्तमान भाजपा सरकारों में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अराजकता की सारी हदें पार: राकेश त्रिवेदी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महाराज ने कहा है कि, वर्तमान भाजपा सरकारों में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अराजकता की सारी हदें पार दी हैं। आज जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। भाजपा सरकार के शासन में विकास कार्य ठप हो चुके हैं। सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार चरम पर है। आम आदमी की बात सुनने वाला कोई नहीं है। सभी लोग हैरान व परेशान हैं। अब जनता ने मन बना लिया है कि, 2024 के आम चुनाव में भाजपा को केंद्र और प्रदेश दोनों जगहों से उखाड़ फेंकना है। राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महाराज ओसाह में नवनिर्मित पंचायत भवन में जिला उपाध्यक्ष बनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

आपको बता दें कि, समाजवादी पार्टी द्वारा राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महाराज को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति के बाद वह पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- आज पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। अपराध चरम पर हैं। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है।

उन्होंने दावा किया है कि, आगामी जो भी चुनाव होगा, उसमें भाजपा प्रत्याशियों की हार होगी, और देश में इंडिया गठबंधन अपनी सरकार बनाएगा। वहीं प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी, तब जाकर जनता को इन मुसीबत से मुक्ति मिलेगी।

उन्होंने पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में रायबरेली लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि, उनकी पार्टी हाई कमान का जो भी आदेश-निर्देश होगा उसके मुताबिक रायबरेली में काम किया जाएगा। अगर पार्टी अपना प्रत्याशी उतरती है तो हम लोग जी-जान से अपने प्रत्याशी को रिकॉर्ड तोड़ मतों से जितने के लिए धरातल पर काम करेंगे।

सुस्त रफ्तार में चल रही धान खरीद

सीतापुर। महोली - पिसावा और एलिया विकास खंड क्षेत्रों में धान खरीद बेहद सुस्त चल रही है। इनमें महोली क्षेत्र में 9 धान क्रय केंद्र खोले गए हैं। जिनके माध्यम से किसानों से धान की खरीद की जाती है। उधर पिसावां ब्लॉक क्षेत्र में 9 केंद्र धान खरीद के लिए स्थापित किए गए हैं। एलिया ब्लॉक में भी धान केंद्र संचालित हो रहे हैं।

किसानों का कहना है कि जिस रफ्तार से धान की खरीद हो रही है। उससे यह नहीं लगता कि निर्धारित लक्ष्य पूरा हो सकेगा। महोली के खाद एवं रसद विभाग द्वारा अभी तक मात्र 300 कुंटल धान की खरीद हुई है। वही भुड़कुडा में 60 कुंतल धान खरीदा गया है। वही ब्लाक पिसावा के खाद रसद विभाग केंद्र पर अभी तक 35 कुंतल के करीब खरीद की गई है।

डीएम व एसपी ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। सिविल लाइन्स पुलिस चौकी के पास बुधवार कोयातायात माह का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा ने आमजनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुक करने व सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से फीता काटकर यातायात माह का शुभारंभ किया।

इस मौके पर डीएम अनुज सिंह एवं एसपी चक्रेश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरुकता प्रचार वाहन को रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि चौपहिया वाहन पर सवार सभी व्यक्तियों को सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। वहीं दो पहिया वाहन सवार को हेलमेट प्रयोग करना चाहिए। एसपी चकेंश मिश्रा ने कहा कि अधिकतर दुर्घटनाएं यातायात नियमों को तोड़ने की वजह से होती हैं। वाहन की रफ्तार को तय सीमा में ही रखें। कभी भी गलत दिशा में वाहन को न दौड़ाएं। स्कूल आदि संस्थानों को देखकर वाहन की रफ्तार कम कर लें। इसी क्रम में समस्त अधिकारियों द्वारा स्वयं के जीवन को खतरे में न डालने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी। बिना हेलमेट के मोटर वाहन चला रहे लोगो को रोककर उन्हें हेलमेट प्रदान करते हुए हेलमेट लगाने की अपील की गयी। इस मौके पर एएसपी एनपी सिंह, प्रकाश कुमार, सीओ सुशील कुमार,यादवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

सुहागिनों ने रखा करवा चौथ व्रत

सीतापुर। करवा चौथ पर्व को लेकर सुहागिनों ने खासी तैयारी कर रखी थी। मंगलवार को व्रत संबंधी सामग्री खरीद ली थी। बुधवार को पूरा दिन निर्जला व्रत रखा। शाम को चंद्र दर्शन व पूजन के साथ व्रत को संपन्न किया।

करवा चौथ पर्व के चलते बुधवार को बाजार में भी रौनक रही। महिलाओं ने ब्यूटी पार्लर पहुंचकर मेकअप करवाया, हाथों में मेहंदी रचाई। शाम चंद्र उदय से पहले ही पूजन की तैयारी की। सुहागिनों ने सोलह श्रंगार करके व्रत का रस्म निभाई। चंद्रयोदय होने पर चांद को अर्घ्य देकर पूजन किया। पति की आरती उतारी और पति के हाथ से मिठाई खाकर व पानी पीकर व्रत को संपन्न किया। इस व्रत में सुहागिनों ने अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। कुल मिलाकर बुधवार को पूरे जिले में करवा चौथ पर्व की धूम रही।

सुहागिनों ने किया सामूहिक पूजन

करवा चौथ पर्व पर गांवों, मुहल्लों, कॉलोनियों के अलावा मंदिरों में सामूहिक रूप से पूजन अर्चन किया गया। महिलाएं सज संवर कर एक पास एकत्र हुई परंपरिक कथा सुनकर सुनकर चंद्रमा का पूजन किया। पति ने पत्नी को पानी पिलाकर व्रत पूरा कराया। उपहार दिया और हमेशा साथ रहने का वादा किया।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके के बेलगवां गांव निवासी मुनीश पुत्र हीरालाल बाइक से पिसावां की तरफजा रहा था। रास्ते में पिसावां थाना क्षेत्र में हजियापुर के निकट महोली की तरफजा रही कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल से एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कथा सुनने को जुटे श्रद्धालु

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। दिलावलपुर पिसावां में भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचिका ज्योतिमा शास्त्री ने कहा कि कथा मनुष्य की अज्ञानता को दूर कर ज्ञान का संचार करती है। कथा मनुष्य के अंदर चल रही अनेकों शंकाओं का समाधान सन्मार्ग पर चलने के लिए मार्ग प्रशस्त करती है।

उन्होंने कहा कि कथा सुनने का सौभाग्य भी सभी लोगों को नहीं मिलता। जब परमात्मा की कृपा होती है तभी कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि राजा उत्तानपाद की प्रिय रानी सुरुचि से उत्तम व सुनीति ध्रुव पैदा हुए। एक बार राजा उत्तानपाद अपनी प्रिय रानी सुरुचि को लेकर सिंहासन पर बैठकर अपने उत्तम पुत्र को से लाड प्यार कर रहा थे। उसी समय सुनीति का पुत्र अपने पिता की गोदी में बैठने की जिद करने लगा। उत्तानपाद तो ध्रुव को बैठाना चाहे, लेकिन सुरुचि की क्रोध भरी निगाहों को देखकर उत्तानपाद ने अपनी गोदी में नहीं बैठाया। बार-बार ध्रुव के जिद करने पर सुरुचि ने कहा कि तुम यहां से भाग जाओ। राजा के गोद में अगर बैठने की इतनी ही लालसा है तो जंगल में जाकर भगवान की आराधना करो और जब भगवान प्रसन्न हो जाएं तो उनसे वरदान मांगना कि मुझे सुरुचि के गर्भ में पैदा करें। तब तुम राजा के गोद में बैठने का अधिकारी होगे। ध्रुव ने जंगल में जाकर नारद जी के बताए हुए मंत्रों द्वारा छह महीने में भगवान को प्रसन्न कर दर्शन प्राप्त कर लिए।

अवैध तमंचे के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। थाना सकरन की पुलिस टीम ने सांडा- सकरन मार्ग पर पंचम पुरवा मोड़ के निकट

चेकिंग के दौरान सुरेन्द्र पुत्र परमेश्वर निवासी ग्राम पंचमपुरवा मजरा प्यारापुर थाना सकरन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया। पुलिस का कहना है कि सुरेंद्र शातिर अपराधी है। वह थाने का हिस्ट्रीशीटर है। जिसके विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत हैं। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में पुलिस ने सकरन थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

जागरुकता रैली को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। यातायात जागरूकता माह के कार्यक्रम का बुधवार को नगर के सक्सेना चौराहे पर जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। साथ ही जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया और लोगों को हेलमेट व सीट बेल्ट के बिना यात्रा न करने की सलाह दी गई। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हेलमेट आवश्यक ही नही अनिवार्य भी है। अपने घर से दोपहिया वाहन पर निकलते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाएं। हेलमेट आपके जीवन साथी का कार्य करता है, जो आपके अपने गंतव्य पर पहुंचने व वापस अपने घर सुरक्षित पहुंचने में सहायता करता है। उन्होंने जागरूकता अभियान में एनसीसी कैडेटों द्वारा बडचढ कर

हिस्सा लेने हेतु धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तूभ द्वारा वर्षवार तुलनात्मक दुर्घटना में इस वर्ष कमी पर सन्तोष जाहिर करते हुए कहा कि हमारे पुलिस अधिकारियों व जवानों द्वारा जागरूकता पैदा करने व बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने पर टोकाटाकी से आज अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष दुर्घटना में कमी आई है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाने में सावधानी बरतें व नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने को कदापि न दें।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद महाराजगंज के पूर्व चेयरमैन कृष्ण गोपाल जायसवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी का संचालन आरआई द्वारा किया गया तथा भारी संख्या में आमजन व एनसीसी के कैडेट्स ने भाग लिया। अन्त में अतिथियों के प्रति सीओ सदर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित ने किया गया।

अहंकार न करने वाला व्यक्ति प्रभु को सर्वाधिक प्रियः कामेश्वर शास्त्री

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज क्षेत्र के अगया गांव में अयोध्या से पधारे कामेश्वर शास्त्री ने कराया कथा का रसपान

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज क्षेत्र के अगया गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मंगलवार की रात अयोध्या से पधारे कामेश्वर शास्त्री ने कहा कि निरंतर प्रभु नाम का स्मरण भजन है। प्रभु के रूप में रुचि ही भजन है। साधक के लिए तो प्रभु प्रसन्नता के लिए प्रेमपूर्वक किया हर कार्य भजन है। कामनारहित प्रेम ही भजन है। कथावाचक ने लोगों को अहंकार से बचने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग दिन-रात प्रयास करते हैं कि उन्हें किसी तरह उच्च पद मिल जाए। खूब सारा पैसा हो और आराम की जिन्दगी जियें। जब ये सब प्राप्त हो जाता है तो इसे ईश्वर की कृपा मानने की बजाय अपनी काबिलियत और धन पर इतराने लगते हैं। जबकि संसार में किसी चीज की कमी नहीं है। अगर आप धन का अभिमान करते हैं तो देखिए आपसे धनवान भी कोई अन्य है। विद्या का अभिमान है तो ढूंढ़कर देखिए आपसे भी विद्वान मिल जाएगा। इसलिए किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो लोग अहंकार त्याग देते हैं वही महापुरूष कहलाते हैं। इस दौरान धर्मेंद्र पाण्डेय, सुरेन्द्र मोहन, आरती पाण्डेय, डम्पू पाण्डेय, कुलदीप पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, अजय, सचिन आदि मौजूद रहे।

कोर्ट से फरार आरोपी पर 50 हजार का इनाम घोषित

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। बसपा नेता कुख्यात अपराधी आगरा जेल में बंद अनुपम दुबे के भाई अनुराग उर्फ बबन दुबे पर मोहम्मदाबाद कोतवाली में मुकदमा आर्म्स एक्ट के आरोपी अनुराग दुबे उर्फ बबन पुत्र महेश चंद्र दुबे निवासी सहसापुर कोतवाली मोहम्मदाबाद ने पुलिस और न्यायालय से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा है।आरोपी पर पहले 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।अभी तक न्यायालय में हाजिर न होने के कारण पुलिस महानिरीक्षक कानपुर द्वारा 50 हजार का इनाम घोषित किया गया। इससे पहले उनके घर की कुर्की भी की जा चुकी है। अभी तक इस परिवार की लगभग 100 करोड़ से अधिक संपत्ति की कुर्की की जा चुकी है।पुलिस द्वारा लगातार इस परिवार पर कार्रवाई की जा रही है।पुलिस द्वारा इससे पहले डॉ अनुपम दुबे के श्री गुरु शरणम पैलेस को भी ध्वस्त किया जा चुका है।

बकरी चराने गयी किशोरी को दम्पति ने पीटा, केस दर्ज

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। गीडा थाना क्षेत्र के एकला में बकरी चराने गयी 12 वर्षीय किशोरी की गांव के ही एक दम्पत्ति द्वारा पिटाई करने का मामला सामने आया है। किशोरी की माँ शिला देवी पत्नी मिथलेश निवासी तेनुआ ने गीडा पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि बीते 30 अक्टूबर को उनकी 12 वर्षीय लड़की बकरी चराने गयी थी, वही गांव के सोहन द्वारा उसे मोटकी कहकर चिढ़ाया जा रहा था। जिसपर लड़की ने गाली देना शुरू कर दिया। आरोप है कि सोहन उसके बाद अपनी पत्नी के साथ मिलकर किशोरी को बुरी तरह पीटा जिससे किशोरी घायल हो गयी। किशोरी की माँ ने पुलिस को बताया कि अगले दिन 31 अक्टूबर को वह उलाहना लेकर गयी तो सभी ने उसे भी मारापीटा। इस मामले में गीडा पुलिस ने एकला गीडा निवासी सोहन, सोहन की पत्नी और सोहन के लड़के पैट मारपीट धमकी देने का केस दर्ज किया है।

श्रमिक की पत्नी से सत्यवीर मांग रहे रिश्वत

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। जनपद के थाना जहानगंज क्षेत्र के महरुपुर बीजल की रहने वाली हैं। पीड़िता संपत्ति पत्नी स्वर्गीय पप्पू के पति निर्माण श्रमिक थे। जो लेवरी का कार्य करते थे। जिनकी मृत्यु के बाद श्रम विभाग से मृत्यु योजना का लाभ दिया गया है। जांच के बाद अधिकारियों ने कहा था कि किसी को कोई रिश्वत नहीं देनी है परंतु सत्यवीर पुत्र लज्जाराम निवासी मेदा श्यामपुर पहली किस्त के 25000 और दूसरी है। किस्त के 25000 रुपए है तो लगातार धमकाया जा रहा है। मेरे व मेरे बच्चों को लगातार रुपए देने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़िता ने कहा है कि सत्यवीर पुत्र लज्जाराम निवासी मेदा श्यामपुर के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है ताकि बच्चों के साथ कोई अनहोनी ना हो और उसकी जिम्मेदारी प्रशासन को होगी।

भैरव घाट पुलिस चौकी का एसपी ने किया लोकार्पण

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। भैरवघाट पुलिस चौकी का पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने लोकर्पण किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस चौकी के स्थापित हो जाने से आस पास के दर्जनों गांव के आम जन मानस को पुलिस सेवा का समय से लाभ मिल सकेगा। थाना कादरी गेट के तहत गंगा किनारे भैरव घाट मन्दिर के निकट भैरवघाट चौकी का बुधवार को फीता काटकर एसपी विकास कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह नें लोकार्पण किया। एसपी नें बताया कि चौकी पर जल्द उपनिरीक्षक की तैंनाती की जायेगी। भैरव मन्दिर कमेटी ने चौकी निर्माण में काफी सहयोग दिया।

लेखपाल पट्टदारो को भूमि नहीं जोतने दे रहे, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। जनपद के ग्राम समैचीपुर परगना कम्पिल तहसील कायमगंज शमशाबाद के भूमिहीन व गरीब व्यक्तियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। जिसमें उनका कहना है कि पीड़ितो की बाढ़ आने के कारण ग्राम समिति प्रचार सुलेमान पूर्व समैचीपुर तराई की जमीन गंगा नदी में कट गई है। जो की ग्राम वासियों ने प्रार्थना पत्र एसडीएम को दिया था। उनके बच्चों को देखते हुए। दया दृष्टि करते हुए एसडीएम संजय सिंह ने कानूनगो व लेखपालों को आदेश दिया था कि जिन लोगों की भूमि कट गई है उन सभी को पट्टे दिए जाएं। पूर्व लेखपालों ने मौके पर जाकर पट्टेदार जाबिर पुत्र बख्तर, अनीश पुत्र अमीन खान, कपी पुत्र लुक्खा, जैला पुत्र शाहनवाज सहित लगभग 20 पट्टे नापकर मौके पर कब्जा दखल दिया था तब से पट्टे धारक बेहटा निहाल नदी के किनारे दिए थे। लेखपाल सुधीर पाठक, देवेंद्र लेखपाल, विजयपाल सिंह कानूनगो ने सभी पट्टे धारकों को मौके पर पट्टे दिए थे। व कब्जा कराया था। कुछ पट्टे दिए थे। तब से पटटे धारक जोतते चले आ रहे हैं। अब विमल लेखपाल जो कि वर्तमान में गांव का लेखपाल है । सभी पटटेदारों को जो पहले भूमि दी गई थी ।उसको जोतने व बोने से रोक रहे हैं व हर पट्टधारक से 10-10 हजार रुपए मांगते और कहते हैं कि जब 10 हजार दोगे तब खेत वाली भूमि को जोतने देंगे। वर्तमान लेखपाल वहां पर आपस में पटटे धारकों में विवाद करवा देंगे।

शिक्षकों की उपस्थिति में सुधार लाया जायेः डीएम

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, मिड-डे-मील टास्क फोर्स बैठक की समीक्षा के दौरान उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर विद्यालयों में शिक्षण कार्य के साथ-साथ शैक्षिक वातावरण सृजन करने, विद्यालय में मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में अपना बेहतर योगदान दें, सभी विद्यालय 19 पैरामीटर से संतृप्त हों, विद्यालयों में फर्नीचर की उपलब्धता हेतु क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों का भी सहयोग लिया जाये, विद्यालयों में पंजीकृत छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों की उपस्थिति में सुधार लाया जाये, रसोई, विद्यालय कक्ष, परिसर में साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्ध हों। उन्होने खंड शिक्षाधिकारियों, जिला समन्वयक को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिमाह विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यालयों में पठन-पाठन के साथ मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खंड शिक्षाधिकारियों, जिला समन्वयक द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है, जिस कारण कई विकास खंडों में छात्रों, शिक्षकों की उपस्थिति निराशाजनक है। श्री सिंह ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विकासखंड मैनपुरी, सुल्तानगंज में पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष मात्र 70 प्रतिशत छात्र विद्यालयों में उपस्थित हो रहे हैं जबकि जबकि सबसे छोटे विकासखंड जागीर में छात्रों की उपस्थिति 78 प्रतिशत है। उन्होंने खंड शिक्षाधिकारी जागीर की टीम द्वारा छात्रों की उपस्थिति के लिए किये गये बेहतर प्रयासों की प्रशंसा करते हुए अन्य खंड शिक्षाधिकारियों से कहा कि प्रत्येक विकासखंड में पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष कम से कम 80 प्रतिशत की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि विकासखंड बेवर, जागीर, घिरोर, मैनपुरी अर्बन में अध्यापकों की उपस्थिति भी 90 प्रतिशत से कम है, सबसे खराब स्थिति विकासखंड बेवर में मात्र 85 प्रतिशत, बरनाहल में 86 प्रतिशत है, बेसिक शिक्षाधिकारी, खंड शिक्षाधिकारी इस ओर ध्यान देकर अध्यापकों की उपस्थित में सुधार लाएं। उन्होने खंड शिक्षाधिकारियों से कहा कि खंड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सभी विद्यालयों को 19 बिंदुओं से संतृप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पंजीकृत छात्रों का आधार सीडिंग न होने के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, आधार सीडिंग में ज्योति खुड़िया, विकास खंड बरनाहल, करहल की प्रगति निराशाजनक है, खंड शिक्षाधिकारी प्रगति सुधारें।

विदेश भेजने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

अवधनामा संवाददाता

बुलन्दशहर के कबूतरबाज पर केस दर्ज

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के तेनुआ गांव के एक युवक को कबूतरबाज ने डेढ़ लाख रूपए का चूना लगा दिया। नौकरी नहीं मिलने पर युवक ने आरोपित के घर पहुंच रकम वापस मांगी तो मनबढ़ ने सरेआम जान से मारने की धमकी दी। मंगलवार को गीडा थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।तेनुआ निवासी गुड्डू कन्नौजिया ने अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर मण्डल को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह बेरोजगार है। उसे नौकरी की जरूरत थी, इसी बीच उनके जानने वाले शिवबदन ने बुलन्दशहर जिले के रहने वाले सलमान से गुडडू कन्नौजिया का परिचय कराया और दो लाख में विदेश भेजने की बात हुई, जिसके बाद पीड़ित गुड्डू कन्नौजिया ने सलमान को 1 लाख 35 हजार यूपीआई से खाते में भेजा और 15000 नगद टिकट और मेडिकल के लिये लिया। पीड़ित के अनुसार उसे 28 जुलाई को बैंकाक भेजा जाना था वह कलकत्ता एयरपोर्ट गया जहां पता चला कि वीजा और टिकट फर्जी है। पीड़ित ने जब सलमान से पैसा वापसी की मांग को लेकर घर पहुंचा तो वह खुलेआम सलमान ने जान से मारने की धमकी दी और कहा कि जाओ पैसा नही देंगे। अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर गीडा पुलिस ने आरोपी सलमान पुत्र फारूक निवासी नया गांव धमेडा अड्डा,कोतवाली बुलदंशहर, और शिवबदन पर धारा 420,406,506 के तहत केस दर्ज किया है।

अतिक्रमण की चपेट में नगर बढ़ी जाम की समस्या

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। स्थानीय प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण नगर में अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद हैं। जिसके कारण सड़कें संकरी हो गई हैं और जाम की समस्या बढ़ गई है। शासन की ओर से निर्देश जारी किया गया था कि नगरों में सड़कों के किनारे अवैध रूप से कहीं वाहन नहीं खड़े रहने चाहिए इन वाहनों की वजह से हो रही जाम की समस्या के दृष्टिगत आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने का भी निर्देश दिया गया। लेकिन नगर अमेठी में इस आदेश का अनुपालन कहीं होता दिखाई नहीं दे रहा है नगर के विभिन्न मार्गो पर सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े दो पहिया चार पहिया वाहन दिखाई देते हैं जिनसे जाम की समस्या और बढ़ जाती है।

पुलिस फुट पेट्रोलिंग करती जरूर है लेकिन इस तरफ कोई पहल होती नहीं दिखाई दे रही है इस समय त्योहारों के कारण लोगों का आवागमन बढ़ा है लिहाजा जाम भी अधिक लग रहा है। नगर के गांधी चौक से सागरातिराहा तक और इधर चौक से रोडवेज बस स्टॉप पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस जूनियर हाई स्कूल तक तथा सबसे अधिक समस्या डाकखाना तिराहा रजिस्ट्री ऑफिस के सामने होती है जहां सैकड़ों की तादाद में वाहन सड़क के किनारे पर खड़े रहते हैं। इसी तरह तहसील के सामने भी वाहनों की कतार लगी रहती है। ककवा रोड पर ओवरब्रिज निर्माण लगभग लगभग पूरा हो चुका है इस मार्ग पर भी बेतरतीब वाहन खड़े देखे जाते हैं इसके अलावा चार पहिया वाहन खड़े करके लोग दुकानों पर खरीददारी करते हैं और सामान उतारने का भी काम करते हैं इन सब के कारण प्रायः राहगीर जाम में फँस कर कराहते रहते हैं।

271 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता

शुक्रवार को करेंगे 140 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण

चंपा देवी पार्क में जनसभा को संबोधित करेंगे सीएम

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 नवंबर (शुक्रवार) को गोरखपुर जिले को करीब 271 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। वह छह कार्यदायी संस्थाओं की 221.10 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण 89 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा आठ कार्यदायी संस्थाओं की 49.48 करोड़ रुपये की लागत वाली 51 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। लोकार्पण व शिलान्यास का यह कार्यक्रम रामगढ़ताल के समीप चंपा देवी पार्क में होना प्रस्तावित है।

गोरखपुर के अपने दौरे पर प्रायः विकास कार्यों की बौछार करने वाले सीएम योगी नवंबर माह के दौरों की शुरुआत भी उपहार देकर करेंगे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली विकास परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड की 4, लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड तीन की 8, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की 6, यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड की 1, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड की 20 और जल निगम ग्रामीण की 50 परियोजनाएं शामिल हैं। जबकि शिलान्यास वाली परियोजनाओं में से 12 की कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड, 1 की लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड, 1 की सीएण्डडीएस (14), 4 की पुलिस आवास निर्माण निगम, 1 की यूपी सिडको, 2 की यूपीसीएलडीएफ, 4 की ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, व 26 की कार्यदायी संस्था नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड है।

घर-घर नल से शुद्ध जल पहुंचाने पर खासा जोर

शुक्रवार को मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली विकास परियोजनाओं में सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की हैं। कुल 50 परियोजनाओं पर 184 करोड़ 90 लाख 36 हजार रुपये खर्च कर 50 ग्राम पंचायतों में घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पेयजल की इन नई परियोजनाओं से पिपराइच, केम्पियरगंज, गोरखपुर ग्रामीण, चिल्लूपार, खजनी, चौरीचौरा, बांसगांव विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। उल्लेखनीय है कि सरकार हर गांव को नल से जल योजना के दायरे में लाने का कार्य कर रही है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विगत छह माह में 2800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास कर चुके हैं। 2 सितंबर को उन्होंने 193 गांवों के लिए 567.21 करोड़ रुपये तथा 20 जून को 623 गांवों के लिए 2245.28 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास किया था।

युवाओं को उनके रूचि के अनुसार स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हुनरमंद बनाया जायेः डीएम

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने ग्रामीण स्वःरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के तत्वाधान में सिलाई ट्रेड में 12 प्रशिक्षित युवतियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुये कहा कि ग्रामीण स्वः रोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों के बेरोजगार युवाओं की पहचान, प्रशिक्षण प्रदान कर उनको स्वःरोजगार स्थापित करने में मद्द कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है ताकि वह स्वःरोजगार स्थापित कर सकें। उन्होने आरसेटी के अधिकारियों से कहा कि शिक्षित बेरोजगारों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर स्वःरोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर सहयोग लिया जाय, सुनिश्चित किया जाये कि विभिन्न ट्रेडों में प्रदान किये जाने वाले प्रशिक्षण कुशल प्रशिक्षकों की देख-रेख में हों, ग्रामीण बेरोजगार युवक, युवतियों को स्वःरोजगार स्थापित करने की पूरी प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जाये। श्री सिंह ने कहा कि युवाओं को उनके रूचि के अनुसार स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हुनरमंद बनाया जाये। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक-युवतियों को ग्रामीण विकास विभाग के गाइडलाइन का पालन किया जाये, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जॉब कार्ड धारकों, बीपीएल राशन कार्ड धारकों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाये, आरसेटी द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षण के बारे में गांव-गांव कैंप लगाकर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराया जाये ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवतियां लाभान्वित हो सकें। जनपद में फूड प्रोसेसिंग, दूध के प्रोडक्ट, गोबर से रंग, झाड़ू, अचार बनाये जाने के भी प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु बैच प्रारंभ किये जायें। उन्होने सभी प्रशिक्षुओं का आह्वान करते हुये कहा कि प्रशिक्षण का लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित करें, अपने तथा अपने परिवार का पालन पोषण कर परिवार की प्रगति में भागीदार बनें, केन्द्र, प्रदेश सरकार द्वारा प्रशिक्षित नौजवानों को बैंकों द्वारा सस्ते दर पर उद्योगों की स्थापना हेतु ऋण प्राथमिकता पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

शिल्पा गांधी द्वारा घर पर आयोजित करवा चौथ पूजा में बहुत सारी महिलाएं अपने पतियों के लिए पूजा के लिए बहुत सुंदर तरीके से तैयार हुई। भाभी मिकाशा का पहला करवा पूजन था। मिंटी, तनु, गीता, राशी और कई अन्य महिलाएं पूजन में शामिल हुईं।

आतिशबाजी की दुकाने लगवाए जाने के संबंध में दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। जनपद के अस्थाई फुटकर आंतशवाजी की बिक्री हेतु स्थान नवदिया के रामचंद्र समाधि के सामने खाली जगह पर दुकान हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अस्थाई फुटकर आंतशवाजी की दुकान लगाना चाहते हैं। काफी मात्रा में खाली जगह पड़ी हुई है। जिसमें हम सभी फुटकर विक्रेता अग्नि समन के पुख्ता इंतजाम करते हैं। प्रशासन की आज्ञा का पालन भी करते हैं। नवदिया में जहां पर आंतशवाजी की दुकान लगाई जाती हैं। वहां पर किसी व्यक्ति ने कोई आपत्ति जाहिर नहीं की है। आतशवाजी की दुकानें नवादिया एवं रोडवेज वर्कशॉप में नहीं लगेगी। पटाखे की दुकानों एवं दैनिक स्थल बरगदिया घाट पर गंगा की रेती में दुकानें लगाने का आदेश किया गया है । कई वर्ष पूर्व वरगदियाघाट पर दुकानें लगी थी। वहां पर दुकानें जल गई थी। और लुट गई थी ।और वहां पर गाड़ियां भी चोरी हो जाती हैं। महिलाएं आतिशबाजी खरीदने नहीं पहुंच पाती हैं। और जंगली जानवरों का भी खतरा रहता है। मगर गंगा के पास दुकान लगने के कारण वहां पर रात में ओस गिरती है। जिससे पटाखे भीग जाते हैं और फुटकर विक्रेताओं का नुकसान हो जाता है तथा नवदिया में रामचंद्र समाधि के सामने खाली जगह है। वहां पूर्व में लगाई गई। अस्थाई आंतशवाजी की दुकान इस वर्ष भी रामचंद्र समाधि के सामने अस्थाई आंतशवाजी की दुकान लगाए जाने का आदेश पारित करें।

जालौन में यातायात माह का हुआ शुभारंभ

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। जालौन में यातायात माह की शुरुआत हो गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने यातायात माह वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही 17 बाइक चालकों को मुफ्त हेलमेट प्रदान किये। वहीं इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने 66 लाख की धनराशि से उरई को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी कैमरे दिए हैं। जिससे लोग यातायात का पालन सही तरीके से कर सकें। उरई कोतवाली में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। साथ ही कहा कोई भी व्यक्ति यातायात नियमों का उल्लंघन न करें। नियमों की पालन से ही जीवन सुरक्षित रहता है। इसलिए हमेशा यातायात का पालन करना चाहिए।

कागजों में सिमट रजडेरवा नहर मरम्मत कार्य

बलरामपुर संवाददाता अवधनामा। एक तरफ वर्तमान सरकार किसानों के समस्याओं के लिए कृत संकल्प है वहीं जिले में बैठे विभाग के जिम्मेदार विभागीय कार्यों में लीपा पोती कर किसानों का हक व उनके कार्यों के नाम पर किस तरह गुमराह कर रहे हैं इसका जीता जागता उदाहरण सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ बांध परियोजना के अंतर्गत रजडेरवा नहर के सिल्ट सफाई एवं एस्केपिंग का कार्य पूरी तरह से ध्वस्त है पूरी नहर जगह-जगह कटी और बदहाल है ऐसे में इस नहर का जो कार्य है या तो वह विभागीय पत्रावलियों में है इस संदर्भ में जब नहर विभाग से संबंधित के जेई से मामले की जानकारी मांगी गई तो कुछ बताने से इनकार कर दिया।

भारत रत्न सरदार पटेल की मनायी गयी जयंती

जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की बड़े धूमधाम से मनायी गई जयंती पण्डित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कालेज रामनगर में भारत माता के वीर सपूत, अदम्य साहस और शौर्य के धनी,राष्ट्र-समाज सेवी,दृढ़ व्यक्तित्व,अटल निर्णय शक्ति के लिए जिन्हें गाँधी जी ने सरदार व लौहपुरुष की उपाधि दी थी, ऐसे सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस कई कार्यक्रमों के साथ समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। प्रातः राष्ट्रीय एकता परिप्रेक्ष्य में शपथ लिया गया। इसके बाद समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती एवं लौहपुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते हुए किया गया।

मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री किसी दशा में न होः अविनाश कृष्ण

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री किसी दशा में न हो, आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए निरंतर प्रवर्तन की कार्यवाही की जाये, त्योहारों के दृष्टिगत दूध, मावा में मिलावट की अधिक संभावना रहती है, दूध, मावा विक्रेताओं पर विशेष नजर रखी जाए, दीपावली पर लोगों को उत्तम क्वालिटी की मिठाई मिले, सड़क के किनारे खुली मिठाइयों की बिक्री न हो, जनपद के मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण किया जाए, दवा विक्रेता खरीदार को बिल उपलब्ध करायें, नारकोटिक्स दवा की बिक्री पर विशेष नजर रखी जाए, जिन दवा विक्रेताओं द्वारा उक्त कैटेगरी की दावाओं की बिक्री की जाए, उसका पूरा विवरण रखा जाऐ। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि निगरानी समिति की बैठक में देते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि लोगों को अपमिश्रित खाद्यान्न सामग्री न मिले, बाजार में गुणवत्तायुक्त सामग्री की बिक्री हो इसके लिए निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होने खाद्य एवं औषधियों में अपमिश्रण रोकने के लिए की गयी कार्यवाही की जानकारी करने पर पाया कि खाद्य अनुभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 895 निरीक्षण, 104 छापे की कार्यवाही कर 153 नमूने संग्रहित कर 208 वाद दायर किये गये, दायर वादों के सापेक्ष 63 वाद निर्णित कर 17 लाख 16 हजार रू. जुर्माना वसूला गया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि आमजन को मिलावट की पहचान, खाद्य पदार्थों के प्रयोग, रख-रखाव हेतु निरतंर जागरूकता अभियान संचालित किये जा रहे हैं, जागरूकता अभियान के अन्तर्गत 1565 उपभोक्ताओं एवं 1868 स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया है साथ ही खाद्य कारोबार कर्ताओं को कार्यशाला आयोजित कर भोजन को स्वच्छ बनाने, रखने, कच्चे माल में मिलावट की पहचान के तरीके 565 खाद्य कारोबार कर्ताओं को बताये गये। औषधि निरीक्षक ने जिलाधिकारी को बताया कि जनपद में 401 थोक औषधि विक्रय एवं 1014 फुटकर औषधि विक्रय लाइसेंस धारक हैं, नियम-51 के तहत अब तक 36, नवीन संविधान परिवर्तनों के अन्तर्गत 77 निरीक्षण किये गये।

21.32 करोड़ रुपये से तीन पंचायतों में पड़ेगी सीवर लाइन

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। नगर पंचायतों को सीवर की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल निगम ने सीवर लाइन का प्रस्ताव तैयार किया है। 21.32 करोड़ रुपये से तीन पंचायतों में सीवर लाइन पड़ेगी। इससे दस हजार की आबादी को लाभ मिलेगा।

जल निगम ने सर्वे का प्रस्ताव शासन को भेजा हैं। हर पंचायत से उन वार्ड को लिया गया है। जहां पर गंदगी और खाली पड़े प्लॉट सीवर से भरे पड़े हैं। उन जगहों पर सीवर लाइन डालकर विभाग उनके घर से सीवर कनेक्शन लाइन में डाल देगा। उसके बाद उसको सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में डालकर उसका ट्रीटमेंट किया जाएगा। उससे खाद बनाई जाएगी। उस खाद को किसानों को बेचा जाएगा। एट नगर पंचायत जो कि नवीन नगर पंचायत है। उसमें समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। उसमें नौ करोड़ रुपये से सीवर लाइन डाली जाएगी। जिसमें जनसंख्या करीब 13 हजार है। सीवर लाइन से तीन हजार लोगों को लाभ मिलेगा। जिनको कनेक्शन दिए जाएंगे। करीब 11 किलोमीटर सीवर लाइन डाली जाएगी। साथ ही को केएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनेंगा। ऊमरी नगर पंचायत में 6.5 करोड़ से सीवर लाइन डालने की योजना है। दस हजार आबादी वाली पंचायत में 1500 लोगों को इस लाइन से कनेक्शन दिए जाएंगे। सात किलोमीटर तक पाइप लाइन डाली जाएगी। एक केएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट भी बनेगा। वहीं कोटरा नगर पंचायत में 5.54 करोड़ से छह किलोमीटर तक सीवर लाइन डाली जाएगी। दस हजार आबादी वाली पंचायत में एक हजार लोगों कनेक्शन दिए जाएंगे। एक केएलडी का ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य चीजें बनाने की कार्ययोजना जल निगम की है।

राज्यपाल ने कुलपति को सौंपी दीपों की सामग्री

दीपोत्सव को लेकर स्वयंसेवकों में उत्साहः कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल

पहचान

अयोध्या के दीपोत्सव में वैश्विक पहचान दिलाईः राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अयोध्या के प्रान्तीयकृत दीपोत्सव में सहभागिता के लिए राजभवन में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल को राम की पैड़ी पर दीयों को उनकी ओर से प्रज्ज्वलित करने की सामग्री सौपी। अवध विवि प्रशासन राज्यपाल द्वारा दी गई दीपों की सामग्री दीपोत्सव की सहभागिता में शामिल होगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या के प्रान्तीयकृत दीपोत्सव को एक वैश्विक पहचान दिलाई है। विश्वभर की निगाहें अयोध्या दीपोत्सव पर लगी रहती है। इसमें आमजन की सहभागिता हो सके इसके लिए प्रतीकात्मक रूप से 100 से 400 मिलीग्राम तक सरसों तेल, बाती व मोमबत्ती के एक पैकेट का जनसहयोग 31 अक्टूबर तक चलाया गया। कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप 11 नवम्बर को होने वाले सातवें दीपोत्सव की तैयारियां विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगभग पूरी की जा चुकी है। 21 लाख दीए प्रज्ज्वलित करने के लिए स्वयंसेवकों में उत्साह देखते ही बन रहा है। सातवें दीपोत्सव में छठी बार गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करेंगे।विवि दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर दीपोत्सव की तैयारियां तेजी के साथ की जा रही है। 50 प्रतिशत से अधिक वालंटियर्स कार्ड वितरित कर दिया गया है। 05 नवम्बर से वालंटियर्स के लिए टी-शर्ट व कैप विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, महाविद्यालयों, इण्टर कालेजों व स्वयंसवी संस्थाओं को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

धूमधाम से मनाया गया गरबा-डांडिया कार्यक्रम

देवां/बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता) प्रयाग पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देवां मेला ऑडिटोरियम में गरबा-डांडिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने खूब धमाल मचाया। वहीं शिक्षकों ने छात्रों को गरबा का महत्व बताया। राम नारायण खण्ड शिक्षा अधिकारी देवा ब्लाक की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रिंसिपल राजा हिमांशु शर्मा, टीचर दानिया खान व संजय सिंह आदि की मौजूदगी में अनिका, अंशिका, अवनी, आध्या, किंजल, काजल, कृष्णा, अंश, हर्षित, यश, इशिका ने कार्यक्रम में भाग लिया। बतातें चलें कि आमतौर पर हम लोग गरबा-डांडिया को एक डांस मानते है। लेकिन क्या आप जानते है गरबा-डांडिया न सिर्फ अलग-अलग है। बल्कि दोनों की शुरुआत अलग-अलग राज्यों में हुई है। एक की शुरुआत गुजरात में हुआ था तो वहीं दूसरे का उत्तर प्रदेश में। एक बड़ी संख्या में लोग गरबा-डांडिया नृत्य को एक ही समझते हैं। जबकि नृत्य के दोनों रूपों में काफी फर्क है। गरबा नृत्य की शुरुआत गुजरात से हुई थी। इस नृत्य में हाथों का इस्तेमाल होता है। दोनों के बीच एक छोटा सा अंतर है। गरबा मां दुर्गा की आरती से पहले किया जाता है, जबकि डांडिया मां दुर्गा की आरती के बाद खेला जाता है। डांडिया के लिए दो स्टिक की जरूरत होती हैं जिनका इस्तेमाल नृत्य के लिए किया जाता है। वहीं गरबा के लिए आपको किसी प्रकार के अन्य सामान की जरूरत नहीं है. डांडिया की शुरुआत वृंदावन से हुई थी। डांडिया नृत्य में रंगीन छड़ी का इस्तेमाल होता है और इस छड़ी को हाथ में लेकर खेला जाता है। डांडिया नृत्य मां के पूजन के बाद किया जाता है।

12 पदों पर 35 नामांकन, चुनाव 6 नवंबर को

कार्यकारिणी ए के दो पदों के प्रत्याशियों के निर्विरोध होने का रास्ता साफ

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। अधिवक्ता संघ फैजाबाद के चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन कल 12 पदों के लिए 35 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किया।कार्यकारिणी ए के दो पदो पर दो प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह उर्फ मुन्ना यव जयप्रकाश शर्मा के नामांकन करने से उनके निर्विरोध होने का रास्ता साफ हो गया। अध्यक्ष पद के आठ प्रत्याशियों अजय कुमार दुबे, जनार्दन दुबे ,पारसनाथ पांडे, राघवेंद्र प्रताप सिंह ,याज्ञवल्क्य मिश्रा, रामकिशन यादव, राम शुभावन, सूर्यभान वर्मा, उपाध्यक्ष पद पर चार प्रत्याशी केशवराम वर्मा, गोपाल कुमार उपाध्याय, योगेंद्र कुमार दुबे, सुरेंद्र कुमार सिंह, महामंत्री पद के साथ प्रत्याशी अजय कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश कुमार तिवारी, विनोद कुमार सिंह ,विपिन कुमार मिश्रा, राजेश कुमार यादव ,सोमनाथ तिवारी ,संयुक्त मंत्री प्रथम में चार प्रत्याशी ऋषि कुमार मिश्रा, भागवत प्रसाद पांडे ,राजेश कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार पांडे, संयुक्त मंत्री द्वितीय में जयप्रकाश पाल ,और रविंद्र पांडे ,कोषाध्यक्ष पद पर मुन्ना सिंह, रणधीर पांडे, बद्री प्रसाद यादव, योगेश कुमार पांडे, ने अपना पर्चा भरा। जांच 2 नवंबर को 10 से 1:30 बजे तक

व वीरेंद्र कुमार मिश्रा, में सीधा मुकाबला होगा।

कार्यकारिणी ए के दो पदों पर दो प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, जयप्रकाश शर्मा के निर्विरोध होने का रास्ता साफ हो गया है। कार्यकारिणी बी में तीन प्रत्याशी दीपक कुमार तिवारी, दुर्गा प्रसाद सिंह, रामकिशोर ,कार्यकारिणी सी में तीन प्रत्याशी नाम वापसी 2:00 बजे से 4:00 बजे तक एवं पर्चे की जांच 5:00 बजे तक होगा। चुनाव आगामी 6 नवंबर को सुबह 8:00 बजे से 5:00 शाम तक होगा, चुनाव परिणाम 8 नवंबर को घोषित होगा। यह जानकारी एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष शैलेश कुमार पांडे, त्रिलोकी नाथ द्विवेदी एवं ओंकार नाथ तिवारी ने दी है।

अब से सिर्फ फोजन मटन चिकन ही बाजार में रहेगा

उपलब्धः खाद्य आयुक्त

अयोध्या। अपूर्व इण्टरप्राइजेस फ्रोजन चिकन मटन डिस्ट्रीब्यूटर का भव्य शुभारम्भ सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चन्द्र सिंह के द्वारा किया गया । जिसमें शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अतुल कुमार सिंह सारा कम्पनी के श्रीनिवासन वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रमोहन श्रीवास्तव, डॉ अनिल कुमार राय,सुजीत कुमार श्रीवास्तव,अपूर्व राय,राहुल श्रीवास्तव,कुलदीप सिंह,अतुल श्रीवास्तव,अवधेश यादव %लकी% व शहर के विभिन्न होटल व रेस्टोरेण्ट के प्रतिनिधि व फुटकर मांस विक्रेता मौजूद थे। खाद्य आयुक्त ने मीडिया को बताया कि आज से अयोध्या नगर निगम में व जनपद में मुर्गा व बकरे को जिंदा काटकर बेचने पर पूर्ण रुप से प्रतिबंधित किया जाता है। अब से सिर्फ फ्रोजन मटन चिकन ही बाजार में उपलब्ध रहेगा।विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है कि कोई भी यदि जिन्दा मुर्गा बकरा काटकर बेचता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

समाजसेवा के रास्ते पर चलकर युवा अवनीश तिवारी लड़ सकते हैं फैजाबाद से लोकसभा चुनाव

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। युवा समाजसेवी अवनीश तिवारी उर्फ टिक्कू कोरोना के समय से लोगों के बीच जाकर व्यापक पैमाने पर काम किया सैकड़ों गरीब और बेसहारा लोगों के लिए उन्होंने भोजन-पानी का इंतजाम किया । अवनीश तिवारी टिक्कू ने कहा कि हम मानव हैं और मानव होने के नाते हमारा पहला धर्म मानवता का परिचय देना है। लेकिन आज समाज जिस दिशा पर जा रहा है। उसको देखकर ऐसा अहसास होता है कि इंसान में इंसानियत का और आत्मियता का अभाव होता जा रहा है। लेकिन समाज के कुछ लोग ऐसे भी हैं जो समाजसेवा के माध्यम से मानवता का परिचय देते रहते हैं। साथ ही समाज के लोगों को मानवता का पाठ भी पढ़ाते हैं। श्री तिवारी ने यह भी कहा जीवन में समाजसेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ समाजसेवा के लिए भी समय अवश्य निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब वह 2024 में होने वाले चुनाव में अयोध्या फैजाबाद लोकसभा से चुनाव लड़ूंगा और इसी के सहारे लोगों की सुख-दुख का साथी भी बनूंगा हमारा लक्ष्य है कि युवाओं को नौकरी बेरोजगार को रोजगार किसानों को पेंशन रेहणी पटरी दुकानदारों को बिना ब्याज लोन और छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा मिले इसी एजेंडे को लेकर 2024 के फैजाबाद लोकसभा चुनाव में अपनी दावेदारी ठोकूंगा।

अयोध्या की आध्यात्मिकता की छवि दिखेगी भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन में: लल्लू सिंह

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जनपद के भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन की सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। जिसके लिए 12 करोड की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। स्टेशन के नई बिल्डिंग 244 स्क्वायर मीटर में बनेगी। सौन्दर्यी करण के साथ-साथ स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विकास किया जाएगा। चारपहिया व दोपहिया वाहनों हेतु पार्किंग की सुविधा, सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी, रैन हारवेटिंग सिस्टम, यात्रियों की सुविधा हेतु नए डिस्प्ले बोर्ड, दिव्यांग जनो के लिए आवगमन जैसी सुविधाओं का विकास किया जाना प्रस्तावित है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार अयोध्या तथा परिक्षेत्र में अवागमन के बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। भरत जी की तपोस्थली तथा धर्मिक स्थल भरतकुण्ड है। देश भर से श्रृद्धालु यहां दर्शन हेतु आते है। रेलवे द्वारा बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान करने हेतु यहां के स्टेशनों का सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात् अयोध्या में आने वाले श्रृद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ जाएगी। जिसे देखते हुए अयोध्या के आस-पास के रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यीकरण में अयोध्या की आध्यात्मिकता व राम मंदिर निमार्ण शिल्पशैली की छवि दिखाई देगी।

लखीमपुर खीरी में केतकी रत्न सम्मान से नवाजी जाएगी रामनगरी अयोध्या की बेटी

अयोध्या। जिले की युवा कवयित्री एवं गीतकार अर्चना द्विवेदी को उनके साहित्यिक योगदान के लिए केतकी साहित्य रत्न सम्मान 2023 के लिये चयनित किया गया है।राष्ट्रीय स्तरीय कथा कुंज साहित्यिक सेवा संस्थान की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अर्चना द्विवेदी को उनकी हिंदी भाषा में साहित्यिक योगदान के लिए यह सम्मान एक भव्य साहित्यिक समारोह में दिया जाएगा। इस वर्ष यह राष्ट्रीय साहित्य सम्मान समागम समारोह 5 नवंबर को यूपी के आशीर्वाद गेस्ट हाउस कस्बे मोहम्मदी लखीमपुर खीरी में आयोजित होगा।यह आयोजन कथाकुंज साहित्य सेवा परिषद के संस्थापक गोविंद गुप्ता के संयोजन में होगा।इस सम्मान में देश भर से करीब तीन सौ समाजसेवी एवं साहित्यकार भाग लेंगे।जिसमें देश के 21 प्रतिभाओं को गोमती व केतकी सम्मान से नवाजा जाएगा।इस सम्मान समारोह में इस बार अयोध्या की पावन भूमि से युवा कवियत्री अर्चना द्विवेदी को उनके काव्य रचनाओं और गीतों के लिए ÷केतकी रत्न सम्मान÷ से सम्मानित किया जाएगा।अर्चना द्विवेदी मूल रूप से अयोध्या जिले के तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम मलिकपुर पोस्ट डाभासेमर की निवासिनी हैं।विद्यार्थी जीवन से ही हिंदी भाषा में इनकी रुचि रही है।इन्होंने बताया कि विद्यालय व गृहकार्य से बचे हुए समय मे ये कविताएं गीत गजल संस्मरण लिखना पुस्तकें पढ़ना गीत गाना चित्रकारी करना आदि कार्य करती है।कई पत्र-पत्रिकाओं में भी इनकी रचनाएँ समय समय पर प्रकाशित होती रहती हैं।वर्तमान समय में ये बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालय वासुदेवपुर बीकापुर में प्रधानाध्यापिका पद पर कार्यरत हैं।इससे पूर्व ये पटरंगा थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बाजिदपुर में भी तैनात रही।इस सम्मान के लिए चयनित होने पर हास्य व्यंग्यकार डा0 अल्हण द्विवेदी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 अनवर हुसैन,मास्टर उज़ेर अहमद,अर्पित मिश्र राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक श्री प्रकाश पाठक वकारुलहसन इमरान अलियाबादी,धर्मेन्द्र प्रताप सिंह,प्राथमिक शिक्षक संघ मवई के अध्यक्ष मो0 आरिफ खां आदि कवियों शिक्षकों व साहित्यकारों ने बधाई दी है।

एसडीएम ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण, दी हिदायद

फरेन्दा (महराजगंज)। दीपावली के अवसर पर किसी बड़ी अनहोनी घटना को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। बुधवार को भी तहसील प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से पटाखों की होलसेल दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने पटाखा विक्रेताओं को राज्य सरकार की गाइडलाइन की पालना करने के लिए निर्देशित किया है। होलसेल पटाखा विक्रेताओं को प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अगर कोई भी पटाखा विक्रेता गाइडलाइन की अवहेलना करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में एसडीएम फरेन्दा राकेश कुमार ने बताया कि पटाखे के दुकानों व गोदामों पर निरीक्षण किया जा रहा है। कई पटाखा गोदामों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पटाखा स्वामियों को लापरवाही न बरतने तथा मानकों का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए गए,ताकि किसी भी तरह की कोई अनहोनी न होने पाए। इस दौरान सीओ फरेन्दा अनुज कुमार सिंह,अग्निशमन अधिकारी ,थाना प्रभारी फरेंदा व फायर सर्विस के लोग रहें उपस्थित।

विद्युत समस्या के समाधान को लेकर दिया एसई को दिया पत्रक

सिसवा बाजार (महराजगंज)। स्थानीय नगर पालिका परिषद क्षेत्र के जर्जर

पोल को बदलने तथा आवश्यक जगह पर पोल लगवाने को लेकर एमएलसी व सभासद प्रतिनिधि के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में शामिल एडवोकेट उमाशंकर जायसवाल, एमएलसी व सभासद प्रतिनिधि राजन विश्वकर्मा, सूरज पांडेय, जितेंद्र सिंह, दीपक जायसवाल आदि ने सिसवा नगर के विद्युत संबंधी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि तमाम विद्युत पोल एवं तार जर्जर हो चुके हैं। जिसके कारण आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित होती रहती है। इतना ही नहीं इसकी वजह से अप्रिय घटना की भी आशंका बनी रहती है। इसी के साथ तमाम ऐसी जगह है जहां विद्युत पोल के अभाव में आमजन को विद्युत कनेक्शन तक नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण वह आज भी ढिबरी युग मे जीवन यापन करने के मजबूर हैं।

सीता स्वयंवर,परशुराम संवाद देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु

सिसवा बाजार(महराजगंज)। कस्बे के मीराबाई नगर वार्ड स्थित भालोटिया हाता में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव में दूसरे दिन मंगलवार को बाल कलाकारों के भाव पूर्ण चित्रण ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसमे भगवान श्री राम के धनुष तोड़ते ही जय श्री राम के जयघोष से पूरा पांडाल गूंज उठा। राम लीला कार्यक्रम के दूसरे दिन के आयोजन मे सीता स्वंयम्बर, धनुष तोड़ना, परशुराम- लक्ष्मण संवाद, सीता विवाह, श्री राम का राज्याभिषेक का घोषणा, मंथरा कैकई संवाद,कैकेई- दशरथ संवाद, कैकेई- दशरथ- श्री राम संवाद का शानदार मंचन किया गया।इस दौरान दर्शकों ने जम कर प्रशंसा की।धनुष तोड़ने के बाद सीता विवाह के दौरान श्रद्धांलुओं ने मंगल गीत गाया और भगवान राम सीता की आरती की।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव तालाब में मिला, हत्या की आशंका

अवधनामा संवाददाता

सिसवा बाजार(महराजगंज)। कोठीभार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बड़हरा चरगहा गांव स्थित रमैता घाट तालाब में बुधवार को करीब ग्यारह बजे एक अधेड़ का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है। वहीं ग्रामीणों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुशीनगर जनपद के हनुमानगंज थानाक्षेत्र के धरनी पट्टी निवासी 55 वर्षीय सूक्खल मंगलवार की शाम कोठीभार थाना क्षेत्र के बड़हरा चरगहा गांव के पकड़ियहवा टोला निवासी अपने रिश्तेदार भोला कुशवाहा के घर आया था। रात्रि विश्राम करने के बाद बुधवार को सुबह लगभग 8 बजे अपनी स्कूटी बाइक से अपने घर के लिए रवाना हुआ। जिसका शव करीब ग्यारह बजे गांव के ही रमैता घाट तालाब में खरपतवार के बीच देखते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोठीभार पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया तो उसकी पहचान सूक्खल के रूप में हुई। मृतक के शरीर पर कुछ जगह चोट के निशान पाए गए। वहीं तालाब के किनारे सूक्खल की स्कूटी बाइक भी लावारिस हालत में मिली। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा रिपोर्ट तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई में जुट गई।

कान की बीमारियों में ना बरतें लापरवाहीः एसीएमओ

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए नगर के एक विवाह भवन में आयोजित चिकित्सकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राकेश कुमार ने कहा कि समय रहते कान की बीमारियों का उपचार जरूरी है। सही उपचार के लिए कानों की संरचना के बारें में जानना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दोनों कानों में सुनने में होने वाली क्षति को बधिरता कहा जाता है। श्रवण बाधित से पीड़ित को सुनने में परेशानी या बहरापन हो सकता है। यदि व्यक्ति कुछ भी नहीं सुनता है तो वह बहरेपन से पीड़ित हो सकता है। डिप्टी सीएमओ डॉ. वीर विक्रम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बहरेपन के लिए उत्तरदायी समस्या का जल्द पहचान और उपचार के उद्देश्य से राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम (एनपीपीसीडी) का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य बीमारी या चोट के कारण होने वाली बधिरता की रोकथाम और बहरेपन से पीड़ित सभी आयु वर्गों के व्यक्तियों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि दूसरे व्यक्तियों को स्पष्ट सुनने में परेशानी, लोगों को दोबारा बोलने के लिए आग्रह करना, ऊंची आवाज के साथ संगीत सुनना या टीवी देखना,

दरवाजे की घंटी या मोबाइल की आवाज सुनने में असमर्थ होना बहरेपन की प्रारंभिक संकेत और लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में चिकित्सक से सम्पर्क करना जरूरी है। नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ अनिरूद्ध सिंह(सर्जन) ने बताया कि कान की बीमारियों के इलाज से पहले कान की संरचना को समझना जरूरी है, तभी बहरेपन का सटीक इलाज हो सकता है। पहले यह समझना जरूरी है कि कान की बीमारी कितने प्रकार की होती है? कैसे एक छोटी सी लापरवाही बड़ी समस्या का रूप ले लेती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे तालाब, नहर तथा पोखरों में स्नान करने जाते हैं जिससे उनके कान में गंदा पानी चला जाता है और कान में फंगस इन्फेक्शन हो जाता है। कुछ लोग झोलाछाप के पास कान का इलाज कराने चले जाते हैं। झोलाछाप कान साफ करने के लिए हाईड्रोजन पराक्साइ डाल देते हैं। जिससे बीमारी और गंभीर हो जाती है। कोई भी व्यक्ति अपने मन से कान में तेल और कोई दवा न डालें। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले चिकित्सकों में डॉ अधिदेव डॉ. अहसन, डॉ. जयनेन्द्र, डॉ.शास्वत सेन, डॉ.अमित विक्रम, डॉ.राकेश कुमार सिंह, डॉ.मनीष खन्ना, डॉ.सतेन्द्र कुमार, डॉ. शमशाद खान तथा डॉ.मुकेश गुप्ता आदि के नाम हैं।

गारमेंट्स की दुकान में लगी भीषण आग, दुकान स्वामी झुलसा

सहारनपुर। गारमेंट्स की दुकान में आग लगने से हजारों रुपए का नुकसान हो गया, जबकि आग बुझाने के चक्कर में दुकान स्वामी भी गंभीर रूप से झुलस गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दरअसल पूरा मामला जनपद सहारनपुर की कोतवाली बेहट कस्बे का है। कस्बे के शाकंभरी चौक के पास आरडी पब्लिक स्कूल मार्किट में गांव हसनपुर नौगांव निवासी अर्पित उर्फ लक्की की गारमेंट्स की दुकान है। मंगलवार की रात दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान में आग लगते देख अर्पित ने आग बुझाने का प्रयास किया जिससे वह आपकी चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। आग लगते देख मौके पर भीड़ जमा हो गई।

समस्त अधिकारीगण कार्यालय में समय से हों उपस्थितः सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन द्वारा विकास भवन में संचालित कार्यालय यथा् जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सहायक निदेशक मत्सय अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, परियोजना अधिकारी नेडा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) जिला समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सहायक आयुक्त सहकारिता निबन्धक, सहारनपुर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त कार्यालयों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करते हुए उपस्थिति पंजिका के क्रमानुसार कार्यालयों के सभी कर्मचारियों से पृथक-पृथक पटल एवं योजनाओं की जानकारी ली गयी। उनके द्वारा कार्यालयों में समस्त अधिकारीगणों एवं कर्मचारीगणों को कार्यालय में समय से उपस्थित रहने के निर्देश निर्गत करते हुए पटलों से सम्बन्धित सभी शासकीय अभिलेखों

का रख-रखाव सुव्यवस्थित ढ़ग से रखे जाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त सभी कार्यालयाध्यक्षों को कार्यालय से सम्बन्धित सभी पटलों का कार्यविभाजन मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

मुख्य विकास अधिकारी को जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय में पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक प्रकार से नहीं पाया। मौकें पर उपस्थित जिला कृषि अधिकारी को कार्यालय में संरक्षित पत्रावलियों को भलीप्रकार से रखे जाने के निर्देश दिये गये। द्वितीय तल एवं प्रथम तल के शौचालय में साफ-सफाई ठीक प्रकार से नहीं पाई गई। द्वितीय तल पर पानी की टंकी चलती हुई पाई गई। सम्बन्धित नाजिर को विकास भवन में संचालित शौचालय का रख-रखाव एवं पानी इत्यादि की व्यवस्था अच्छें ढ़ग से कराये जाने के निर्देश दिये।

इसके अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय की उपस्थिति पंजिका के अवलोकन करने पर यह देखा गया कि कार्यालय में तैनात समीर प्रताप सिंह, कनिष्ठ सहायक विगत दो माह से कार्यालय से अनुपस्थित चल रहे है।

सड़कों में बने गड्ढों से जैन श्रद्धालु हुए चोटिल, समाज में आक्रोश

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार ने महानगर की सड़कों को दीपावली से पूर्व पूरी तरह से गड्ढामुक्त करने के निर्देश नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग को जारी किए हुए है। जिलाधिकारी भी महानगर की सड़कों को निर्धारित समय में गड्ढामुक्त करने के लगातार निर्देश संबंधित विभागों को दे रहे है, लेकिन इसके बावजूद भी महानगर की अनेकों सडके गड्ढायुक्त है। श्री दिगंबर जैन वार्षिक गजरथ महोत्सव यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की उस समय चीखे निकल गयी, जब वह महानगर की सड़कों से होकर गुजर रहे थे। श्रद्धालुओं के पैरो में बुरी तरह से छाले पड़ गए तथा कई श्रद्धालुओं के पैरो से खून भी बहने लगा। जिसको लेकर जैन समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया। जबकि जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि शोभायात्रा के दौरान सड़क पर पानी का छिड़काव नगर निगम द्वारा लगातार होता रहेगा और सफाई व्यवस्था भी लगातार रहेगी।

बीएलओ मतदान केन्द्रों पर निर्वाचक नामावली का करायेंगे निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर 2023 के मध्य समस्त मतदान केन्द्रों पर कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने बताया कि दावे और आपत्तियां प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान की तिथियां 04 नवम्बर शनिवार, 05 नवम्बर रविवार, 25 नवम्बर शनिवार, 26 नवम्बर रविवार, 02 दिसम्बर शनिवार, 03 दिसम्बर रविवार नियत है। विशेष अभियान की तिथियों में पदाभिहित अधिकारी व बीएलओ मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर निर्वाचक नामावली का निरीक्षण करायेंगे तथा दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

डॉ.दिनेश चन्द्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विशेष अभियान की तिथियों अवकाश के दिनों में मतदान केन्द्रों पर पदाभिहित अधिकारी व बीएलओ के बैठने हेतु आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध कराने तथा स्कूल एवं कालेज को खुलवाना सुनिश्चित करें।

हिंदू मुस्लिम के नाम पर फिर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी भाजपा: पाण्डेय

एजाज़ सिद्दीक़ी

इटवा सिद्धार्थनगर। बुधवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा 305 इटवा के समस्त सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी और कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व विस अध्यक्ष इटवा विधायक माता प्रसाद पाण्डेय के आवास पर आयोजित किया गया।

बैठक में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विस अध्यक्ष इटवा विधायक माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। उन्हीं के कंधों पर सबसे ज्यादा जिम्मेदारी होती है। देश में होने वाले लोकसभा 2024 का चुनाव देश के लिए बहुत अहम है। इसी से देश की दिशा और दशा तय होगी। ये सरकार धीरे धीरे अधिनायकवाद की तरफ जा रही है। वह लोग देश में सिर्फ हिंदू मुसलमान के नाम पर बहका कर फिर से वोट

लेना चाहते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। महंगाई इतना ज्यादा बढ़ गई की देश का गरीब आदमी एकदम परेशान है। वर्तमान समय में देश में अराजकता फैलाने और पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाली सरकार है। जिसको हटाने का समय आ गया है। वहीं दूसरी तरफ देश की एकता की मजबूती के साथ साथ समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने वाली समाजवादी पार्टी है। जिला अध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि मतदाता सूची में नाम बढ़ रहा है। सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर लग कर नाम बढ़वा लें, क्योंकि ये आखिरी अवसर है। इसमें चूक नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम को जिला महासचिव कमरुज्जमा खान, अब्दुल लतीफ, कमाल अहमद, उदयभान तिवारी, देवेंद्र सिंह,

समाजवादी पार्टी के सेक्टर व बूथ प्रभारियों तथा कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

पारसनाथ विश्वकर्मा, विजय गौड, एजाज शाह, केके चौधरी ने भी संबोधित किया।

बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान व संचालन दिनेश मिश्रा ने किया। बैठक में शोभित पाण्डेय, तिलकराम यादव, रहमतुल्लाह, सुरेश पाण्डेय, रज्जन पाण्डेय, सुशील तिवारी, नूर आलम, सतेंद्र यादव, सौरभ श्रीवास्तव, बड़कू पाण्डेय, मो. हारून, अंजुम हसन, बबलू पाठक, दयाल भट्ट, गुलाम अली, रक्षाराम चौधरी, शक्तिनाथ पाण्डेय, हरिशंकर तिवारी, रिंकू तिवारी, अकबाल शाह, साबिर अली, सुनील यादव, हरिशंकर पाण्डेय, बिहारी यादव आदि मौजूद रहे।

स्कूलों का भ्रमण करके सभी कार्य पूर्ण कराएं

बस्ती। निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा के लिए आयुष्मान गोल्डनकार्ड तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों का ई-केवाईसी 10 दिन में पूरा करने के लिए जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कायाकल्प योजना के अंतर्गत विद्यालयों का कार्य अपूर्ण पाए जाने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया तथा सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया है कि वे एबीएसए के साथ स्कूलों का भ्रमण करके सभी कार्य पूर्ण कराए। उन्होंने नवंबर, दिसंबर माह में गो संरक्षण अभियान संचालित करने का निर्देश दिया है। समीक्षा में उन्होंने पाया कि जिले में लगभग 1113000 गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष अभी तक 611508 गोल्डन कार्ड बन गए हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पिछले एक माह की है, जिसमें लगभग तीन लाख कार्ड बनाए गए हैं। अभियान के प्रारंभ में 8 से 10000 गोल्डन कार्ड प्रतिदिन बनाए जा रहे थे परंतु अभी यह गति धीमी हो गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर अवशेष सभी लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाएं।

भाजपा मिठवल मंडल की बैठक डिंड़ई में संपन्न

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी मिठवल मंडल की कार्यकर्ता बैठक स्थानीय डा दशरथ चौधरी कालेज आफ फार्मेसी में बुधवार को संपन्न हुई। मंडल अध्यक्ष रमेश धर द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तीन नवंबर यानि कल गोरखपुर स्थित चंपादेवी पार्क में होने वाली रैली में क्षेत्र से बडी संख्या में लोगों को ले जाने के लिए वाहनों की उपलब्धता आदि पर अंतिम निर्णय लिया गया। मंडल अध्यक्ष ने जानकारी दिया कि गोरखपुर में आयोजित रैली के मुख्य अतिथि योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उप्र होंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दिया कि भाजपा अनु मोर्चा के कार्यकर्ताओं को ले जाने के लिए मंडल क्षेत्र में चार बडी बसें व पचास छोटे वाहनों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि किन-वाहनों को किस क्षेत्र में और किस प्रभारी की जिम्मेदारी में लगाया जाए इसी को लेकर यह इस कार्यक्रम से संबंधित आखिरी बैठक थी। बैठक में क्षेत्रवार वाहन नंबर सहित प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक के अंतिम चरण में श्री द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता अभी से लग जाएं। वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी का कार्यक्रम नहीं बल्कि भाजपा के एक- एक कार्यकर्ता का कार्यक्रम है। इसको ऐतिहासिक बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में मुख्य रूप से नीरज मणि त्रिपाठी, संजय सिंह, दिनेश चौधरी, राम आसरे गुप्ता, आनन्द तिवारी, हरिश्चन्द्र यादव, सूरज शुक्ला, कृष्ण चंद्र उपाध्याय, अजय गौतम, वीरेन्द्र कुमार राव, मानिक चंद्र, परमात्मा चौधरी सहित ध्रुवचंद आदि भी मौजूद रहे।

एएसपी व एआरटीओ ने रैली को हरी झण्डी दिखा कर यातायात माह का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक व एआरटीओ द्वारा यातायात माह नवम्बर-2023 का शुभारंभ किया गया। आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरुक बनाये जाने हेतु यातायात जागरूकता रैली को पुलिस लाइन से हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया।

यातायात जागरूकता रैली के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि यातायात माह नवम्बर-2023 के दौरान जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों में यातायात पुलिस व स्वयं सेवी समूहों के सहयोग से नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, निबन्ध लेखन एवं अन्य आयोजनों के माध्यम से जागरूक किया जायेगा, इसके अतिरिक्त यातायात जागरूकता रथ द्वारा जनपद में भ्रमण कर आमजन को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जायेगा गौरतलब है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने हेतु शासन द्वारा लगातार रोड सेफ्टी अभियान चलाये जा रहे है जिसके क्रम में जनपदीय पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरुकता अभियानों व बेहतर कार्यप्रणाली से जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं में सराहनीय कमी लायी गयी है। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी यातायात व अन्य पुलिस अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मणेन्द्र मिश्रा मशाल मनोनीत हुए सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। यश भारती सम्मानित और समाजवादी अध्ययन केन्द्र के संस्थापक मणेन्द्र मिश्रा मशाल को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी शिक्षक सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ध्यातव्य हो कि समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कुलपति प्रो. बी पांडेय है। श्री मिश्रा शोहरतगढ़ तहसील के पलिया निधि निवासी मुरलीधर मिश्रा के पुत्र हैं।

मणेन्द्र मिश्रा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एंथ्रोपोलॉजी विभाग में अतिथि प्रवक्ता रहे हैं। मेघालय की खासी जनजाति पर शोधकार्य के लिए उन्हें इंग्लैंड के मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी और डेनमार्क के आरहुस यूनिवर्सिटी में व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जा चुका है। शिलांग के नेहू यूनिवर्सिटी में पूर्व कुलपति प्रो सत्य मित्र दूबे के साथ पूर्वोत्तर आधारित विषयों पर शोध किए हैं।

जेएनयू के सोशल मेडिसिन एंड कम्युनिटी हेल्थ विभाग के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य पैरामीटर के मानवशास्त्रीय प्रभाव और झारखंड के सिद्धू कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी में आईसीपीआर के तहत रेणु के मैला आंचल पर क्षेत्र कार्य कर चुके हैं।

एशिया के प्रतिष्ठित पत्रकारिता संस्थान आईआईएमसी नई दिल्ली से हिंदी पत्रकारिता, विधि स्नातक के साथ मानवाधिकार और जर्मन भाषा में डिप्लोमा किए हैं। बीते दो दशकों में 16 प्रकाशित पुस्तकें और सैकड़ों लेख के माध्यम से लगातार लेखन कार्य में संलग्न हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसंतपुर बांसी में बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार वाजपेयी ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन स्ट्रेस अवेयरनेस डे के थीम पर किया। शिविर मे जवाहर नवोदय विद्यालय बसंतपुर के कक्षा 10 के बच्चे भी शामिल हुए शिविर में सी एम ओ डा नरेंद्र कुमार बाजपेयी ने स्ट्रेस मैनेजमेंट से संबंधित जानकारी दिया और मानसिक समस्याओ के निदान की भी जानकारी दी गयी। शिविर को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर सी एच डा डी के चौधरी, मैटरनल हेल्थ कॉन्सरल्टेन्ट प्रमोद संत, डॉ विजय, अनंत सीएचसीअधीक्षक डॉ. राजीव कुमार रंजन ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश द्विवेदी, प्रदीप कुमार जाटव, वाई के द्विवेदी, जितेंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

गेटवेल जलालपुर ने शुरू की एम्बुलेंस सेवा

जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। सामाजिक संस्था गेटवेल चैरिटेबल जलालपुर ने मरीजों को लाने और ले जाने में मदद के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लेस एंबुलेंस सेवा शुरू की। चैरिटी में सेवा दे रहे मौलाना अकील अब्बास और मोहम्मद अली ने कहा कि जिस भी क्षेत्रवासी को आवश्यकता हो वह इस मोबाइल नंबर 8127254460 पर संपर्क कर के किसी भी समय सेवा का लाभ उठा सकता है। गेटवेल की इस अनूखी पहल ने लोगों में एक नई उम्मीद जगा दी। चैरिटी का मानना है कि इंसान की ज़िंदगी से बढ़कर कोई सेवा नही हो सकती।

डेंगू मरीजों की जाँच में पैथालॉजी सेंटरों पर हो रही गड़बड़ी

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। बसखारी टांण्डा रोड़ पर स्थित अनन्या पैथोलॉजी में सी. बी.सी मशीन नहीं तब भी हो रही है जांच। बिना अनुभवी डॉक्टर के ही जांच करके भ्रमित कर रहे हैं मरीजों के प्लेटलेट जांच में हो रही है गड़बड़ियां। आधे घंटे के जांच में दोनों रिपोर्ट में अलग-अलग रिपोर्ट देखी जा रही है। प्लेटलेट्स अन्य पैथोलॉजी की रिपोर्ट में 51हजार दिखाया गया। वही प्रकाश डायग्नोस्टिक की रिपोर्ट में 65 हजार प्लेटलेट्स दिखाया गया है। इसके पहले सोशल मीडिया पर अनन्या पैथोलॉजी के नाम से बिना रजिस्ट्रेशन के खुलेआम चल रहा है यह खबर प्रकाशित की गई थी लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपर चिकित्सा अधिकारी एवं सी.एच.सी अध्यक्ष बसखारी के मिली भगत से डायग्नोस्टिक सेंटर एवं पैथोलॉजी अकूत कमाई चल रही है। जांच करने वाला मरीज रिपोर्ट को देखकर हैरान परेशान हो जा रहा है। पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर पर बिना अनुभवी डॉक्टर के ही रिपोर्ट बना दी जा रही है।

बलात्कार पीड़िता न्याय के लिए खा रही ठोकर

सूरापुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। अलीगंज थाना क्षेत्र की नाबालिक बलात्कार पीड़िता की सुनवाई स्थानीय थाना से लेकर पुलिस महा निरीक्षक तक नही हुई उसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट न लिखे जाने पर मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ के दरबार मे पीड़िता के पहुंचने पर स्थानीय थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा संख्या 0235 /23 पर पंजीकृत तो कर लिया गया परन्तु पीड़िता के अनुसार आरोपी खुलेआम घूम रहे है। अभी तक पीड़िता के आरोपियों पर शिकंजा नही कसा जा सका। आरोप है कि गांव के ही आरोपी सेवाराम, मायाराम, पुत्रगण मेवालाल पर कार्रवाई नही हो सकी है।

सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिद्धार्थनगर में मगंलवार को 7 दिवसीय प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र की बी सी सखी के लिए चयनित महिलाओं को डिजिटल मोड के माध्यम से लोगों के घर पर बैंकिंग सेवाएं और पैसे का लेनदेन करने हेतु दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 19 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक मुकेश चौधरी को आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाली सभी प्रशिक्षणार्थियों को समापन कार्यक्रम में मुकेश चौधरी द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आरसेटी की निदेशक द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य में अपने कार्य को निष्ठापूर्वक करने व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्थान के संकाय आलोक सिंह, कार्यालय सहायक सुनील यादव, सोनू यादव, रामराज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

यूनीक रेमिडीज मेडिकल स्टोर सीज चार औषधियों का नमूना संग्रहित

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में पुलिस बल के साथ में औषधि निरीक्षक द्वारा गई कार्रवाई। औषधि निरीक्षक नवीन कुमार ने बिना बिल के दवाओं का विक्रय करने पर यूनीक रेमिडीज मेडिकल स्टोर थाना उसका बाजार को सीज करते हुए 4 संदिग्ध औषधि के नमूने जांच के लिए संग्रहित किये। प्राप्त शिकायत के आधार पर औषधि निरीक्षक नवीन कुमार ने उसका बाजार पहुंचकर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र के मुख्य गेट के सामने स्थापित टीन शैड के भीतर मे. यूनीक रेमिडीज नाम से संचालित मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। मेडिकल स्टोर से कुल 4 औषधि का नमूना संग्रहित किया गया। मौके पर भंडारण औषधि के क्रय विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए गए, जिस पर मेडिकल स्टोर को सभी औषधि के क्रय विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से लगभग 1 लाख की ऐलोपैथिक जीवन रक्षक औषधि सील कर दिया गया। औषधि निरीक्षक नवीन कुमार ने बताया कि किसी भी मेडिकल द्वारा किसी अन्य बिना लाइसेंस फर्म औषधि बिक्रय नही किया जा सकता। बिना डॉक्टर के पर्चे पर औषधि का क्रय विक्रय तो नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जिनकी रिपोर्ट आने पर एवं विवेचना करने पर आग्रिम कार्यवाही औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम 1940 के अन्तर्गत नियमानुसार की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान आसपास के मेडिकल स्टोर शटर बंद करके भाग गए, इनकी भी जांच की जाएगी। औषधि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में सभी प्रकार की दवाइयां मानकों एवं गुणवत्ता के साथ सभी मेडिकल स्टोर्स पर बिक्री सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार अभियान संचालित करते हुए मेडिकल स्टोर्स की जांच की जाएगी।

पालतू जानवरों का शिकार हो रहे आम लोग

जलालपुर अंबेडकरनगर। जलालपुर ब्लॉक के कुलहियापट्टी गांव में बीते कई माह से ठिकाना बना चुके गोवंश अब यहां के निवासियों और पालतू जानवरों का दुश्मन बन गए है। जनसुनवाई पोर्टल पर की जा रही शिकायतो पर गोवंश नही मिलने की फर्जी आख्या लगाई जा रही है।बीते मंगलवार दोपहर में पालतू जानवर को परेशान कर रहे सांड को हाकने गए किसान पर सांड टूट पड़ा। सिंग और पैर से कुचलने लगा।परिजनों के बचाओ बचाओ की गुहार पर जब तक आसपास के लोग पहुंचते किसान राज नारायण शर्मा गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। लाठी डंडा ईंट पत्थर से सांड को भगाने का प्रयास किया जा रहा था किंतु सांड हमलावर रहा। घंटे भर के प्रयास के बाद सांड को लोग भगा पाए तब कही जाकर घायल राज नारायण को अस्पताल ले जाया गया। एक्सरे में सीना समेत अन्य तीन हड्डियां टूट गई है कई स्थानों पर टांका लगाना पड़ा। किसान को गंभीर हालात में जलालपुर स्थित निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

अमेरिकी विश्वविद्यालय ने डॉक्टर भास्कर शर्मा की प्रशंसा

अवधनामा संवाददाता

- डॉ शर्मा अब तक बना चुके हैं 30 दर्जन से अधिक विश्व रिकॉर्ड
- डॉ शर्मा अब तक पा चुके हैं देश-विदेश से 73 दर्जन से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अवार्ड
- डॉ शर्मा लिख चुके हैं 13 दर्जन से अधिक पुस्तकें

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक व गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित सैकड़ों वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी व सैकड़ों पुस्तकों के लेखक सिद्धार्थ नगर के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा को 30 अक्टूबर 2023 को प्रशंसा पत्र दिया गया। पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का समयक निर्वहन करने के लिए तथा देश विदेश में होम्योपैथी के प्रचार प्रसार, शोध कार्यों को करने के लिए प्रशंसा पत्र दिया गया है।

यह प्रशंसा पत्र ग्लोब ईगल यूनिवर्सिटी अमेरिका के वाइस चांसलर जनरल जीएम जेबी सिंह ने दिया है। डेढ़ सौ से अधिक पुस्तकों के लेखक व 900 से अधिक सम्मान प्राप्त चिकित्सक डॉ भास्कर शर्मा को अमेरिका विश्विद्यालय द्वारा प्रशंसा पत्र मिलने पर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ सुरेश अग्रवाल, सहायक निदेशक राजभाषा विभाग भारत सरकार के डॉक्टर रघुवीर शर्मा, सीबीयू यूनिवर्सिटी टोंगा के अंतरराष्ट्रीय डीन डॉक्टर वेगराज सिंह, डॉ रामबालक सिंह होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज गया के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर रविंद्र कुमार, पूर्व न्यायाधीश राज्य उपभोक्ता आयोग उत्तर प्रदेश डॉ चंद्रभाल सुकुमार, प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार गुप्ता, प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार गुप्ता, डॉ रविंद्र कुमार डॉ सी एल यादव डॉक्टर ओपी श्रीवास्तव जस्टिस गंगा प्रसाद श्रीवास्तव, डॉक्टर अंबुज सिंह डॉक्टर नितेश मिश्रा डॉ बीके बजाज, डॉ सुरेश उजाला, डॉ. गुलनाज बानो, इंजीनियर अनिल कुमार गौड़, गोविंद मौर्य,संतोष महेश कृष्णा लाल यादव कृष्ण कुमार पाठक आदि लोगों ने बधाइयां दी।

कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

कुदरहा, बस्ती। कुदरा ब्लॉक एकल विद्यालय मरवटिया की छात्राओं लखनऊ में राज्य स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता जीतकर महाराष्ट्र में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया।

बुधवार को टीम वापस जव गांव के आई तो ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख व ग्राम प्रधान मरवटिया ने बालिका खिलाड़ियों का बाजा व फूल मालाओं के साथ स्वागत किए और टीम की उत्साह वर्धन किया। एकल अभियान योजना के तहत अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में बाबू केडी सिंह स्टेडियम हुआ। एकल विद्यालय मरवटिया कि छात्रों का मुकाबला उन्नाव जिले की टीम से हुआ। जिसमें उन्नाव जिले की टीम को हराकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्थान बनाया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता महाराष्ट्र प्रदेश के नागपुर में होगी। खिलाड़ियों के लखनऊ से वापस गांव आने पर ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम सिंह व प्रधान संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने गाजे बाजे के साथ फूल मालाओं से स्वागत कर खिलाड़ियों का मिठाई खिलाकर उसे संवर्धन किए।

ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे ने कहा कि इस बाबा क्षेत्र की बालिकाओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर ब्लॉक के साथ-साथ जनपद का नाम रोशन की है। सभी युवाओं को इन बच्चों से सीख लेनी चाहिए। जो कम संसाधन में संघर्ष करके इस मुकाम पर पहुंची हैं। बीओपीआरडी राधा गुप्ता ने उपहार देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन की। टीम के कप्तान माधुरी गौतम ने कहा कि मरवटिया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम सिंह चौधरी हम सभी खिलाड़ियों का समय समय पर सहयोग करते रहते है। हम सभी खिलाड़ी गरीब तबके से मिलान करती हूं। क्षेत्र व कोच दुर्गेश पाल के अथक प्रयास से हम लोग इस मुकाम पर पहुंची हूं। हम सभी राष्ट्रीय ट्रॉफी ले कर आऊंगी। खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय स्टेडियम की मांग की। कार्यक्रम में राम प्रकाश यादव, रामचंद्र यादव, जियालाल, रमेश चौधरी, रामधनी, ब्रजेश उपाध्याय, विवेक पांडे, अजीत कुमार, सोनू यादव, दूधनाथ, श्रीचंद्र, शीला देवी, पूनम देवी सहित तमाम अभिभावक व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

यातायात नियमों की उड़ी पहले दिन ही धज्जियां

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। यातायात माह नवंबर शुभारंभ के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस ऑफिस से यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो पटेल तिराहा रोडवेज तहसील तिराहा फवारा चौक संघतिया पुलिस चौकी से नई सड़क होते हुए यातायात ऑफिस पर संपन्न हुई जिसमें यातायात पुलिस कोतवाली पुलिस महिला थाना पुलिस लाइन के पुलिस के जवानों ने भाग लिया। पूरे नवंबर माह में यातायात अभियान चलेगा। बुधवार से इसकी शुरुआत भी हो गई।पहले दिन ही ट्रैफिक नियमों की खूब धज्जियां उड़ी। ट्रैफिक पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यातायात के नियम पालन कराने की है।इस दौरान यातायात सिपाहियों द्वारा वाहन चालकों को समझाया गया कि वह शराब पीकर वाहन न चलाए। वहीं, सीट बेल्ट लगाने की जानकारी दी गई तथा बाइक चालकों को हेलमेट लगाकर चलने के बारे में बताया गया। नए नियमों के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा दुपहिया वाहनों को रोककर बताया गया कि यदि उन्होंने बृहस्पतिवार से नियम तोड़े तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हैरत की बात यह है कि जिस चौराहे से यातायात माह का शुभारंभ किया गया, वहीं पर लोग अफसरों के सामने ही नियम तोड़ते हुए नजर आ रहे थे। कोई एक बाइक पर तीन को बैठाकर दौड़ाकर जा रहा है तो कोई बाइक पर दो लोग बैठे हैं, लेकिन एक ने भी हेलमेट नहीं लगाया हुआ है। जबकि नए नियम में यदि बाइक पर दो लोग बैठे हैं तो दोनों को हेलमेट लगाना जरूरी है। इस दौरान यातायात प्रभारी जय बहादुर यादव ने बताया कि बुधवार को पहला दिन था। इसलिए ज्यादा सख्ती नहीं दी।

सबसे शिक्षित प्रदेश केरल

देश का सबसे शिक्षित प्रदेश केरल है। यहां के युवक युवतियां भारी संख्या में दूसरे देशों में जाकर नौकरी करते है। कभी अस्पताल में केरल के युवतियों का नर्सो के रूप में बोल बाला रहता था। पर रविवार को इसाइयों के प्रार्थना सभा में हुआ धमाका चिन्तायें पैदा करने वाला है। यहां के मुस्लिम समाज के एक वर्ग में तेजी से कट्टरता का प्रसार देखने को मिल रहा है। जिसकी प्रतिक्रिया यहां के दूसरे समाजों में देखने के मिल रही है। कहते है न कि अच्छी बातों का असर देर से होता है पर बुरी बातों का असर बहुत जल्दी होता है।

रविवार को यहां ईसाइयों के एक प्रार्थना सभा में हुआ धमाका कई नकारत्मक प्रभाव डाल रहा है। भारतीय राज्य व्यवस्था की सुरक्षा को गम्भीर चोट पहुचाने वाले हो रहा है और सामाजिक समरसता को भी गम्भीर चोट पहुंचा रहा है। इस कान्ड के तह में जाकर गुनहगार को पकड़कर उसकी असलियत को उजागर करना निहायत जरूरी है वरना भ्रम और कपोलकाल्यित बाते फैलती रहेगी तरह तरह की काहानियां फैलती रहेगी। जो हालात को बदतर बनाते रहेगे। प्रार्थना सभा में हुये धमाकों में दो महिलाओं सहित तीन लोगो की मौत हो चुकी है। जाहिर है चूकि प्रार्थना सभा इसाइयों की थी इसलिये मरने वाले भी इसाई ही थे। इस हमले का मास्टर माइन्ड कौन है मामले की असलियत जानने के लिये उसकी असलियत जानना जरूरी है। क्योकि मौते तो तीन हुई है पर घायलों की संख्या 50 से ज्यादा है। विस्फोटो की जिम्मेदारी ईसाइयों के यहोवा विटनेस सम्प्रदाय के सदस्य ने ली है। उसने सोशल मीडिया पर एक विडियों सन्देश पोस्ट किया है। पोस्ट में बताया है वह सोलह साल तक इस सम्प्रदाय का सदस्य रहा। आगे कहा है कि उसने महसूस किया है कि यह सम्प्रदाय देश द्रोही है और गलत शिक्षा देता है। पोस्ट करने वाला अपना नाम डोमोनिक मार्टिन बताया है और त्रिचुर पुलिस के सामने समर्पण कर दिया है।

यहां का इसाई समाज राजनीति में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए परेशान है। इसे लेकर कई तरह की कम्युनिस्ट पार्टियों और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के कार्यकर्ताओं में लम्बे अर्से से संघर्ष चल रहा है जो अभी भी जारी है। अफसोसनाक बात यह है कि यह संघर्ष वार्ताओं और प्रचार तक ही सीमित नहीं है। यह खूनी संघर्ष का रूप ले चुका है। विभिन्न धार्मिक और राजनैतिक समूहों की लड़ाई हिंसा और खून खराबे तक पहुंच गई है। यहां एक कार्यक्रम वर्चुवल सम्बोधित किया गया है जिसे लेकर केरल चर्चा में रहा है।

भारत फिलिस्तीन के लोगो के न्यायसंगत अधिकारों का हिमायती है और उसकी वकालत भी करता है। पर इसका यह मतलब तो नहीं कि विदेशो में होने वाले किसी संघर्ष का परोक्ष या अपरोक्ष प्रभाव भारत के जन जीवन पर पड़े। भारत अपनी पुरानी नीति को दोहराता रहता है और उसका अनुशरण भी करता रहता है। विदेशों में प्रचार भी करता रहता है। यूएनओ की बैठकों में भी अपनी प्रतिबद्धता दोहराता रहता है। विदेशी बैठकों में भी अपने तटस्थता और मानवीय रणनीतियों को सबको बताता रहता है और अनुदार देशो को उसी पर चलने के लिये प्रोत्साहित करता रहता है। भारत इस्राइल और फिलिस्तीन को दो स्वतन्त्र राष्ट्र मानता है। दोनो को सम्प्रभु देश मानता है और इसका समर्थन भी करता है। लेकिन हमास जैसे किसी भी आतंकी संगठन का समर्थन नहीं करता है। पूरी दुनियां को आतंकी संगठनों को प्राश्रय न देने के लिये प्रेरित करता रहता है। चूकि भारत आतंकवाद से घ्रिणा करता है। इसलिये उम्मीद बनती है कि हमारे यहां की केन्द्र राज्य की सुरक्षा एजेन्सियां तत्परता से केरल में इसाई सभा प्रार्थना में हुये विस्फोटो की तह में जाकर धमाकों को अन्जाम देने वालो का पता लगा कर उनके खिलाफ त्वरित कारवाई कर उन्हें कटघरे में पहुचावे उनके मनतव्यों का भी पता लगाये। उन्हें प्राप्त होने वाले धन श्रोतो और उनके दाताओं का भी पता लगाये। कोई विदेशी एजेन्सी तो इन्हें मदद नहीं दे रही है। इसका नेटवर्क हो तो उसे पूरी तरह नष्ट करें। मुल्क में कुछ राज्यों में विधानसभा के और 2024 में लोकसभा चुनाव आसन्न है। विधानसभा के चुनाव का कार्यक्रम भी आ चुका है। इस अवसर पर विदेशी और देशी षडयन्तकारी समूह और एजेन्सियां माहौल बिगाड़ने के लिये तत्पर रहती है। पैसे भी खर्च करती है। सुरक्षा एजेन्सियां के कुशलता की परख ये चुनाव करायेगे। इस साल खासतौर से केन्द्र का चुनाव काफी संघर्षपूर्ण दिख रहा है क्योंकि अन्य पार्टियां भाजपा के एकक्षत्र लम्बे अवधि से परेशान है।

धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद लोकतंत्र के लिए विनाशकारी

संजीव ठाकुर

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैद्य देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

दुनिया में सर्वाधिक तेजी से उन्नत सड़कों का जाल बिछाने में भारत अग्रणी है। लेकिन सुविधाजनक एवं उन्नत होती सड़कों पर मौत की काली छाया का मंडराना सड़क विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह दाग सरकारी रिपोर्ट में ही सामने आया है, जिसके अनुसार देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए।

हादसों की खूनी सड़कों पर डरावनी रिपोर्ट

ललित गर्ग

सड़क हादसों पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की की डरावनी, चिन्ताजनक एवं भयावह रिपोर्ट आई है। इसके मुताबिक, पिछले साल 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवाई। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क दुर्घटनाएं हुई। हर घंटे इनमें 19 लोगों की मौत हुई। हादसों एवं लापरवाही की खूनी होती सड़कें चिन्ता का बड़ा सबब है। सड़कों की 'दुर्घटनाओं' के कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। सच यह है कि बेलगाम वाहनों एवं यातायात कानूनों एवं नियमों की अवहेलना की वजह से सड़कें अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुकी हैं। सड़क पर तेज गति से चलते वाहन एक तरह से हत्या के हथियार होते जा रहे हैं। उक्त रपट यह भी बताती है कि सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। इसी तरह सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक्सप्रेसवे हाईवे और राजमार्गों पर ओवर स्पीडिंग जानलेवा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देने का ही काम करती है लेकिन न तो वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझने को तैयार हैं और न ही सरकारें एवं यातायात पुलिस। बीते वर्ष सड़क हादसों में 66 हजार से अधिक लोगों ने इसलिए जान गंवाई क्योंकि उन्होंने सीट बेल्ट नहीं पहनी थी या फिर हेलमेट नहीं लगाया था।

यह विडम्बनापूर्ण है कि हर रोज ऐसी दुर्घटनाओं और उनके भयावह नतीजों की खबरें आम होने के बावजूद बाकी वाहनों के मालिक या चालक कोई सबक नहीं लेते। सड़क पर दौड़ती गाड़ी मामूली गलती से भी न केवल दूसरों की जान ले सकती है, बल्कि खुद चालक और उसमें बैठे लोगों की जिंदगी भी खत्म हो सकती है। पर लगता है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं शौक का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है, जो एक उम्मीद जगाता है एवं रोशनी बन रहा है।

दुनिया में सर्वाधिक तेजी से उन्नत सड़कों का जाल बिछाने में भारत अग्रणी है। लेकिन सुविधाजनक एवं उन्नत होती सड़कों पर मौत की काली छाया का मंडराना सड़क विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह दाग सरकारी रिपोर्ट में ही सामने आया है, जिसके अनुसार देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए। राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही। सड़क दुर्घटनाओं का लगातार बढ़ना अनेक सवाल खड़े करता है। तभी सुप्रीम कोर्ट भी तल्ख टिप्पणी कर चुका है कि ड्राइविंग लाइसेंस किसी को मार डालने के लिए नहीं दिए जाते। हादसों से संबंधित कानूनी प्रावधान अभी इस कदर कमजोर हैं कि किसी की लापरवाही की वजह से दो-चार या ज्यादा लोगों की जान चली जाती है और आरोपी को कई बार थाने से ही छोड़ दिया जाता है। सड़क दुर्घटनाओं ने कहर बरपा रखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2009 में सड़क सुरक्षा पर अपनी पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं की दुनिया भर में 'सबसे बड़े कातिल' के रूप में पहचान की थी। भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 78.7 प्रतिशत हादसे चालकों की लापरवाही के कारण होते हैं। वैसे एक प्रमुख वजह शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना है। विडंबना यह है कि जहां हमें पश्चिमी देशों से कुछ सीखना चाहिए वहां हम आंखें मूंद लेते हैं और पश्चिम की जिन चीजों की हमें जरूरत नहीं है उन्हें सिर्फ इसलिए अपना रहे हैं कि हम भी आधुनिक कहला सकें। एक आकलन के मुताबिक आपराधिक घटनाओं की तुलना में पांच गुना अधिक लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है। कहीं बदहाल सड़कों के कारण तो कहीं अधिक सुविधापूर्ण अत्याधुनिक चिकनी सड़कों पर तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहनों के कारण ये हादसे होते हैं। दुनिया भर में सड़क हादसों में बारह लाख लोगों की प्रतिवर्ष मौत हो जाती है, जिनमें भारत में सर्वाधिक मौते होती है। ट्रैफिक व्यवस्था कुछ अंशों में महानगरों को छोड़कर कहीं पर भी पर्याप्त व प्रभावी नहीं है। पुलिस व्यक्ति की सुरक्षा में तैनात रहती है जनता की सुरक्षा में नहीं। हजारों वाहन प्रतिमास सड़कों पर नए आ रहे हैं, भीड़ बढ़ रही है, रोज किसी न किसी को निगलनेवाली रेड लाइनें बढ़ रही हैं। दुर्घटना में मरने वालों की तो गिनती हो जाती है पर वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएँ से प्रतिदिन मौत की ओर बढ़ने वालों की गिनती असंख्य है। वाहनों में सुधार हो रहा है पर सड़कों और चालकों में कोई सुधार नहीं। सन् 2023 तक वाहनों का उत्पादन और मांग जिस अनुपात में बढ़ेगी, सड़कें उस अनुपात में नहीं। अतः यातायात-अनुशासन बहुत जरूरी है। नया भारत निर्मित करने, औद्योगिक विकास और पूंजी निवेश के लिए सरकार सभी प्रकार के गति-अवरोधक हटा रही है। लगता है सड़कों पर भी गति अवरोध हटा रही है। कोई चाहिए जो नियमों की सख्ती से पालना करवा के निर्दोषों को मौत के मुंह से बचा सके। 1988 में बने मोटर वाहन अधिनियम का व्यावहारिकता से परे होना भी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। पिछले तीन दशकों में सड़क परिवहन में आए बदलाव के अनुरूप मोटर अधिनियम में व्यापक बदलाव की दरकार है। अगर सरकार नए वाहनों को लाइसेंस देना बंद नहीं कर सकती तो कम से कम राजमार्गों पर हर चालीस-पचास किलोमीटर की दूरी पर एक ट्रॉमा सेंटर तो खोल ही सकती है ताकि इन हादसों के शिकार लोगों को समय पर प्राथमिक उपचार मिल सके।

ममता और मोदी की सोच?

भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानों के आंदोलन के चलते टाटा द्वारा नैनो कार संयंत्र पश्चिम बंगाल से बाहर जाने के कई दशक बाद सिंगूर के किसान अब ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। उन्हें लौटाए गए भूखंड कृषि योग्य नहीं हैं। कस्बे में उनके लिए पर्याप्त नौकरियां भी नहीं है। इलाके में उद्योग लगाने की मांग के साथ पिछले साल कोलकाता मार्च करने वाले किसानों ने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनका इस्तेमाल किया। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उनकी जमीनें वापस तो मिली। हालांकि, यह (जमीन) या तो कंक्रीट में तब्दील हो गई हैं या मलबे से ढंकी हुई है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक जमीन पर कंक्रीट के खंभों और सीमेंट के स्लैब की मौजूदगी के चलते जमीन को कृषि योग्य बनाने के लिए कम से कम सात से आठ इंच मोटी ऊपरी परत को हटाना होगा।

के. विक्रम राव

अंततः सिंगूर के जनांदोलन का रिजल्ट एक दशक बाद कल (30 अक्टूबर 2023) आ ही गया। हिसाब लगाया जा रहा है कि कौन जीता? कौन हारा? और लुटा तो वह भी कौन? टाटा मोटर्स के रतन टाटा को पौने आठ अरब रुपयों की मुआवजा राशि मिलेगी। वकीलों की फौज को तो जिला से शीर्ष अदालत तक काफी आय हो गई। मगर इन सब में बड़ी लाभार्थी रहीं कुमारी सुश्री ममता बनर्जी। चालीस सालों से सत्ता से चिपकी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को अपदस्थ कर दिया। ज्योति बसु से राज चला था बुद्धदेव भट्टाचार्या तक। सारे कम्युनिस्ट अतीत के गर्त में समा गए। मगर रतन टाटा और ममता बनर्जी की तुलना में सिंगूर के मेहनतकश खेतिहर मजदूर को कुछ न मिला। उसे केवल छीनी गई जमीन मिल गई। पर अब उसकी उर्वरक शक्ति घट गई। सिरमिंट, बालू, निर्माण सामग्री पड़ने से खेत बंजर हो गए। मोटर कंपनी की योजना से आस जगी थी कि जमीन के दाम ऊंचे मिलेंगे। उम्मीद का आधार भी था। सिंगूर क्षेत्र कभी फ्रांसीसी उपनिवेश में था, नाम चंद्रनगर रहा। हुगली नदी के निकट। हरियाली थी, उम्दा खेती की संभावनाएं भी।

अब करदाता से वसूली की गई राशि से काटकर टाटा को मुआवजा की रकम देने पर लोहियावादी विचारक साथी उमेश प्रसाद सिंह (पटना फोन नं. : 9304773036) का सुझाया उपाय भला, नीक और तार्किक है नैनो कार के मामले में 766 करोड़ रूपये के नुकसान का मामला ममता बनर्जी के निजी सम्पति से वसूलने की कार्रवाई होनी चाहिये?

बंगाल की खाड़ी के इस झगड़े से अरब सागर पर स्थित गुजरात को लाभ मिला। जब रतन टाटा ने थक कर, खीझकर तय किया (7 अक्टूबर 2008) कि अहमदाबाद जिले के साणंद में यह छोटे मोटर कार का कारखाना लगाएंगे। तब एक घटना हुई थी। सिंगूर में मारकाट से टाटा भी तब तक तंग आ चुके थे। सोच रहे थे कि विकल्प क्या होगा? तभी गुजरात के भाजपाई मुख्यमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी ने सिर्फ एक लाइन लिखी रतन टाटा को। एक ही शब्द लिखा, बल्कि केवल छः अक्षर सुस्वागतम, अर्थात गुजरात में पधारिए। टाटा मान गए। साणंद में इकाई लगा दी। करीब 1100 एकड़ में (2010 में) प्लांट लगा। नाम रखा टाटा नानो। गुजराती में नानो का शाब्दिक अर्थ ही है ननकऊ (लघु)। नया मोड आ गया भारत के वित्तीय इतिहास में। करीब ग्यारह सौ एकड़ जमीन साणंद तालुका के खोड़ा गांव में टाटा ने संयंत्र लगाया। मोदी सरकार ने तब एक एकड़ (केवल 900 रुपए वर्गमीटर) के दाम पर दी। नवीनतम कार विनिर्माण सुविधा भी है और टाटा टैगो और टाटा टेगोर जैसी लोकप्रिय हैचबैक बनाती है। संयंत्र 2018 में 100 फीसदी क्षमता उपयोग तक पहुंच गया। टाटा मोटर्स ने 2020 में साणंद संयंत्र में निर्मित 300,000वां टियागो तैयार किया।

इस संयंत्र ने गुजरात राज्य में ऑटोमोबाइल उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टाटा मोटर्स द्वारा साणंद में निवेश करने के बाद, गुजरात में कई ऑटोमोबाइल विनिर्माण संयंत्र खुल गए हैं सुजुकी मोटर गुजरात, फोर्ड इंडिया, एमजी मोटर इंडिया, हीरो मोटोकॉर्प, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया, आदि। टाटा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी फोर्ड मोटर्स से साणंद में दूसरा प्लांट हासिल करने की योजना बना रही है क्योंकि मौजूदा साणंद प्लांट पूरी क्षमता तक पहुंच गया है।

अब शस्यश्यामला सिंगूर के किसान यदि बालुई साणंद के नवसृजित उत्कर्ष को ललचायी दृष्टि से देखें तो? दोष केवल ममता बनर्जी की अतीवी गफलत को जाता है। भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानों के आंदोलन के चलते टाटा द्वारा नैनो कार संयंत्र पश्चिम बंगाल से बाहर जाने के कई दशक बाद सिंगूर के किसान अब ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। उन्हें लौटाए गए भूखंड कृषि योग्य नहीं हैं। कस्बे में उनके लिए पर्याप्त नौकरियां भी नहीं है। इलाके में उद्योग लगाने की मांग के साथ पिछले साल कोलकाता मार्च करने वाले किसानों ने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनका इस्तेमाल किया। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उनकी जमीनें वापस तो मिली। हालांकि, यह (जमीन) या तो कंक्रीट में तब्दील हो गई हैं या मलबे से ढंकी हुई है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक जमीन पर कंक्रीट के खंभों और सीमेंट के स्लैब की मौजूदगी के चलते जमीन को कृषि योग्य बनाने के लिए कम से कम सात से आठ इंच मोटी ऊपरी परत को हटाना होगा। यह बहुत खर्चीली प्रक्रिया है। किसान इसकी लागत वहन नहीं कर सकते। किसानों ने कहा कि ऐसा नहीं किए जाने पर जमीन को कृषि योग्य बनाने के लिए कम से कम दस साल लगेंगे। हुगली से बीजेपी की पुरोधा लॉकेट चटर्जी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने राजनीतिक फायदे के लिए किसानों का शोषण किया।

मसलन लखनऊ क्या था? सिवाय स्कूटर्स इंडिया और एच.एल.ए.के? रोजगार के हिसाब से विश्वविद्यालय के स्नातकों को बस कन्डक्टर, छोटे बाबू अथवा चपरासी की नौकरी ही थी। वर्तमान परिदृश्य में प्रगतिवादी बदलाव आ रहा है। साणंद इतिहास के कैलेंडर के कुछ पन्ने पलट कर फिर नया दौर लाएगा। सिंगूर भी पिछड़े बंगाल में नवविकास का संदेश दे सकता था। पर ममता बनर्जी को माकपा को उखाड़ फेंकने की जल्दी थी। सत्ता हथियाने की। नतीजन टाटा को अरबों का फायदा हुआ। निर्धन खेतिहर को ठेंगा मिला?

अब ध्यान दें कृषि तथा उद्योग के पहलुओं पर। नीतिगत तौर पर नयी अर्थनीति के तहत अंचलों में भी छोटे-मध्यम उद्योगों की साथ चुनिंदा इलाकों में बड़े उद्योग की योजना बननी चाहिए। अमूल एक छोटा सा गांव था बड़ोदरा के निकट, खेड़ा में। आज वह एशिया का विशाल दूध उत्पादन केंद्र बन गया है। ठीक है ऐसी ही परिकल्पना है अब साणंद की भविष्य में। यह भी एक महान औद्योगिक केंद्र बन कर रहेगा। वहां की जनता भी यह मानती है। प्रमुदित है। नजरिया आम जन के विकासवाला है। समझी ममता जी!

जंग के साये में हम्मास की जारहियत के दरमियान अमन का हुसूल

इंशा वारसी

हम्मास और इसराईल के दरमयान तनाज़आत की हालिया शिद्दत पूरी दुनिया में गूंज उठी है, जिससे अक्वाम और आलमी बिरादरी हम्मास के अस्करियत पसंदों के अचानक हमले के नतीजे में मुश्किलात से दो-चार है। यहूदीयों के सलकोट के तेहवार के इख़तताम पर ईसराईलियों के लिए जश्न मनाने के वक़्त के दौरान, पूरी क़ौम में सायरन बजने से अमन तबाह हो गया। हम्मास की तरफ़ से तर्तीब दिया गया हमला, तेज़ी से और जारिहाना अंदाज़ में हुआ, जिसने इसराईल को चौकस कर दिया।

इस कशीदगी का मर्कज़ हम्मास है, जो 1987 मैं पहली फ़लस्तीनी इंतिफादा के दौरान पैदा होने वाला अस्करियत पसंद ग्रुप है, जिसकी जड़ें अख़्वान उल मुस्लिमून की फ़लस्तीनी शाख़ में पैवस्त हैं। हम्मास फ़लस्तीन लिबरेशन आर्गेनाईज़ेशन और इसराईल के दरमियान होने वाले की सख़्ती से मुख़ालिफ़त करती है, जिसका मक़सद एक इस्लामी फ़लस्तीनी रियासत के क़ियाम का मक़सद है। हालिया हमला, जो ख़तरनाक हद तक दुरूस्तगी के साथ अंजाम दिया गया, ने मुख़्तलिफ़ हिक्मत अमलियों को इस्तेमाल किया, बशमूल फ़िज़ाई हमले, समुंद्री हमले, और ज़मीनी दरअंदाज़ी, जिससे बड़े पैमाने पर तबाही और उल-मनाक जानी नुक़्सान हुआ। अलिफ़ इंटैलीजैंस रिपोर्टस के ज़रीया तजवीज़ करदा सूरत-ए-हाल को पेचीदा बनाने में ईरान की मुश्तबा शमूलियत है। जब कि हम्मास ने हमलों की मंसूबा बंदी की, फ़लस्तीनी अस्करियत पसंद ग्रुपों की हिमायत की इस की तारीख़ के पेश-ए-नज़र, ईरान की हिमायत के बारे में ख़दशात बरक़रार हैं। ईरान के बराह-ए-रास्त मुलव्वस होने से इनकार के बावजूद, हम्मास के साथ दस्तावेज़ी ताल्लुक़ात परेशानकुन सवालात

को जन्म देते हैं। ईरान की तरफ़ से माली और फ़ौजी इमदाद तनाज़ा को मज़ीद तेज़ करती है और इस की कसीर जहती नौइयत को उजागर करती है।

ये इज़ाफ़ा बैन-उल-अक़वामी मुदाख़िलत की अहम ज़रूरत पर-ज़ोर देता है, ख़ासतौर पर अक़वाम-ए-मुत्तहिदा से। फ़लस्तीनी आबादी, जो क्रास फ़ायर की ज़द में है, हम्मास जैसे अस्करियत पसंद ग्रुपों की कार्यवाइयों की वजह से बहुत ज़्यादा नुक़्सान उठाती है, एक ऐसी तंज़ीम जिसे अक़वाम-ए-मुत्तहिदा ने तस्लीम नहीं किया और उसे एक दहशतगर्द ग्रुप के तौर पर दर्जा बिन्दी किया है। आलमी बिरादरी के लिए ये ज़रूरी है कि वो इन इंतेहापसंद धड़ों और उन मासूम शहरियों के दरमियान फ़र्क़ करे जिनकी वो नुमाइंदगी का झूटा दावा करते हैं। इस्लामी तालीमात बे-गुनाहों के ख़िलाफ़ तशद्दुद की मुज़म्मत करते हुए इन्सानी ज़िंदगी के तक़द्दुस पर वाज़िह तौर पर-ज़ोर देती हैं। हम्मास, उन बुनियादी उसूलों से भटक कर ईसराईलियों को बहुत ज़्यादा पहुंचाती है, मुस्लमानों के आलमी तास्सुर को दाग़दार करती है। क़ुरआन इन्सानी ज़िंदगी की क़दर पर-ज़ोर देता है, नुक़्सान पहुंचाने की बजाय जानों के तहफ़्फ़ुज़ की अहमियत पर-ज़ोर देता है। इस पेचीदगी के दरमयान, अक़वाम-ए-मुत्तहिदा की तरफ़ से फ़राहम करदा सिफ़ारती क़रारदादें और अमन मुज़ाकरात ना सिर्फ मतलूबा बल्कि ज़रूरी हैं। फ़लस्तीनी और इसराईली, दोनों सलामती और अमन के मुस्तहिक़ हैं, इंतेहापसंद धड़ों की कार्यवाईयों का यरग़माल नहीं बनाया जाना चाहिए। इन्सानी जानों के तक़द्दुस को बरक़रार रखना और इस्लाम की पुरअमन तालीमात पर अमल पैरा रहना ख़ित्ते में हल और बकाए बाहमी की तरफ़ रहनुमाई कर है।

फ़लस्तीन और इसराईल के दरमयान जारी तनाज़ा की रोशनी में हम्मास के इक़दामात की ग़ैर वाज़िह अलफ़ाज़ में मुज़म्मत ज़रूरी है। लातादाद दुश्मनी जिसने लातादाद मसाइब को जन्म दिया है उसे फ़ौरी तौर पर ख़त्म होना चाहिए। वो लोग जिन्होंने मसाइब बर्दाश्त किए हैं और वो बर्दाश्त कर रहे हैं वो इन्साफ़ के मुस्तहिक़ हैं, जो पुरअमन बातचीत के ज़रिये हासिल किया जा सकता है। हमारे आलमी रहनुमा, हमारे अपने मुअज्ज़िज़ वज़ीर-ए-आज़म के जज़्बात की बाज़गश्त करते हुए इस बात पर-ज़ोर देते हैं कि ये जंग का नहीं अमन का दौर है। क़रारदाद हथियारों और दहशतगर्दी में नहीं बल्कि मुख़लिसाना, पुरअमन मुज़ाकरात में मुज़्मिर है। अक़वाम-ए-मुत्तहिदा की सरपरस्ती में आलमी बिरादरी को इस दुश्मनी को ख़त्म करने के लिए फ़ौरी मुदाख़िलत करनी चाहिए। दहशतगर्दी की मुज़म्मत कर के, अमन की वकालत कर के, और इस बात को यक़ीनी बनाकर कि मसाइब के ज़िम्मेदारों को पुरअमन ज़राए से जवाबदेह ठहराया जाये, हम ऐसे मुस्तक़बिल की राह हमवार कर सकते हैं जहां तनाज़आत पर हम-आहंगी की फ़तह हो। फ़ौरी और फ़ैसलाकुन मुदाख़िलत सिर्फ एक ज़रूरत नहीं है। ये एक अख़लाक़ी ज़िम्मेदारी है, इस बात को यक़ीनी बनाना कि हर फ़र्द ख़ौफ़, तशद्दुद और जंग के तबाहकुन नताइज से पाक दुनिया में रह सके।

किस प्रकार रखें अपनी इम्युनिटी स्ट्रांग

विनीता झा

हर व्यक्ति चाहता है कि उसका जीवन हर प्रकार की बिमारीयों से मुक्त रहें। लेकिन अकसर लोग किसी ना किसी बिमारी के शिकार हो जाते हैं। इसकी वजह है सही मात्रा में शरीर को प्रोटीन ना मिल पाना। आपने कई बार गौर किया होगा कि कुछ लोग अकसर बिमार रहते हैं। इसका कारण है उनका कि इम्यून सिस्टन कमजोर होता हैं। जिसके कारण शरीर में विभिन्न तरह के संक्रमण, वायरल, वायरस, फ्लू तरह-तरह के रोग होने लगते हैं। रोगप्रतिरोधक क्षमता शरीर मजबूत होने से शरीर स्वस्थ और व्यक्ति लम्बी आयु को जीवन यापन करता है। मजबूत इम्यूनिटी सिस्टम शरीर हृदय, किड़नी, मस्तिष्क, लीवर, फेफड़े, हड्डियां, शरीर के विभिन्न अंग स्वस्थ और रक्त संचार सुचारू रूप से चलता है। जो कि स्ट्रांग इम्यून सिस्टम की ओर संकेत करता है।

अकसर बुढ़ापे की ओर बढ़ने पर व्यक्ति का इम्यून सिस्टम प्राकृतिक रूप से कमजोर होने लगता है। जिससे शरीर में विभिन्न तरह के रोग होने लगते है। धीरे-धीरे व्यक्ति का इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर होने से सुनने, बोलने, चलने, फिरने, देखने आदि तरह से विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। अगर हमे अपना इम्यून सिस्टम स्ट्रांग रखना है तो सबसे ज्यादा अपने डाइट पर ध्यान देना होगा। जैसे कि:-

संतुलित आहारः- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली खाद्यपदार्थ नित्य डाईट में शामिल करें। जिसमें हरी सब्जियां, ताजे फल एवं फलों का रस खास तौर पर शामिल हैं।

नेचुरल एंटीऑक्सीडेंट्स- इम्यून सिस्टम बढ़ाने में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स अपने रूटीन में शामिल करें। रिच एंटीऑक्सीडेंट्स फूड्स शरीर को संक्रमण, वायरल, बैक्टीरिया विभिन्न रोगों से बचाये रखने में खास सहायक होते हैं। जैसेः- संतरा, अंगूर, चैरी, आम।

सेलेनियमः- मशरूम, सूरजमुखी बीज, काजू, अण्डा, मछली, लाल मीट, प्याज, ब्राउन राईस, ओट्स, मटर, सलगम, चिकन रिच इम्यून बढ़ाने में सहायक है।

पौष्टिक संतरा एवं खट्टे मीठे फलः- रिच विटामिन सी वाले फल संतरा, अन्नास, नीबू, मौसमी और खट्टे मीठे फल विभिन्न तरह के संक्रमण, वायरल, फ्लू के प्रकोप को निष्क्रीय करते हैं। विटामिन सी वाले फल शरीर में एल.डी.एल. गुड कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढाती है। और ब्लडप्रेशर को हमेशा नियंत्रण में रखती है। रिच फ्रूटस हार्ट, किड़नी, मस्तिष्क, धमनियों, हड्डियों को स्वस्थ हैं। जोकि रोगतिरोधक क्षमता बढ़ाने में खास सहायक हैं।

स्वास्थ्यवर्धक बादामः- बादाम विटामिनस, मिनरलस खनिज तत्वों का भरपूर स्त्रोत है।

निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु 60 दिवसीय अभियान का शुभारम्भ

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार 01 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक 60 दिवस का गौसंरक्षण अभियान आज प्रारम्भ किया गया,सबसे पहले शेख सरायं 7.50 एकड़ भूमि के ऊपर नगर निगम द्वारा प्रस्तावित नन्दीशाला का निरीक्षण किया गया यहाँ वर्तमान में 02 शेड बने हैं इनका विस्तारीकरण करते हुए 200 नन्दियों के लिए आधुनिक शेड के साथ केयर टेकर कक्ष, भूसा गोदाम, बोरिंग, सोलर लाइट की व्यवस्था तथा वर्मी कम्पोस्ट की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये 01 माह में इस केन्द्र को चालू किया जाना है। इसके उपरान्त ग्राम पंचायत पपनामऊ (चिनहट) में 15 एकड़ भूमि पर वर्तमान में निर्मित अस्थायी गोआश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया तथा 02 ट्रक गोवंश को मौके पर संरक्षित कराया गया। इस गोआश्रय स्थल को मॉडल गोआश्रय स्थल के रूप में विकसित कर सीसी फर्श का निर्माण कराये जाने भूसा गोदाम एवं कार्यालय निर्माण के साथ ही चारागाह विकास के निर्देश दिये गये लखनऊ जिले में जिन ग्राम पंचायतों में निराश्रित गोआश्रय स्थल स्थापित हैं उनके निकटवर्ती 07 ग्राम पंचायतों में राज्य वित्त आयोग की धनराशि का पूलिंग करते हुए गोआश्रय स्थलों की व्यवस्था को 01 सप्ताह के अन्दर सुधारने के निर्देश दिये गये। यह अभियान 02 माह तक चालू रहेगा, जिसके उपरान्त जिलाधिकारी का प्रमाण-पत्र लिया जायेगा। इसे लोक अभियान के रूप में सम्बन्धित ग्राम प्रधानों, ब्लाक प्रमुखों एवं सभासदों के सहयोग से चलाया जायेगा। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव, पशुधन विभाग डॉ रजनीश दुबे, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार, नगर आयुक्त लखनऊ श्री इंद्रजीत सिंह एव मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय जैन उपस्थित रहे।

परिवार नियोजन के प्रति सजग है आधी आबादी

अवधनामा संवाददाता

■ साल दर साल बढ़ रही महिला नसबंदी के लाभार्थियों की संख्या

देवरिया। जिले में परिवार नियोजन के प्रति आधी आबादी सजग है। निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों के कारण जिले में महिला नसबंदी अपनाने वालों की संख्या बढ़ी है। सीएमओ डॉ. राजेश झा ने बताया कि जागरूकता के जरिये परिवार कल्याण कार्यक्रम को गति दी जा रही है।

सास, बहू बेटा सम्मेलन और परिवार नियोजन की नियमित योजनाओं के माध्यम से छोटा परिवार सुखी परिवार का सन्देश दिया जा रहा है। जिले में हर शुक्रवार को अंतराल दिवस और हर महीने की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाए जाने के साथ ही समय-समय पर आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को परिवार नियोजन की महत्ता बताई जाती है। इसके साथ ही माह के एक, नौ, सोलह और चौबीस तारीख को आयोजित होने वाले पीएमएसए डे पर भी आने वाले लाभार्थियों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जाता है । साथ ही उन्हें मनपसंद साधन भी उपलब्ध कराए जाते हैं। सीएमओ ने बताया कि प्रसव पश्चात महिला नसबंदी पर लाभार्थी को तीन हजार रूपये और पुरुष नसबंदी करवाने पर लाभार्थी को तीन हजार रूपये की धनराशि दी जाती है। वहीं आशा कार्यकर्ता को पुरुष नसबंदी के लिए प्रेरित करने पर चार सौ रूपये और महिला नसबंदी के लिए प्रेरित करने पर तीन सौ रूपये की धनराशि दी जाती है। जिले में तीन सर्जन डॉ अजय शाही, डॉ मसूद आलम और डॉ अजीत सिंह गौतम द्वारा महिला और पुरुष नसबंदी की सेवा दी जा रही है। इन तीन चिकित्सकों के माध्यम से जिले के 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्धारित सेवा दिवसों के जरिये नसबंदी की सेवाएं दी जा रही हैं। इन सभी प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 में जिले में महिला नसबंदी की संख्या 4307 थी जो 2021-22 में बढ़कर 4513 और इसके बाद वर्ष 2022-23 में 4584 हो गई। जिले में हर माह करीब चार बार और मेडिकल कालेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल में प्रतिदिन नसबंदी की सेवाएं दी जाती हैं।

छोटे परिवार के फायदे जान कराई नसबंदी

भाटपाररानी ब्लाक के कोठवलिया गांव निवासी संजू देवी (38) बताती हैं कि उनके दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा सात वर्ष और बेटी डेढ़ वर्ष की है। उन्होंने बताया कि बेटी के जन्म के बाद आशा संगिनी रंजना कुशवाहा ने परिवार नियोजन के सभी साधनों के बारे में बताया। सबसे पहले संजू ने त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन का चुनाव किया इसके बाद आशा संगिनी ने घर आकर उनके पति सचिन जायसवाल और उनकी सास को परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी और छोटे परिवार के फायदे के बारे में बताया। यह बात जानकारी होने पर पति सचिन ने कहा अब हमारा परिवार पूरा है। नसबंदी के लिए सचिन भी आशा संगिनी रंजना के सहयोग से 13 जून 2023 को सीएचसी भाटपाररानी पर पत्नी के साथ गये।

नसबंदी दूरबीन विधि से आसान

जिले में सर्वाधिक नसबंदी करने वाले चिकित्सक डॉ मसूद आलम ने बताया कि महिला नसबंदी के लिए दो विधियां प्रमुख हैं। यह नसबंदी लैप्रोस्कोपिक प्रक्रियाएं (दूरबीन विधि) और चीरा विधि के माध्यम से होती है। लैप्रोस्कोपिक प्रक्रिया में छोटा छेद कर सर्जरी की जाती है। इसके लाभार्थी तेजी से ठीक हो सकते हैं और अपनी सामान्य गतिविधियों में जल्दी लौट सकते हैं। इस विधि में न्यूनतम घाव होता है, दर्द और असुविधा को कम करता है, अस्पताल में कम समय तक रहना पड़ता है। यह विधि काम पर जल्दी लौटने की अनुमति देती है और जटिलताओं का जोखिम भी कम रहता है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में शियों पर हो रहे हमले के विरोध में ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड की बैठक

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड की एक बैठक पाकिस्तान के पारा चिनार में शियों पर हुए आतंकी हमलों और अफगानिस्तान में शियों को मस्जिद में बम ब्लास्ट से शहीद किए जाने की विरोध में अध्यक्ष मोहम्मद ज़की की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा में संस्था के महासचिव हसन मेहंदी ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान समेत कई देशों में शियों पर आतंकी हमले हो रहे हैं जिनमें सैकड़ों शिया मारे जा रहे हैं लेकिन हमास पर बोलने वाले शियों की हत्याओं पर चुप रहते हैं क्योंकि शियों का खून पानी है। आज भी लगातार शियों की हत्याएं हो रही है पाकिस्तान के पारा चिनार और अफगानिस्तान में इस समय जब इसराइल हमास युद्ध चल रहा है शिया मुसलमान पर हमले क्या बताता है? सभा में दोनों देशों में हो रहे आतंकी हमले की कड़े शब्दों में भर्त्सना की गई साथ ही इसराइल हमास पर बयान देने वालों से अपील की गई कि वह शियों पर भी होने वाले हमलों पर भी बोले।

वलियों की सोहबत से मिलती है कामयाबीः आबिद

बांदा अवधनामा संवाददाता। बीती रात ग्राम गिरवा में एक जलसा ए सीरातुन्नबी सल्लाहो अलैहे वसल्लम का आयोजन किया गया।जिसमे हज़रत अल्लामा सैय्यद आबिद रब्बानी ने शेर पढ़ा मौलवी हरगिज़ न शुद मौलाए रूमता गुलामे शम्स तबरेज़ी न शुद यानी मौलाना रूम अलैहे रहमा फरमाते हैं मै उस वक्त तक रूम का मौला न था जब तक मैने शम्स तबरेज़ की गुलामी न की थी ए लोगो तुम्हे कामयाब होना है तो इल्म के साथ वलियो की सोहबत और वलियों की मोहब्बत अपने दिलो में बसा लो इससे तुम्हारी दुनिया और अखिरत कामियाब हो जायेगी। हज़रत अल्लामा मौलाना सैय्यद वाजिद रब्बानी ने शेर पढ़ा वाह क्या मर्तबा ऐ गौस है बाला तेरा ऊचो ऊचो के सरो से क़दम आला तेरा यानी दुनिया के तमाम औलिया के गर्दनों पर गौस ए आज़म का क़दम है उस वक्त तक वली वली नही होता जबतक गौस ए आज़म का क़दम अपने गर्दन पर तस्लीम न करें।

राज्य स्तरीय टीम ने देखा कोल्ड चेन गुणवत्तापूर्ण सेवा के लिए किया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता

■ तीन दिनों में एम्स समेत पांच प्वाइंट का पर किया गया सहयोगात्मक पर्यवेक्षण

गोरखपुर। तीन दिवसीय दौरे पर आई राज्य स्तरीय टीम ने जिले के पांच कोल्ड चेन प्वाइंट का दौरा कर सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया । टीम ने चेन प्वाइंट के हैंडलर्स को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया और उनका क्षमता वर्धन भी किया। इस दौरान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और बसंतपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र के मॉडल टीकाकरण केंद्र समेत आंकाक्षी ब्लॉक बांसगांव और ब्रह्मपुर कोल्ड चेन प्वाइंट पर उपस्थित कर्मियों से टीम ने सवाल भी पूछे । टीम ने कौड़ीराम स्वास्थ्य केंद्र का भी कोल्ड चेन देखा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि टीके को सुरक्षित और असरकारक बनाने में कोल्ड चेन प्वाइंट की अहम भूमिका है । इन प्वाइंट पर दो से आठ डिग्री तापमान के बीच सभी टीके रखे जाते हैं । टीकाकरण सत्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भी तापमान को मेंटेन करते हुए यह सभी टीके उपलब्ध कराए जाते हैं । इन प्वाइंट को देखने के लिए राज्य स्तर से यूएनडीपी संस्था के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर अहमद अब्बास आगा और उनकी टीम आई थी। तीन दिनों के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के बाद टीम ने कई महत्वपूर्ण फीडबैक दिये हैं जिन पर अमल कर समुदाय को बेहतर सेवाएं दी जाएंगी। सीएमओ ने बताया कि जिले के 80 फीसदी से ज्यादा कोल्ड चेन ए ग्रेड के हैं । ईविन एप के जरिये टीकों के तापमान की ऑनलाइन निगरानी की जाती है। इस कार्य में यूएनडीपी संस्था के मंडलीय प्रतिनिधि राजीव रंजन और जनपद प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह सहयोग दे रहे हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नंदलाल कुशवाहा की देखरेख में सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी प्वाइंट पर टीके की कमी हो तो नजदीकी प्वाइंट से उसकी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए । इस कार्य में ईविन एप और जिले के 84 प्रशिक्षित कोल्ड चेन हैंडलर्स मददगार साबित हो रहे हैं। जिले में एम्स का कोल्ड चेन प्वाइंट एक ऐसा टीकाकरण स्थल है जहां पर यूविन एप के जरिये लाभार्थियों को टीकाकरण का ऑनलाइन प्रमाण पत्र दिया जाता है। लाभार्थियों को टीकाकरण के ड्यू डेट की अग्रिम सूचना भी एमएमएस के माध्यम से दी जाती है ।

सरकारी अस्पताल का टीका सुरक्षित

डॉ दूबे ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों पर उपलब्ध टीके पूरी तरह से सुरक्षित है और सरकारी प्रावधानों के तहत ही उपलब्ध है। अवकाश के दिनों में भी सरकारी अस्पताल के कोल्ड चेन पर नजर रखी जाती है। मुख्य स्टोर से स्वास्थ्य केंद्र और वहां से सत्र स्थल तक टीके का तापमान बना कर रखा जाता है। अगर कोई टीका खुलने के कारण खराब हो गया है तो उसे कोल्ड चेन सिस्टम से बाहर कर दिया जाता है। अगर कोई तकनीकी बाधा भी आती है तो कोल्ड चेन बाक्स या आवश्यकता पड़ने पर टीकों का ट्रांसफर कर उनकी गुणवत्ता बनाए रखी जाती है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। गरीब व निर्धन कन्याओं के विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब कन्याओं की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन मांगा जा रहा है। सामूहिक विवाह योजन नवंबर माह के अंतिम सप्ताह मे प्रस्तावित है।

प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जो भी व्यक्ति अपनी पुत्री का विवाह कराना चाहता हैं और वह उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो, आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है तथा वर के लिए 21 वर्ष की आयु पूर्ण होनी चाहिए। इसकी पुष्टि के लिए स्कूल के शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड आधार कार्ड मान्य होगा। साथ ही इस योजना में शामिल होने वाली कन्या अविवाहित अथवा विधवा, परित्यक्ता/तलाक शुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो का पुनर्विवाह किया जाना हो। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन करते समय जरूर लगेगा। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो भी व्यक्ति अपनी पुत्री का विवाह इस योजना के तहत कराना चाह रहे हों वह विभाग की वेबसाइट cmsvy.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। इस आवेदन के लिए जो भी पात्र व्यक्ति हैं वह इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। आवेदक के परिवार की सालाना वार्षिक आय दो लाख रुपए तक होनी चाहिए।

61 देशों से पधारे मुख्य न्यायाधीश व न्यायाधीशों ने ताज का किया दीदार

अवधनामा संवाददाता

■ ताजमहल को देख कर हुए अभिभूत

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 24वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' में प्रतिभाग हेतु 61 देशों से पधारे 250 से अधिक मुख्य न्यायाधीशों व अन्य प्रख्यात हस्तियों ने आज आगरा में विश्व प्रसिद्ध ताजमहल का दीदार किया एवं भारत की सांस्कृतिक विरासत को सराहा। सम्मेलन में पधारे सभी गणमान्य अतिथि नई दिल्ली में एकत्रित हुए और वहीं से आगरा के लिए रवाना हुए।

ताजमहल के अवलोकन के उपरान्त ये सभी गणमान्य अतिथि वापस नई दिल्ली लौट आये, जहाँ राष्ट्रीय बहाई आध्यात्मिक सभा द्वारा बहाई हाउस ऑडिटोरियम में सभी सम्मानित अतिथियों के लिए स्वागत समारोह एवं रात्रिभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि पधारकर समारोह की गरिमा को बढ़ाया। यह जानकारी मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि 61 देशों से पधारे मुख्य न्यायाधीश व अन्य गणमान्य हस्तियाँ कल, 2 नवम्बर को प्रातः 10.00 बजे नई दिल्ली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की समाधि 'राजघाट' पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे एवं इसके उपरान्त अपरान्हः 12.30 बजे कान्स्टीट्यूशन क्लब में सम्मेलन के प्रथम सत्र को सम्बोधित करेंगे। भारत सरकार की विदेश एवं संस्कृति राज्यमंत्री सुश्री मीनाक्षी लेखी इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगी। इसी दिन, अपरान्हः 4.00 बजे सभी गणमान्य अतिथि राष्ट्रपति भवन में जलपान करेंगे। 3 नवम्बर को ये सभी गणमान्य अतिथि लखनऊ पधारेंगे।

फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से प्राप्त कर सकते है डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। पेंशन प्राप्त कर रहे वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र आधार प्रमाणीकरण के फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया का प्रयोग कर प्रदान किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से उन सभी वरिष्ठ नागरिकों को आसानी होगी जिनके अंगुलियों के निशान को कैप्चर करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था या जो किसी कारण से बैंक , डाक घर या संबंधित कार्यालय नहीं जा सकते है। ऐसे सभी लोग अब आसानी से चेहरा प्रमाणीकरण प्रक्रिया से अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अपने घर पर ही अपने एंड्रॉयड मोबाईल की मदद से प्राप्त कर सकते है। इसके लिए अपने एंड्रॉयड फोन में प्ले स्टोर से जीवन प्रमाण फेस ऐप और आधार फेस आरडी ऐप इंस्टॉल करना पड़ता है और चेहरा प्रमाणीकरण प्रक्रिया के माध्यम से स्वयं को प्रमाणित करना पड़ता है। विदित है की प्रत्येक वर्ष पेन्शनधारी को नवंबर महीने में अपने जीवन प्रमाण पत्र का नवीनीकरण जरूरी होता है ताकि पेंशन जारी रहे।

इस प्रक्रिया के अंतर्गत पेन्शनधारी को स्वयं को या किसी अन्य व्यक्ति को जीवन प्रमाण फेस ऐप के माध्यम से ऑपरेटर के रूप में रजिस्टर करना होता है । रेजिस्ट्रैशन के दौरान संबंधित व्यक्ति को अपना आधार नंबर, मोबाईल नंबर और अपना मेल आईडी दर्ज करना होगा। सफलतापूर्वक ऑपरेटर का रेजिस्ट्रैशन पूरा करने के बाद पेन्शनधारी के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी। मोबाईल के स्क्रीन पर एक फॉर्म दिखेगा जिसमे पेन्शनधारी से संबंधित मांगी गई सभी जानकारी को दर्ज करना होगा। इसके बाद मोबाईल के कैमरा के माध्यम से अपने चेहरे को प्रमाणित करना होगा। मोबाईल के स्क्रीन पर जो दिशानिर्देश आएगा उसका पालन करना होगा। चेहरा प्रमाणीकरण के दौरान पेन्शनधारी को अपने आँख को उस समय झपकाना होगा जब प्रकाश सही मात्रा में हो और मोबाईल का कैमरा स्थिर हो।

यूनिटी कालेज के कायम अब्बास को सीआईएससीई नेशनल में चौथा स्थान

अवधनामा संवाददाता

■ पैरों में कांटे चुभने के बाद भी नहीं हारी हिम्मत

लखनऊ। यूनिटी कालेज के कक्षा 10 के छात्र कायम अब्बास जैदी ने सीआईएससीई नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 100 मीटर, 400 गुणे 100 व 4 गुणे 400 रीले स्पर्धाओं में भले ही चौथा स्थान हासिल किया हो मगर उन्होंने पैरों में चुभे हुए कांटों की परवाह न करते हुए फाइनल दौड़ में प्रतिभाग कर सभी को भैचक्का कर दिल जीत लिया।

कर्नाटक के कुमतुर में 27 से 31 अक्टूबर तक आयोजित सीआईएससीई नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में यूनिटी कालेज के कायम अब्बास ने 100 मीटर, 400 गुणे 100 व 4 गुणे 400 रीले स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। उन्होंने उक्त तीनों स्पर्धाओं की हीट में पहला स्थान बनाया। कायम ने बताया की हीट होने के बाद जब वह ट्रैक से बाहर आये तो थकान के चलते शूज हाथ में ले लिए। घास के मैदान पर पहुंचते ही दोनों पैरों में कांटे चुभ गये। उन्होंने बताया कि चिकित्सक ने न दौडने की सलाह दी। कायम बताते हैं कि मैने मिल्खा सिंह के कई वीडियों देखे जिसमें वह दौडने के लिए संघर्ष करते दिखे। मैने भी मिल्खा सिंह की राह पकड़ी और फाइनल दौड़ों में शामिल हो गया। कायम अब्बास बताते हैं कि भले ही मुझे पदक न मिला हो मगर यहां सभी के स्नेह और प्रेम ने मुझे काफी बल दिया है। कर्नाटक से वापसी पर यूनिटी कालेज के एथलीट कायम अब्बास ने लखनऊ एयरपोर्ट पर बातचीत में बताया कि फिलहाल पैरों में चुभे कांटों से निजात पा लूं। इसके बाद ट्रैक पर उतरुंगा। उन्होंने कहा कि मेरी बोर्ड परक्षाएं भी सिर हैं। खेल और पढ़ाई को एक साथ लेकर चलना होगा। कायम के उम्दा प्रदर्शन और हिम्मत की दाद देते हुए कालेज के प्रधानाचार्य कैस्टीलिनों फ्रांसिस और कालेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी ने हौसला अफजाई करते हुए भविष्य में बेतहर प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया। वहीं कालेज के खेल अध्यापक आमिर अली व समस्त स्टाफ ने भी कायम के प्रदर्शन को सराहा।

सरदार पटेल का जन्मदिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया

लखनऊ। सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस (31 अक्टूबर) के उपलक्ष्य में सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी कैम्पसों में नेशनल यूनिटी डे (राष्ट्रीय एकता दिवस) के रूप में बड़े उत्साह व उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के शिक्षात्मक कार्यक्रमों जैसे पोस्टर मेकिंग, भाषण, चित्रकारी, कविता पाठ, देशभक्ति से परिपूर्ण गायन द्वारा राष्ट्रीय एकता, शान्ति, सामाजिक सद्भाव व सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। इस अवसर पर सी.एम.एस. की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने राष्ट्रीय एकता को सदैव सर्वोपरि रखा। डा. गाँधी ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके बताये रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी।

आधी आबादी को अब अबला मानसिकता से निकलना होगा बाहर

अवधनामा संवाददाता

■ एसएसपी श्री हेमराज मीना बोले, दुनिया की श्रेष्ठ डायल पुलिस सेवा में शुमार 112

लखनऊ। आधी आबादी को अब इस अबला मानसिकता से बाहर निकलना ही होगा। हकीकत यह है, महिलाएं न अबला थीं। न अबला हैं। न अबला होंगी। इसमें कोई शक नहीं, पुरूष समाज की तुलना में महिला ही महिला की दुश्मन है। कानून भी आपको तभी मरहम लगा सकेगा, जब आप खुद की मदद करोगी। आपको अपने हकों के बारे में जानना होगा। लड़ना होगा। प्राप्त करना होगा। महिलाओं को स्वावलंबी बनना होगा। यदि आपको मदद की दरकार है, तो सरकार से लेकर कानून और पुलिस के द्वार आपके लिए चौबीसों घंटे खुले हैं। यूनिवर्सिटी के कैंपस को संजीदगी से लीजिएगा। यह आपके जीवन का अनमोल समय है। सच यह है, यह अभिभावकों का आप पर कर्ज है। आप अपने स्टडी के लक्ष्य के प्रति गंभीर रहिएगा। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की एनएसएस इकाई और यूपी पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन को लेकर जागरूकता एवम् संवाद सत्र में छात्र-छात्राओं को ये टिप्स कानूनी और पुलिस विशेषज्ञों ने दिए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में ज्योति नामक लड़की पर केंद्रित लघु नाटिका के जरिए महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों मसलन- छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बाल विवाह आदि को दर्शाया गया। अतंतः यह नाटिका नारी सशाक्तिकरण के संदेश को देने में सफल रही। ज्योति के रूप में जोया खान समेत एक दर्जन से अधिक पात्रों ने इस नाटिका से अतिथियों, कुलाधिपति और ऑडी में मौजूद सैकड़ों छात्र-छात्राओं का दिल जीत लिया। इससे पूर्व ऑडी में एसएसपी, मुरादाबाद श्री हेमराज मीना ने बतौर मुख्य अतिथि, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, बतौर विशिष्ट अतिथि-एडीजे पॉक्सो श्री चंद्रविजय श्रीनेत, एडीजे/सचिव, डीएलएसए श्रीमती माधवी सिंह, एसपी सिटी श्री अखिलेश भदौरिया, एसपी ट्रैफिक श्री सुभाष चंद्र गंगवार आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का

फाइनल में भिड़ेंगी जोया और बिजनौर की टीमें

अवधनामा संवाददाता

■ टीएमयू इंटरस्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से सेकेंड टीएमयू इंटरस्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप-2023 के सेमीफाइनल मुकाबलों में जोया की द आर्यंस और निर्मल पब्लिक स्कूल, बिजनौर की टीमों ने विजयश्री का सेहरा अपने सिर सजाया। इन दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला कल- आज होगा। उल्लेखनीय है, इस चैंपियनशिप में मुरादाबाद के अलावा अमरोहा और बिजनौर समेत कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। इनमें से 08 टीमों ने क्वार्टर फाइनल, जबकि 04 टीमों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। सेमीफाइनल के मुकाबले विल्सोनिया स्कॉर्ल्स होम, मुरादाबाद बनाम निर्मल पब्लिक स्कूल, बिजनौर एंड द आर्यंस स्कूल, जोया बनाम क्रिप्टन पब्लिक स्कूल, मुरादाबाद के बीच हुए। इन प्रतियोगिताओं में श्री जीशान, श्री कुनाल चौधरी, मो. इम्तियाज, श्री जतिन शर्मा आदि बतौर एम्पायर शामिल रहे। कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के प्रिंसिपल प्रो. मनु मिश्रा की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

विल्सोनिया स्कॉर्ल्स होम, मुरादाबाद और निर्मल पब्लिक स्कूल, बिजनौर के बीच हुए सेमीफाइनल मुकाबले में निर्मल पब्लिक स्कूल ने 34 रनों से जीत दर्ज की। निर्मल पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में दो विकेट खोकर 156 रन बनाए। बल्लेबाज आदर्श शर्मा ने 55 बाल में 109 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। आदर्श ने अपनी पारी में 17 चौके और 01 छक्का भी लगाया। बल्लेबाज आदर्श शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विल्सोनिया स्कॉर्ल्स की टीम 09 विकेट पर 122 रन ही बना सकी। द आर्यंस स्कूल, जोया और क्रिप्टन पब्लिक स्कूल, मुरादाबाद के बीच हुए सेमीफाइनल में आर्यंस की टीम ने 17 रनों से जीत दर्ज करके फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टॉस जीतकर द आर्यंस की टीम के कप्तान अर्श ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 15 ओवर में 05 विकेट खोकर आर्यंस की टीम ने 118 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए क्रिप्टन पब्लिक स्कूल की टीम 05 विकेट के नुकसान पर 99 रन ही बना सकी। द आर्यंस के बल्लेबाज आयुष को मैन ऑफ द मैच चुना गया। बल्लेबाज अयान ने 29 बाल में सर्वाधिक 31 रनों की पारी खेली। द आर्यंस की ओर से गेंदबाज अमन और क्रिप्टन पब्लिक की ओर से गेंदबाज तेजस ने 03-03 विकेट चटकाए। प्रतियोगिताओं के दौरान फैकल्टीज़- श्री यशचन्द्र गंगवार, श्री उनमेश उथासैनी, श्री तौहीद अख्तर, श्री योगेश शर्मा, श्री मुकेश कुमार सिंह के संग-संग बीपीएड, एमपीएड और बीपीईएस के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

गौरा मैया जी दे रही सुहाग चलो सखी लेने चले...

- सुहागिनों ने चांद निकलने के साथ किया अपने पिया का दीदार
- शिव योग व मृगशिरा नक्षत्र में मना करवाचौथ का त्यौहार

वहाज अली निहाल

इटावा। गौरा मैया जी दे रही सुहाग चलो सखी लेने चले, मैया मेरी बिंदिया अमर रखना मेरी मांग मोतियों से भरी रखना, सजना का साथ रहे सारी उमर, देवी मैया सुहाग मेरा रखना अमर यखना।करवा माता से कुछ इस तरह की कामना लेकर सोलह श्रंगार में सजी धजी महिलाओं ने चांद का दीदार कर अपना व्रत खोला।

बुधवार को जिले भर में सुहागिनों के प्रमुख पर्व करवाचौथ की धूम रही। जगह-जगह लाल साड़ी, लाल बिंदिया, हाथों में लाल मेहंदी लगाए महिलाओं ने विधि पूर्वक पूजन अर्चन कर चंद्रदेव से पति की लम्बी उम्र व स्वस्थ रखने की कामना की और पति के साथ घर में बड़े बुजुर्गों से आर्शीवाद प्राप्त किया।

करवाचौथ का त्यौहार सुहागिनों के लिए विशेष माना जाता है। इस दिन विवाहिता महिलाएं व जिनके विवाह होने वाले होते हैं। वे अपने पति की लंबी आयु की कामना व खुशहाल जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। इस बार करवाचौथ का त्यौहार सर्वार्थ सिद्धि, परिधि व शिव योग के साथ मृगशिरा नक्षत्र के कई मंगलकारी योगों में पड़ा था। त्यौहार पर पूजन का मुहूर्त 1घंटा 10 मिनट था। लेकिन चन्द्रदेव ने दर्शन देर से दिये। आसमान में जैसे ही चौथ की चांदनी खिली वैसे ही सुहागिनों के अरमानों का चांद खिल गया। चंदा जैसी सजी-धजी सुहागिनों ने चंद्रमा का दीदार कर पति की लंबी आयु के लिए चांद से दुआ मांगी। पूरे दिन निर्जला व्रत रखा और शाम के समय भगवान शंकर, माता पार्वती, भगवान गणेश व भगवान कार्तिकेय की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अर्ध्य देकर अखंड सुहाग की कामना भी की। सुबह से शाम तक निर्जला व्रत रहीं महिलाओं ने पति का मुंह मीठा करा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रतिवर्ष कार्तिक मास की चौथ को करवाचौथ का त्यौहार मनाया जाता है। इसे संकटी श्री गणेश चतुर्थी व्रत भी कहा जाता है। अति सौभाग्य में वृद्धि कारक इस व्रत को सुहागिन स्त्रियां पूरे श्रद्धा भाव व मनोयोग के साथ करती हैं। यह भी मान्यता है कि करवा चौथ का व्रत जो सुहागन रखती हैं इस व्रत से उनके पति की आयु, यश व कीर्ति बढती है। महिलाओं ने सुबह से ही निर्जला व्रत रखा था उनके द्वारा पूजन अर्चन के लिए तरह तरह के पकवान भी बनाये गये थे। देर शाम सुहागिनों ने सोलह श्रंगार करके भक्ति भाव के साथ शिव परिवार की विधि विधान से पूजा अर्चना की। जिन महिलाओं ने अपने घरों की दीवारों पर करवाचौथ लिखी थी या फिर उनके द्वारा पूजन के लिए कैलेंडर लाए गए थे उनकी पूजा-अर्चना की गई और वीरमती के द्वारा किए गए व्रत की कथा भी पढ़ी गई । सुहागनों ने रोली अक्षत, सिंदूर, फूल, सुपारी, पंचमेवा, ऋतु फल, मिष्ठान, बेसन की पूरी, मीठे पुएं, कढी, भात आदि सामग्री से पूजन अर्चन किया। घर की छतों पर चावल के एपन से चंद्र देव का चित्र बनाया गया था। चंद्रदेव के दीदार के बाद चित्र की पूजा अर्चना की गई। सुहागिनों ने चंद्र देव को अर्घ्य देकर घर में सभी का आशीर्वाद लिया और अपने निर्जला व्रत का परायण किया।

पूरे दिन चला सजने संवरने का सिलसिला

इटावा। करवा चौथ के त्यौहार को लेकर सुहागननों के सजने संवरने का सिलसिला बुधवार को पूरे दिन चला। वैसे तो पिछले कई दिनों से ब्यूटी पार्लर फुल चल रहे थे। लेकिन त्यौहार के दिन पार्लरों पर महिलाओं की सबसे अधिक भीड़ रही। शहर में हर छोटे-बड़े ब्यूटी पार्लर पूरी तरह से फुल रहे। जिसके कारण महिलाओं को काफी इंतजार भी करना पड़ा। मेहंदी लगवाने के लिए भी महिलाओं में होड़ मची रही विभिन्न डिजाइनों की मेहंदी करवाचौथ के त्यौहार पर महिलाओं ने रचाई। शाम को पूरी तरह से सज धज कर ही पूजन अर्चन किया।

पूरे दिन चला मिठाई की खरीदारी का सिलसिला

इटावा। करवा चौथ के त्यौहार पर जहां पूरे दिन विभिन्न प्रकार के सामानों की खरीदारी का सिलसिला चलता रहा। वही मिठाई की दुकानों पर भी खरीदारी के लिए खूब भीड़ रही। रबड़ी, बासौंदी, इमरती, निशास्ता लड्डू के साथ अन्य मिठाइयां भी खूब खरीदी गई। त्योहार को लेकर शहर में मिठाई की दुकानों पर लोगों का पहुंचना सुबह से ही शुरू हो गया था। देर शाम अधिकतर दुकानों पर मिठाईयां खत्म हो गई थी। मिठाई विक्रेताओं ने बताया करवाचौथ के त्योहार को लेकर उनके द्वारा विशेष मिठाइयां तैयार की गई थी।

करवाचौथ पर मिठाई की दुकानों पर भी दिखाई दी भीड़

अवधनामा ब्यूरो



इटावा। बुधवार को करवाचौथ के दिन बाजारों में काफी रौनक दिखाई दी। शहर के रामगंज चौराहे पर स्थित नगर की मशहूर न्यू अंजली स्वीट हाउस, तहसील चौराहे पर श्री बलदेव प्रसाद स्वीट हाउस, के के डिग्री कॉलेज के सामने श्री स्वीट हाउस, शास्त्री चौराहे पर बलदेव स्वीट हाउस, नौरंगाबाद, स्टेशन रोड आदि मिठाई की दुकानों पर लोगों ने मिठाई की भी खूब खरीदारी की।

यातायात माहः यातायात माह का किया शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। प्रत्येक वर्ष की भांति नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है । इसके दृष्टिगत बुधवार को पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस कर्मियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि हादसों में मृत्यु दर बढ़ रही है। इसको रोकने के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चालक हैलमेट लगाकर और चार पहिया चालक सेफ्टी बैल्ट लगाकर वाहन ड्राइव करें। वाहन को उचित स्थान पर पार्क करे और वाहन संबंधी सभी पेपर रखे। टैम्पों चालक ओवर लोड सवारियां न भरे। वाहन को तेज गति और शराब पीकर न चलायें साथ ही बताया कि यातायात माह मनाने का उद्देश्य जनता में जागरूकता पैदा करना है। इसके उपरान्त ट्रैफिक संबंधी नियम और लोगों को यातायात संबंधी जानकारियां देने के लिए यातायात माह नवंबर 2023 जागरुकता रैली का शुभारंभ फीटा काटकर किया गया साथ ही लोगों को यातायात संबंधी जानकारी और जागरूकता देने के लिए जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । कार्यक्रम में आमजनों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जागरुकता रैली पुलिस लाइन से रवाना होकर, नौरंगाबाद चौराहा, पक्का तालाब चौराहा, नुमाइश चौराहा से वापस पुलिस लाइन में समाप्त की गयी। कार्यक्रम में पुलिस एवं प्रशासन के अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

कोतवाली प्रभारी सहित तीन निरीक्षकों के तबादले

मथुरा। एसएसपी ने शहर कोतवाली सहित तीन थाना प्रभारी के स्थानांतरण किए हैं। मथुरा शहर कोतवाली के नए प्रभारी रवि त्यागी बनाए गए हैं। अभी तक श्री त्यागी पुलिस लाइन तैनात थे। श्री त्यागी एस ओ जी छाता कोतवाली प्रभारी रह चुके है।

इनके अलावा बरसाना थाना प्रभारी अरुण कुमार को थाना प्रभारी कोसी और साइबर शहर में तैनात अरविंद कुमार निर्बाल को थाना प्रभारी बरसाना बनाया गया है।

कोसी और कोतवाली मथुरा में तैनात निरीक्षक गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिए गए हैं। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए आईजी जोन ने बड़ी संख्या में प्रभारी निरीक्षकों के तबादले किए थे जिनमे ये भी शामिल थे। सूत्रों के अनुसार सुरीर जमुनापार सदर थाना प्रभारी सहित कई अन्य को भी आज कल में गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिया जायेगा।

बार के पदाधिकारियों व शासकीय अधिवक्ताओं का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। यंग लॉयर्स फोरम द्वारा मथुरा में होटल हीरा क्रिस्टल में नव निर्वाचित बार के पद अधिकारियों तथा शासकीय अधिवक्ताओं के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मथुरा के तथा सर्वोच्च न्यायालय से पधारे सभी अधिवक्ताओं का जोरदार स्वागत किया गया, जिसके उपरांत सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता व फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सार्थक चतुर्वेदी ने अपनी टीम के साथ मथुरा बार के पदाधिकारियों को कुछ सुझाव देते हुए युवा अधिवक्ताओं ने कई प्रमुख मुद्दों पर बार के पद अधिकारीयों का ध्यान आकर्षित किया। इन सभी में मुख्य रूप से युवा अधिवक्ताओं से जुड़े हुए विषयों को संबोधित किया गया। सार्थक चतुर्वेदी ने कहा की सरकार को युवा अधिवक्ताओं को 10 हज़ार रुपए भत्ता दिया जाना चाहिए, जिससे युवा अधिवक्ता आम जन मानस को न्याय दिलाने में अपनी बेहतर सह-भागिता निभा सकें। यंग लॉयर्स फोरम मथुरा के अध्यक्ष संजय चौहान ने कहा कि मथुरा के अधिवक्ताओं के लिए हाई कोर्ट की बेंच मथुरा या उसके पास होना उनके भविष्य को उज्जवल करने का काम करेगा उन्होंने कहा की सभी अधिवक्ता साथियों को एक जुट होकर सरकार से

- युवा अधिवक्ताओं को न्यायिक अधिकारी करें प्रोत्साहितः सार्थक चतुर्वेदी

हाई कोर्ट बेंच को मथुरा में स्थापित करने की मांग करनी चाहिए। उपाध्यक्ष जिला शासकीय अधिवक्ता हेमेंद्र भारद्वाज ने कहा की बार तथा यंग लॉयर्स फोरम को मिल कर हर वर्ष अपने वार्षिक कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित करना चाहिए। यंग लॉयर्स फोरम के मथुरा के महासचिव संजय गौड़ ने अन्य सुझावों पर बार के पद अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया उन्होने कहा कि मथुरा बार में अधिवक्ताओं के लिए भोजन हेतु उचित कैंटीन होनी चाहिए, महिला अधिवक्ताओं के लिए शौचालय की व्यवस्था करवाई जाए, ई लाइब्रेरी की व्यवस्था व अधिवक्ताओं का ऑनलाइन डाटा उपलब्ध हो, सभी अधिवक्ताओं का हेल्थ बीमा हो, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। कोषाध्यक्ष हितेंद्र सिंह ने युवा अधिवक्ताओं के लिए सरकार से उचित मानदेय की मांग को सर्वोच्च स्तर तक ले के जाने की बात करते हुए कहा की सरकार को युवा अधिवक्ताओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सार्थक चतुर्वेदी ने युवा अधिवक्ताओं में जोश भरते हुए वकालत के पेशे में सफल होने के गुर बताए। उन्होंने कहा कि इस पेशे में मेहनत और अध्ययन के बल पर ही सफल हुआ जा सकता है। युवा अधिवक्ताओं को चाहिए कि वह धैर्य के साथ पुरे मनोयोग और लगन से काम करें, सफलता कदम चूमने लगेगी। उन्होंने कहा की सीनियर अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारीयों को युवाओं को समय-समय पर प्रोत्साहित करना चाहिए। यंग लॉयर्स फोरम द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सार्थक चतुर्वेदी, बार एसोसिएशन मथुरा के नव निर्वाचित अध्यक्ष ठाकुर मदन गोपाल सिंह, सचिव गोपाल गौतम, उपाध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष बृजेश गौतम, ऑडिटर श्रीमती मधु भार्गव का स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा पटुका उढ़ा कर स्वागत किया गया। इसी क्रम में मथुरा जिले के समस्त शासकीय अधिवक्ताओं का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन फोरम के फाउंडर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायलय के अधिवक्ता सार्थक चतुर्वेदी व जिला शासकीय अधिवक्ता संजय गौड़ ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शासकीय अधिवक्ता संजय गौड़ , शासकीय अधिवक्ता चन्द्र भान, भीष्म दत्त तोमर, मुकेश गोस्वामी, राजू सिंह, भगत सिंह आर्य, विजेन्द्र वैदिक, महेश गौतम, प्रतिभा सिंह,गौरव चतुर्वेदी, मोहित शर्मा, डिम्पल गुप्ता,वंदना गोस्वामी एवं सर्वोच्च न्यायालय अधिवक्ता प्रीती सिंह, नीलिमा सिंह ठाकुर, मेजर लवेन्द्र चौधरी, शासकीय अधिवक्ता अवनीश उपाध्याय, महेश चंद्र गौतम, खड्ग सिंह छौकर, हरेंद्र शर्मा, शैलेन्द्र गौतम, राकेश चौधरी, नरेन्द्र कुमार शर्मा, योगेश शर्मा, करण ठाकुर, राजुल कांत, कल्पना चौधरी, पूजा चतुर्वेदी, अभिषेक जैन, नितिन मित्तल, डॉ अपूर्व, पवन अग्रवाल, अजय अग्रवाल, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे ।

संत विवेकानंद की एन सी सी छात्रा ने सी बी एस ई ईस्ट ज़ोन ताइक्वांडो में जीता गोल्ड

अवधनामा ब्यूरो

- ताइक्वांडो में गोल्ड, स्केटिंग में सिल्वर, ब्रॉन्ज पदक जीत संत विवेकानंद के छात्र -छात्राओं ने सी बी एस ई ज़ोनल गेम्स में मारी बाज़ी

इटावा। संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सी बी एस ई ज़ोनल गेम्स में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। 24 से 27 अक्टूबर तक वाराणसी के सनबीम स्कूल में आयोजित हुई ईस्ट ज़ोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्कूल की कक्षा 9 बी की छात्रा आराध्या सिंह सुपुत्री वीरपाल ने 14 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल किया। वही बिहार पटना के आचार्य श्री सुदर्शन सेंट्रल स्कूल में 19 से 21 अक्टूबर तक हुई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता में स्कूल की कक्षा 7 बी की छात्रा अंशिका शाक्य सुपुत्री नीरज कुमार ने 1000 मीटर में सिल्वर के साथ ही 500 मीटर स्क्वाड में ब्रॉन्ज मेडल जीता इसके साथ ही स्कूल के कक्षा 9 आई के छात्र अर्णव पटेल सुपुत्र श्री अवनीश पटेल ने 1000 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। संस्था के प्रधानाचार्य डॉक्टर आनंद मुनि ने बच्चो के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर बच्चो को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल देकर उनका उत्साह वर्धन किया प्रधानाचार्य डॉक्टर आनंद ने बताया कि ईस्ट जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, बिहार झारखंड के लगभग 187 स्कूल के 1500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था जिसमे से स्कूल की छात्रा आराध्या सिंह का गोल्ड मेडल जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। इस सफलता पर संस्था के प्रधानाचार्य डॉक्टर आनंद एवं संस्था के चेयरमैन डॉक्टर विवेक यादव ने मेडल जीतने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

रन फॉर यूनिटी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के महत्व को सुदृढ़ करने के लिए स्ट्राइक वन के द्वारा बरेली, चौबटिया, देहरादून, रूड़की, रायवाला और भरतपुर सभी मिलिट्री स्टेशनों पर राष्ट्रीय एकता दिवस देशभक्तिपूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। सभी मिलिट्री स्टेशनों पर %रन फॉर यूनिटी% कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सैनिकों, परिवारों और बच्चों ने एकता और अखंडता की भावना को मनाने के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के हिस्से के रूप में, सामुदायिक सेवा पहल को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड के कुमाऊं पहाड़ियों में रहने वाले पूर्व सैनिको और वीर नारियों के लिए सभी तक पहुचने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। थीम पर आधारित पोस्टर मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं और पारंपरिक पोशाक प्रतियोगिताएं जैसी कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जो राष्ट्रीय एक्जुटता और राष्ट्र निर्माण के बारे मे जागरूकता फैलाते है। राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल सरदार वल्लभभाई पटेल का भारत के प्रति योगदान को याद करने हेतु मनाया जाता है । भारत की एकता और अखंडता को बनाने के लिए, सरदार पटेल ने सारे प्रिंसली स्टेट्स को भारत के साथ जोड़ने के लिए एक बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। इस आयोजन में सशस्त्र बल के जवानों और उनके परिवारों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई और सभी स्टेशनों पर 4000 से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। सभी उपस्थित लोगों द्वारा एकजुट रहने और हमारे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी ली गई।

मार्ग हादसों में तीन की दर्दनाक मौत

बांदा। अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समेत तीन की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए। तिंदवारी थाना क्षेत्र के प्रेमनगर निवासी रानू (50) पत्नी लल्लू मंगलवार की रात झोपड़ी के बाहर चारपाई पर सो रही थी। इसी दौरान फतेहपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे बुरी तरह से रौंद दिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भाग रहे चालक को कार समेत ग्रामीणों ने दबोच लिया। जमकर पिटाई के बाद चालक को पुलिस को सौंप दिया। एक अन्य घटना में कमासिन थाना क्षेत्र के लोहरा गांव निवासी शीला सिंह (35) पत्नी ध्यान सिंह मंगलवार को अपने नाती स्वराज सिंह (22) पुत्र अनूप सिंह के साथ मुख्यालय स्थित विकास भवन से काम निपटाने के बाद बाइक पर गांव लौट रही थी।

22 माह की बच्ची का शव मिलने की घटना का खुलासा, चार अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। गौरा चौकी गोंडा दिनांक 16.09.2023 को थाना खोड़ारे क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम केशवनगरग्रांट की एक 22 माह की बच्ची के गुम होने की सूचना पर अभियोग पंजीकृत हुआ था। दिनांक 18.10.2023 को उक्त बच्ची का शव गन्ने के खेत के किनारे चकरोड के पास मिला,जिस पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा जल्द से जल्द घटना का अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर प्र0नि0 खोड़ारे को निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा पतारसी-सुरागरसी कर घटना कारित करने वाले 04 नफर अभियुक्तगण 01. प्रियंका उर्फ प्रीति 02. महंगी 03. जोखना 04. अलगू को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त अलगू के कोई संतान नहीं थी, संतान की प्राप्ति के लिए अपनी साली प्रियंका के माध्यम से बाबा महंगी से झाड़ फूक कराता था। झाड़ फूक के दौरान बाबा महंगी ने 5,000/-हजार रुपए लेकर बलि की घटना कराई थी, जिसमे महंगी की पत्नी जोखना भी शामिल थी ,संतान की प्राप्ति के लिए षड्यंत्र कर संयोजित तरीके से बच्ची का हत्या की गई। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

विश्व को आयुर्वेदिक चिकित्सा से है बड़ी उम्मीदः डा. सचिन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में नए सत्र का शुभारंभ करते हुए संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को आयुर्वेद चिकित्सा के भविष्य और उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में आयुर्वेद विश्व के स्वास्थ्य की एक बड़ी उम्मीद है, जिसके लाभ को सारे विश्व ने कोरोना काल में देखा है।

उन्होंने कहा कि विश्व में आयुर्वेद चिकित्सा दिवस भी एक दिन उसी तरह से मनाया जाएगा जिस तरह से आज योग दिवस मनाया जाता है। कोरोना काल में सारे विश्व ने आयुर्वेद की ताकत को स्वीकार किया है और आयुर्वेद चिकित्सा को आज सारा विश्व भविष्य की एक बड़ी उम्मीद के रूप में देख रहा है। ऐसे में आयुर्वेद चिकित्सा को कमतर न आंकें और पूरे मन से इसका अध्ययन करें क्योंकि यह आपका उज्ज्वल भविष्य है। डा. सचिन गुप्ता ने जोर देते हुए कहा कि एमबीबीएस में प्रवेश न मिल पाने पर आप लोगों ने बीएएमएस का चयन किया है, ऐसा माना जाता है। लेकिन ये जान लें कि दोनों ही डिग्रियों का समान महत्व है और कुछ वर्षों में ही बीएएमएस की उपयोगिता सारा विश्व स्वीकार करेगा और इसको हासिल करने वालों की मांग बहुत बढ़ेगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एमबी चेट्टी ने विद्यार्थियों को बताया कि वे अपनी कक्षाओं को में अधिकतम उपस्थिति दर्ज कराएं। उन्होंने विद्यार्थियों का शिक्षकों से परिचय भी कराया।

राधा नाम लेने से ही विवेक जागृत हो जाता है- परीक्षित दास महाराज

गोवर्धन (मथुरा)। राधाकुंड में कार्तिक नियम सेवा में पग-पग पर आस्था प्रस्फुटित हो रही है। मंदिरों में नियम सेवा में श्रीमद्भागवत कथा, चैतन्य चरितामृत, श्रीराधारस सुधा निधि आदि के पाठ पर व्यासपीठ से प्रवचन किए जा रहे हैं। निताई-गौर चैतन्य महाप्रभु मंदिर में प्रवचन करते हुए व्यास प्रवर परीक्षित दास महाराज ने बताया कि राधे-राधे बालने वाले व्यक्ति की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि तीव्र बनती है। विवेक जागृत हो जाता है और निर्णय लेने की क्षमता तेज हो जाती है। राधा नाम जपने से स्वयं योगेश्वर श्रीकृष्ण प्रसन्न हो जाते हैं। राधा ही कृष्ण हैं और कृष्ण ही राधा हैं। परिक्रमा मार्ग के बृजानंद घेरा, मदन मोहन जी मंदिर, मीरा मनारंजन बनिक धर्मशाला, व्यास घेरा, घन माधव घेरा, गोविंद घेरा, महाप्रभु जी चरण चिन्ह मंदिर, राधामाधव मंदिर आदि में प्रवचन हो रहे हैं।

सेंटमैरी की आन्या ने साधा गोल्ड पर निशाना, जीता गोल्ड मेडल

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सीबीएसई ईस्ट जोन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के 10 मीटर वर्ग में सेंट मैरी इंटर कॉलेज की कक्षा 8 की होनहार छात्रा आन्या दुबे ने अंडर 14 आयु वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय को गोल्ड मेडल दिलाया है। विदित हो कि, यह प्रतियोगिता रांची झारखंड में ओडीएम सेफायर ग्लोबल स्कूल में 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आयोजित की गई थी जिसमे आन्या ने 10 मीटर रेंज में प्रतिभाग कर सीधे गोल्ड पर निशाना साध कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। इसी के साथ उसने इसी वर्ष उत्तर प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित यूपी प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भी जनपद को गोल्ड मेडल दिलाया था। इसी के साथ आन्या इसी वर्ष नवम्बर माह में आयोजित होने वाली सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भी सेंट मैरी इंटर कालेज की तरफ से प्रतिभाग करेगी। आन्या के पिता अनुराग दुबे प्राइवेट जॉब करते है और मां पूजा दुबे एक गृहणी है ने संयुक्त रूप से बताया कि, बेटी की इस सफलता का श्रेय हम फादर जॉबी जोसेफ और विद्यालय के अन्य गुरुओं को देना चाहेंगे। वही आन्या ने कहा कि, मेरे पिता ही मेरे कोच भी है और उन्होंने ही मुझे इस खेल में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी है। उसने कहा कि, वह रोज दो घंटे अपने घर पर ही शूटिंग की प्रैक्टिस करती है और बाकी समय में अपनी पढ़ाई करती है। इस अवसर पर प्रिंसिपल फादर जॉबी जोसेफ ने विद्यालय में आन्या को आशीर्वाद देकर मिठाई खिलाकर और स्पोर्ट जैकेट गिफ्ट कर उसका उत्साहवर्धन किया।

किसानों को निशुल्क दी गई सरसों बीज की मिनी किट

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल एण्ड ऑयल सीड्स योजनान्तर्गत एक दिवसीय तिलहन मेला एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ कॉप रेजीड्यू योजनान्तर्गत पराली प्रबन्धन गोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र मथुरा में किया गया। मेले में उप कृषि निदेशक राम कुमार माथुर, जिला कृषि अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी संतराम, जिला कृषि रक्षा अधिकारी सुबोध कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष / वरिष्ठ वैज्ञानिक वाई0के0 शर्मा, वैज्ञानिक बृजमोहन एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। आयोजित कृषि मेले में जनपद के विभिन्न स्थानों से भारी मात्रा में कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया सभी उपस्थित कृषकों को नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीड्स) योजनान्तर्गत सरसों बीज मिनिकिट का निःशुल्क वितरण किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा किसानों को सरकार की याजनाओं के साथ ही खाद और बीज के प्रयोग और आधुनिक तरीकों से खेती करने की जानकारी किसानों को दी और बताया कि किसान भाई खेत की मिट्टी की समय पर जॉच करायें, मिट्टी के जॉच रिपोर्ट के आधार पर फसल लगाऐ तो उपज अधिक हो सकती है, फसलों में अधिक रासायनिक खाद्य के प्रयोग से बचें, जैविक खाद्य का प्रयोग अधिक करें। प्रमाणित बीज ही बोएं जिससे अधिक पैदावार मिल सकें। उन्होने बताया कि सरकार किसानों की उपज बढ़ाने के लिये लगातार प्रयास कर रही है। कृषि विभाग किसानों से जुडी हर प्रकार की समस्या का निदान करने के लिये तत्पर है। वरिष्ठ वैज्ञानिक वाई0के0 शर्मा कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किसानों को पराली जलाये जाने से भूमि को होने वाले नुकसान के बारे में तथा पराली प्रबन्धन कैसे किया जाये के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। किसान भाई अपने सरसों की उन्नतशील खेती के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार प्रजातियों का चयन पर विशेष बल दिया जाय।

अश्वनी कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी, मथुरा द्वारा जानकारी प्रदान की गयी कि जनपद में किसानों की मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा में कृषि निवेश यथा - बीज, रासायनिक उर्वरक उपलब्ध है। डा0 सन्तराम भूमि संरक्षण अधिकारी मथुरा द्वारा बताया गया कि सरसों की गिर्राज प्रजाति जनपद मथुरा के लिए अच्छी है तथा समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध है। अन्त में उप कृषि निदेशक मथुरा द्वारा तिलहन / पराली प्रबन्धन मेले में पधारे कृषकों एवं अधिकारियों, एवं वैज्ञानिकों का धन्यवाद करते हुए मेले का समापन किया गया।

वर्ल्ड कप के बीच डेविड विल ने की इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर खुद इसकी जानकारी दी। वहीं उन्होंने लिखा कि वो भारत में खेले जा रहे वनडे वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट दोबारा कभी नहीं खेलेंगे।

वर्ल्ड कप के बीच इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर खुद इसकी जानकारी दी। वहीं उन्होंने लिखा कि वो भारत में खेले जा रहे वनडे वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट दोबारा कभी नहीं खेलेंगे।

बता दें कि, विली ने एक्स पर लिखा, मैं कभी नहीं चाहता था कि ये दिन आए, बचपन से ही मैंने हमेशा एक ही सपना देखा-इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलने का। इसलिए

काफी सोच विचार करने के बाद बहुत ही अफसोस के साथ कहना चाहता हूं कि इस वर्ल्ड कप के आखिर में इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से मेरे संन्यास लेने का समय आ गया है। इस वर्ल्ड कप में विली ने 6 मैचों में से 3 मैच खेले हैं। वहीं वो वाइट बॉल क्रिकेट में इंग्लैंड टीम में बदलाव का हिस्सा थे और भारत में खेले गए 2016 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। विली ने 6 मैचों में 10 विकेट लिए थे, उस वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड वेस्टइंडीज के खिलाफ हारा था। विली दाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ गेंद को स्विंग कराने की क्षमता के लिए जाना जाता है। विली ने अपने पिछले मैच में विराट कोहली, केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव के अहम विकेट समेत 3 विकेट लेकर भारत को परेशान किया था।

विली के संन्यास का ऐलान ऐसे समय में आया है, जब गत चैंपियन इंग्लैंड की टीम का इस वर्ल्ड कप में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है और उसे अपने पहले 6 मैचों में से 5 में हार का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड की वनडे वर्ल्ड कप टीम में शामिल 33 साल के डेविड विली ने 2015 में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच से इंग्लैंड के लिए अपना डेब्यू किया था। विली ने इंग्लैंड के लिए 70 वनडे में 94 विकेट और 43 टी20 में 51 विकेट झटके हैं।

भारतीय तैराक वीरधवल खाड़े ने घरेलू टूर्नामेंटों को कहा अलविदा

भारत के अनुभवी तैराक वीरधवल खाड़े ने राष्ट्रीय खेलों में 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद घरेलू टूर्नामेंटों को अलविदा कह दिया। बीजिंग ओलंपिक 2008 के लिये क्वालीफाई करने वाले भारत के सबसे युवा तैराक रहे खाड़े ने भारत के उदीयमान स्टार श्रीहरि नटराज को हराया।

बुधवार यानी 1 नवंबर को भारत के अनुभवी तैराक वीरधवल खाड़े ने राष्ट्रीय खेलों में 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद घरेलू टूर्नामेंटों को अलविदा कह दिया। बीजिंग ओलंपिक 2008 के लिये क्वालीफाई करने वाले भारत के सबसे युवा तैराक रहे खाड़े ने भारत के उदीयमान स्टार श्रीहरि नटराज को हराया।

खाड़े ने 2010 एशियाई खेलों में 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीतकर भारत का 24 साल का इंतजार खत्म किया था। उन्होंने कहा ,''मैंने 2001 में गोवा में ही अपना पहला राष्ट्रीय पदक जीता था और आज अपने आखिरी राष्ट्रीय खेल में फिर स्वर्ण पदक जीता है। उस समय मैंने सोचा भी नहीं था कि यहां तक पहुंचूंगा। मैं अपने

कोचों और इस सफर में साथी रहे सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं।

खाड़े ने चोट के कारण कुछ समय दूर रहने के बाद 2018 में वापसी करके तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया था। उन्होंने कहा दिल से मैं अभी भी जवान हूं लेकिन शरीर थक गया है। इतने साल बीत गए और अब रिकवरी उतनी तेजी से नहीं होती। यह भारत में मेरा आखिरी टूर्नामेंट है। भविष्य में शायद कोच बनूं लेकिन यह मेरी आखिरी प्रतिस्पर्धी रेस थी।

डब्लू सी 2023 सेमीफाइनल की रेस में चार टीमें, पाकिस्तान की उम्मीदें भी जिंदा

पॉइंट्स टेबल में भारत के बाद साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया टॉप चार टीमों में शामिल हैं। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 की अब तक की टॉप टीम में भारतीय टीम है। वहीं अफगानिस्तान की टीम लगातार दो जीत के साथ सेमीफाइनल की रेस में शामिल हो गई है। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 की अब तक की टॉप टीम में भारतीय टीम है। वहीं अफगानिस्तान की टीम लगातार दो जीत के साथ सेमीफाइनल की रेस में शामिल हो गई है। इसके साथ ही पॉइंट्स टेबल में भारत के बाद साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया टॉप चार टीमों में शामिल हैं। वहीं बता दें कि, कुल 10 टीमों में से अभी वर्ल्ड कप सेमीफाइनल की रेस से केवल बांग्लादेश की टीम बाहर हुई है।

वर्ल्ड कप 2023 का मेजबान भारत लगातार 6 जीत के साथ सेमीफाइनल की रेस में टॉप पर है। भारतीय टीम ने अपने पहले पांच मैच लक्ष्य का पीछा करते हुए जीते जबकि छठे मुकाबले में उसने पहले बल्लेबाजी कर जीत अपने नाम की। इस दौरान भारतीय गेंदबाजों की तरफ से शानदार गेंदबाजी का परिचय मिला। फिलहाल, भारत ने अभी 2 नवंबर को श्रीलंका, 5 नवंबर को साउथ अफ्रीका और 12 नवंबर को नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलना है।

साउथ अफ्रीका ने इस वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। चार बार 300 प्लस स्कोर बनाकर सभी टीमों के लिए कड़ी चुनौती पेश की है। इस वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका टीम को एकमात्र हार नीदरलैंड्स के खिलाफ मिली है। जबकि अन्य मैचों में ये टीम चैंपियन की तरह खेली है। हालांकि, अपने दूसरे रन चेज में साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान पर एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करते हुए वापसी की है। क्विंटन डि कॉक और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाजों की विस्फोटक फॉर्म में देखते हुए साउथ अफ्रीका का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय है। फिलहाल साउथ अफ्रीका को अपने तीन मैच खेलने हैं। जहां उसकी भिड़ंत न्यूजीलैंड के खिलाफ 1 नवंबर, भारत के खिलाफ 5 नवंबर और अफगानिस्तान के खिलाफ 10 नवंबर को होगी।

न्यूजीलैंड ने भी इस वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन का परिचय दिया है। हालांकि, उसे इस दौरान दो हार भी झेलनी पड़ी। जहां पहले उसे भारत से धर्मशाला में हुए मुकाबले में मात मिली जबकि दूसरी हार भी उसे धर्मशाला में ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली। पिछले साल वर्ल्ड कप जीतना का सपना टूटने के बाद इस साल कीवी टीम किसी भी हाल में वर्ल्ड कप अपने नाम करना चाहेगी। फिलहाल, कीवी टीम को अपने तीन मुकाबले और खेलने हैं।

पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो मैचों में हार के बाद लगातार चार मैच जीतते हुए अपना दमखम दिखाया है। लगातार चार जीत के दौरान ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों, पेस तिकड़ी और

स्पिनर एडम जंपा ने लय हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर जीत के दौरान कंगारू गेंदबाजों ने जमकर रन लुटाए हालांकि, ट्रेविस हेड की वापसी से कंगारू टीम का लाइन-अप मजबूत हुआ है। न्यूजीलैंड पर जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। जिसके बाद उसने सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ा दिए हैं और उसका अगला मैच इंग्लैंड से होगा। जिसका इस टूर्नामेंट में सबसे निराशाजनक प्रदर्शन रहा है।

अपने शुरुआती दो मैचों में कमाल करने वाली पाकिस्तान की टीम भारत से मिली हार के बाद लड़खड़ा गई। उसके बाद उसे अफगानिस्तान से भी हार मिली। लगातार मिल रही हार के बाद पाकिस्तान का सेमीफाइनल की रेस में बने रहना असंभव जैसा लग रहा था। लेकिन मंगलवार को बांग्लादेश को हराने के बाद एक बार फिर पाकिस्तान के सेमीफाइनल की रेस में बने रहने की उम्मीद कहीं न कहीं जिंदा हैं। इसके साथ ही उसे बाकी के दो मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा। उसे अभी न्यूजीलैंड और इंग्लैंड से टकराना है। अफगानिस्तान की टीम मौजूदा समय में पॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर है। लेकिन वो फिर भी सेमीफाइनल की रेस में शामिल हो गई है। उसने इंग्लैंड, पाकिस्तान और अब श्रीलंका को हराकर बड़ा वर्ल्ड कप में उलटफेर किया है। हालांकि, उसे अभी भी अपने आने वाले तीन मैचों को जीतना होगा। उसका मुकाबला अब नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ होगा।

दासुन शनका की कप्तानी में श्रीलंकाई टीम चोट से लगातार जूझ रही है। स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा की गैरमौजूदगी में महीश तीक्षणा पर बड़ी जिम्मेदारी रही। लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ जोरदार जीत के बाद श्रीलंका ने अपनी सेमीफाइनल उम्मीदों को जिंदा रखा था। लेकिन अब अफगानिस्तान के हाथों शिकस्त मिलने के बाद उसकी ये राह भी मुश्किल हो गई है। अब उसे नॉकआउट में पहुंचने के लिए अब उन्हें अपने अगले तीनों मैच जीतना जरूरी है। श्रीलंका के लिए ये आसान नहीं होगा क्योंकि उसे अपने अगले मैच में टेबल टॉपर टीम इंडिया से भिड़ना है। इसे अलावा उसे बांग्लादेश और न्यूजीलैंड से भी टकराना है।

सबसे पहले इंग्लैंड को करारी शिकस्त देनी वाली नीदरलैंड्स की सेमीफाइनल की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं। लेकिन इस दौरान जिस तरह का प्रदर्शन इस टीम का रहा वो वाकई काबिले तारीफ था। पहले इंग्लैंड और फिर साउथ अफ्रीका जैसी बेहतरीन टीम और फिर बांग्लादेश को हराया, उससे वो पॉइंट्स टेबल में जरूर आगे बढ़े हैं। फिलहाल, नीदरलैंड को अपने बाकी बचे मैच अफगानिस्तान, इंग्लैंड और भारत के खिलाफ खेलने हैं।

बांग्लादेश की टीम ने 2023 वर्ल्ड कप की शुरुआत अफगानिस्तान को हराते हुए की थी। लेकिन इसके बाद टीम अपनी लय भूल गई और इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, भारत, साउथ अफ्रीका, नीदरलैंड और पाकिस्तान के हाथों उसे करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। नीदलैंड्स और पाकिस्तान से मिली हार ने उसे सेमीफाइनल की रेस से बाहर कर दिया है। हालांकि, उसे अभी महज दो मुकाबले श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है, लेकिन बावजूद इसके वो टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

गत चैंपियन टीम इंग्लैंड का ये वर्ल्ड कप ठीक नहीं रहा। क्रिकेट के पंड़ित और दिग्गज हैरान हैं कि इंग्लैंड जैसी टीम को इतनी परेशानी क्यों हुई। 6 मुकाबालों में महज 1 जीत वाकई हैरान करने वाली चीज है। बल्लेबाज ज्यादातर मैचों में फ्लॉप रहे हैं जबकि गेंदबाज दबाव में बिखरते नजर आए हैं। इंग्लैंड अपने खिताब की रक्षा करने में नाकामयाब रही। इंग्लैंड सेमीफाइनल की रेस से लगभग बाहर हैं। वो पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचले पायदान पर है। हालांकि, उसे ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड्स, पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने हैं।

भूल भुलैया के किरदार को रीक्रिएट करने पर उर्फी जावेद को मिली जान से मारने की धमकियां

बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में नजर आई उर्फी जावेद अपने अजीबोगरीब आउटफिट के लिए जानी जाती हैं और उन्हें अक्सर इसके लिए निशाना भी बनाया जाता है। हाल ही में, उन्होंने फिल्म भूल भुलैया से राजपाल यादव का लुक रीक्रिएट किया, जिस पर लोगों का काफी ज्यादा ध्यान गया।

बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में नजर आई उर्फी जावेद अपने अजीबोगरीब आउटफिट के लिए जानी जाती हैं और उन्हें अक्सर इसके लिए निशाना भी बनाया जाता है। हाल ही में, उन्होंने फिल्म भूल भुलैया से राजपाल यादव का लुक रीक्रिएट किया, जिस पर लोगों का काफी ज्यादा ध्यान गया। इसके बाद उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी। उर्फी जावेद को एक अज्ञात व्यक्ति से एक ईमेल प्राप्त हुआ जिसमें वीडियो नहीं हटाने पर उसे नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। उर्फी जावेद हाल ही में इंडिया टुडे कॉन्क्लेव मुंबई 2023 में एक अतिथि वक्ता थीं, जहां उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी कामुकता का फायदा उठाती हैं। हाल ही में उर्फी जावेद ने राजपाल यादव के भूल भुलैया किरदार छोटे पंडित से प्रेरित एक नए लुक में अपना एक वीडियो पोस्ट किया था। उन्होंने अपना चेहरा लाल रंग से रंगा, नारंगी रंग की धोती और पारदर्शी लाल टॉप पहना। उनके गले में गेंदे के फूल की माला भी थी। वीडियो तुरंत वायरल हो गया। बाद में, उर्फी जावेद ने एक्स पर उन मेल के दो स्क्रीनशॉट साझा किए, जिनमें उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। उन्हें साझा करते हुए, उर्फी जावेद ने लिखा, मैं इस देश से हैरान और भयभीत हूं, मुझे एक फिल्म के एक चरित्र को दोबारा बनाने में जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, जबकि उस चरित्र को कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

एक मेल में, निखिल गोस्वामी नाम का एक व्यक्ति उसे धमकी देते हुए देखा जा सकता है कि वह वीडियो हटा दे अन्यथा वह उसे मार देगा। दूसरे में, रूपेश कुमार नाम के एक व्यक्ति ने उओफी को मेल करके कहा कि वह कैसे हिंदू धर्म को बदनाम कर रही है। मेल में कहा गया है, अपनी जिंदगी जियो, मैं तुम्हें चौराहे पर गोली मार दूंगा।

उर्फी जावेद को बिग बॉस ओटीटी में अपने कार्यकाल के बाद प्रसिद्धि मिली। इससे पहले, उर्फी जावेद ने कई टीवी शो में अभिनय किया था। उन्हें बड़े भैया की दुल्हनिया में अवनी की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। उन्हें मेरी दुर्गा में आरती, बेपनाह में बेला और पंच बीट सीजन 2 में मीरा के रूप में भी देखा गया था, जो एएलटी बालाजी पर स्ट्रीम हुआ था। 2016 से 2017 तक, उर्फी जावेद ने स्टार प्लस के चंद्र नंदिनी में छाया की भूमिका निभाई।

2018 में अभिनेत्री ने सब टीवी के सात फेरो की हेरा फेरी में कामिनी जोशी की भूमिका निभाई। 2020 में, उओरफ़ी जावेद ये रिश्ता क्या कहलाता है में शिवानी भाटिया के रूप में शामिल हुई, और बाद में कसौटी जिंदगी की में तनीषा चक्रवर्ती की भूमिका निभाई। उओरफ़ी जावेद को आखिरी बार स्प्लिट्सविला एक्स 4 में एक शरारती कलाकार के रूप में देखा गया था।

अंकिता लोखंडे के संग ब्रेकअप करने के लिए सुशांत सिंह राजपूत के भरे गये थे कान, एक पल में टूट गया था 15 साल का रिश्ता

अंकिता लोखंडे बिग बॉस 17 में सबसे लोकप्रिय प्रतियोगियों में से एक हैं। अभिनेता ने अपने पति विक्की जैन के साथ शो में प्रवेश किया है और दोनों अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। दोनों की जोड़ी की केमिस्ट्री को देखकर कुछ लोग इस रिश्ते को टॉक्सिक कहते हैं। हालाँकि, आज खबर विक्की के साथ उनकी शादी के बारे में नहीं है। यह दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ अंकिता के पिछले रिश्ते के बारे में है और इसने उनके जीवन और विकल्पों को कैसे प्रभावित किया।

एक एपिसोड के दौरान, अंकिता ने अपने साथी मुनव्वर फारुकी से बात की, जो उनसे सुशांत के साथ ब्रेकअप के बारे में पूछ रहे थे। इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि यह सब रातोंरात हुआ और उसे इसके पीछे के किसी भी कारण के बारे में कभी पता नहीं चला। अंकिता ने कहा कि यह बस एक झटके में हो गया और उसने उसे रोकने की कोशिश भी नहीं की। जब मुनव्वर ने पूछा क्या कोई बड़ी वजह थी, तो अंकिता ने कहा नहीं, कोई वजह नहीं थी। मैं खाली थी. एक रात में चीजे पलटी मेरी जिंदगी में (चीजें रातों-रात बदल गई)।

उन्होंने संकेत दिया कि सुशांत को रिश्ता खत्म करने के लिए दूसरों द्वारा उकसाया जा रहा था। अंकिता ने कहा कि वह लोकप्रिय हो रहे हैं और जब किसी व्यक्ति को अधिक सफलता मिलने लगती है तो लोग उन्हें सलाह देना शुरू कर देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब आप सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ना शुरू करते हैं तो लोग आपको प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। उनके मामले में शायद यही हो रहा था। मैं ज्यादा नहीं जानती लेकिन यह ठीक है, फिर भी मैंने उन्हें नहीं रोका।

2016 में अलग होने से पहले अंकिता और सुशांत ने 15 साल से अधिक समय तक डेट किया। जून 2020 में, सुशांत सिंह राजपूत बांद्रा में अपने अपार्टमेंट में मृत पाई गये। जिस समय दुनिया प्रतिभाशाली अभिनेता की मृत्यु पर शोक मना रही थी, उस दौरान अंकिता को पूरी तरह से टूटते हुए देखा गया।

इस बीच अंकिता और विक्की के बीच की तनातनी दर्शकों के साथ-साथ उनके साथी घर वालों को भी दिख रही है। पिछले वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान, बिग बॉस 17 के होस्ट सलमान खान ने भी विक्की को अंकिता का अनादर करने और उनकी शादी में लापरवाही बरतने के लिए डांटा था। सुशांत के बारे में अंकिता के बयानों पर आपके क्या विचार हैं?

बाहुबली प्रभास करेंगे अनुष्का शेट्टी से शादी?

सालार अभिनेता प्रभास अपनी लंबे समय से कथित प्रेमिका अनुष्का शेट्टी से शादी करने के लिए तैयार हैं, दोनों परिवारों ने बाहुबली जोड़े को हरी झंडी दे दी है।

प्रभास इंडस्ट्री के सबसे योग्य कुंवारे लोगों में से एक हैं और उनके प्रशंसक, दोस्त और परिवार चाहते हैं कि वह आखिरकार घर बसा लें। प्रभास का नाम उनकी बाहुबली की सह-कलाकार अनुष्का शेट्टी के साथ वर्षों से जोड़ा जाता रहा है। जब उन्होंने राजामौली के साथ काम करना शुरू किया तो उनके रिश्ते की अफवाहें सुर्खियां बनीं। और आज तक प्रशंसकों को लगता है कि वे एक-दूसरे के लिए ही बने हैं। और अब ऐसा लगता है कि प्रभास, अनुष्का और उनके परिवार भी ऐसा ही महसूस करते हैं, और वे चाहते हैं कि वे अपने रिश्ते को दूसरे स्तर पर ले जाएं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रभास और अनुष्का शेट्टी दोनों के परिवार के लोग चाहते हैं कि वे एक साथ रहें और अपने रिश्ते को और भी गहरा बनाएं। सालार स्टार के एक करीबी सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि उनका परिवार उनके बारे में चिंतित है, और वे अनुष्का शेट्टी के उनके साथी बनने से खुश हैं, क्योंकि उन्हें भी लगता है कि वे एक साथ अच्छे लगते हैं। हालाँकि, अनुष्का और प्रभास दोनों तैयार नहीं हैं, और वे सिर्फ दोस्त बनकर खुश हैं। एक मनोरंजन पोर्टल के करीबी सूत्र का कहना है, वह इस समय सिंगल हैं और वह अनुष्का को डेट नहीं कर रहे हैं। वे बहुत करीबी दोस्त हैं और उनके परिवार के सदस्य चाहते हैं कि यह कुछ और बढ़े। लेकिन वे फिलहाल तैयार नहीं हैं। उसके लिए। वे इस समय करीबी दोस्त हैं, और हमें यकीन नहीं है कि यह बाद में प्यार में बदल जाएगा, लेकिन वे फिलहाल इस पर विचार नहीं कर रहे हैं। प्रशंसक जीवन भर के इस दृश्य का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास को हाल ही में उनकी आदिपुरुष सह-कलाकार कृति सेनन के साथ जोड़ा गया था, और बाद में अभिनेत्री ने इसका खंडन किया और इसे आधारहीन अटकलें बताया। हालाँकि, जब हम अनुष्का और प्रभास के बारे में बात करते हैं, तो उन्होंने एक लंबा सफर तय किया है, और उद्योग के कई अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि वे सिर्फ दोस्तों से कहीं अधिक हैं। हम तो बस इतना ही कह सकते हैं कि आग के बिना धुंआ नहीं होता।

तेलुगु स्टार प्रभास के अपनी बाहुबली की सह-कलाकार अनुष्का शेट्टी के साथ डेटिंग को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं। हालाँकि, दोनों ने कहा है कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं और इससे ज्यादा कुछ नहीं। हाल ही में, जब प्रभास ने अपना 43वां जन्मदिन मनाया, तो ऐसी खबरें सामने आई कि उनका परिवार उन्हें घर बसाने पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। कथित तौर पर, अनुष्का के साथ अपने रिश्ते को अगले स्तर पर ले जाने पर विचार करने के लिए उनके परिवार की ओर से कुछ हद तक दबाव है। घर बसाने के विचार के प्रति खुले होने के बावजूद, प्रभास कथित तौर पर किसी से नहीं मिले हैं जिससे वह शादी करना चाहते हैं। खैर, फिल्म बाहुबली में अपनी भूमिका के लिए प्रसिद्ध प्रभास की वैवाहिक संभावनाओं को लेकर मनोरंजन उद्योग में काफी चर्चा है। अभी कुछ दिन पहले, अनुष्का शेट्टी के साथ प्रभास की कुछ मंत्रमुग्ध कर देने वाली एआई-जनित छवियां इंटरनेट पर व्यापक रूप से प्रसारित होने लगीं। तस्वीरों में दो अभिनेताओं को दूल्हा और दुल्हन के रूप में सजे हुए, पारंपरिक रूप से सजाए गए मंडप के भीतर शान से बैठे हुए दिखाया गया है। 43 वर्षीय अभिनेता फिलहाल निर्देशक मारुति की फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा वह नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2898 में भी नजर आएंगे। अभिनेता प्रशांत नील द्वारा निर्देशित फिल्म सालार पार्ट 1-सीजफायर में नजर आएंगे। यह फिल्म अब 22 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने जा रही है। होम्बले फिल्म्स स्टारर सबसे बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म है और निर्माताओं ने हाल ही में प्रभास के जन्मदिन पर एक नया पोस्टर जारी किया है।

देवर से सामने आया जाह्नवी कपूर का फर्स्ट लुक, जूनियर एनटीआर की फिल्म में गांव की छोरी बनकर छा गयीं एक्ट्रेस

जाह्नवी कपूर मनोरंजन की दुनिया में धीरे-धीरे अपनी पहचान बढ़ा रही हैं। हिंदी फिल्मों के बाद वह साउथ की मूवीज में भी अपना एक्टिंग टैलेंट दिखाने के लिए तैयार हैं। जाह्नवी काफी टाइम से देवरा से डेब्यू करने को लेकर चर्चा में हैं।

साउथ में वे जूनियर एनटीआर के साथ कदम रख रही हैं। इस जोड़ी के पहली बार साथ नजर आने की खबर पर फैंस काफी एक्साइटेड दिखे। अब जाह्नवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फिल्म से अपने लुक की झलक दिखाई है। जाह्नवी की फोटो फैंस को आकर्षित कर रही है।

कोरतल्ला शिवा के डायरेक्श में बनी देवरा में जाह्नवी कपूर गांव की लड़की बनी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना विलेज गर्ल लुक शेयर किया है, जिसमें उनकी साथ में छोटी सी बिंदी उनके लुक की शोभा को और बढ़ा रही है।

उनकी सादगी देखते बन रही है। नीली साड़ी के साथ ग्रीन ब्लाउज पहने नजर आई जाह्नवी की सादगी ने लोगों का दिल छू लिया है। स्क्रीन प्रेजेंस बेहद सिंपल और सादगी से भरे लिबाज में होगी।

इस फोटो को शेयर करने के साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, मिसिंग सेट और टीम और खुद का थंगम बने रहना भी। बता दें कि थंगम जाह्नवी कपूर के कैरेक्टर का नाम है। जाह्नवी के लुक को देखकर लगता है कि ये बॉलीवुड ब्यूटी तेलुगू ऑडियंस को इम्प्रेस करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

देवरा के डायरेक्टर कोरतल्ला शिवा ने कुछ दिन पहले फिल्म की रिलीज डेट का एलान किया था। उन्होंने बताया था कि कहानी दो हिस्सों में दिखाई जाएगी। पहला पार्ट 5 अप्रैल, 2024 में रिलीज होगा।

फिल्म में जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर के अलावा सैफ अली खान और प्रकाश राज भी होंगे। बता दें कि देवरा जूनियर एनटीआर के करियर की 30वीं फिल्म होगी। पहले इसका टाइटल एनटीआर 30 रखा गया था।

तीन दिवसीय श्रीलंका दौरे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

एनएएएम 200 कार्यक्रम को करेंगी संबोधित

बैठक

तीन दिवसीय श्रीलंका दौरे के दौरान सीतारमण - रानिलविक्रमसिंघे और दिनेश गुणवर्धने के साथ बैठकें करेंगी।

नई दिल्ली।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बुधवार को तीन दिवसीय श्रीलंका दौरे पर रवाना होंगी। यात्रा के दौरान सीतारमण श्रीलंका में भारत मूल के तमिलों के आगमन की 200वीं वर्षगांठ मनाने के लिए श्रीलंका सरकार द्वारा सुगाथादासा इंडोर स्टेडियम में आयोजित एनएएएम 200 में सम्मानित अतिथि के रूप में भाषण देंगी।

वित्त मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय राजनीतिक दलों के अन्य आमंत्रित सदस्य और मलेशियाई तमिल कांग्रेस के एक प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने, श्रीलंका के जल आपूर्ति और संपदा अवसंरचना विकास मंत्री जीवन थोंडामन, राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति NAAM 200 में भाग लेंगे।

तीन दिवसीय श्रीलंका दौरे के दौरान सीतारमण - रानिलविक्रमसिंघे और दिनेश गुणवर्धने के साथ बैठकें करेंगी। वित्त मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वह श्रीलंका में धार्मिक स्थलों के सौर विद्युतीकरण के लिए समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान की गवाह बनेंगी।

वित्त मंत्रालय ने कहा, केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीलंका में धार्मिक स्थानों के सौर विद्युतीकरण के लिए समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान का गवाह बनेंगी, जिसमें भारत भारत सरकार की 107.47 रुपये की अनुदान सहायता में से 82.40 करोड़ रुपये आवंटित करेगा।÷ बौद्ध संबंधों को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपये निर्धारित किए गए हैं।

निर्मला सीतारमण 2 और 3 नवंबर को त्रिंकोमाली और जाफना में एसबीआई शाखाओं का उद्घाटन करेंगी। अपनी यात्रा के दौरान वह कैंडी में श्री दलादा मालीगावा (पवित्र दांत अवशेष का मंदिर), अनुराधापुरा में जया श्री महा बोधि, त्रिंकोमाली और नल्लूर में थिरुकोनेश्वरम मंदिर का दौरा करेंगी।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय वित्त मंत्री का लंका आईओसी तेल टैंक फार्म, जाफना सांस्कृतिक केंद्र और जाफना पब्लिक लाइब्रेरी का दौरा करने का कार्यक्रम है।

इससे पहले अक्टूबर में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने श्रीलंका का दौरा किया था। अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर ने श्रीलंका द्वारा आयोजित हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की 23वीं मंत्रिपरिषद (सीओएम) बैठक में भाग लिया। अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने राष्ट्रपति सचिवालय में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की।

नौसेना के विमान आइएल- 38 सी ड्रैगन ने ली विदाई, 46 साल की सेवा के बाद कहा अलविदा

गोवा। नौसेना के लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान आइएल- 38 सी ड्रैगन ने 46 साल की शानदार सेवा के बाद मंगलवार को देश को अलविदा कह दिया। विमान को सेवा से हटाए जाने का समारोह गोवा के डबोलिम में आइएनएस हंसा पर आयोजित किया गया।

समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, आइएल- 38 स्क्वाड्रन के अधिकारी, नाविक और दूसरे गणमान्य व्यक्ति अपने परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में मौजूद थे और विमान की सेवाओं को याद किया। आइएल-38 विमान को नौसेना के एयर स्क्वाड्रन आइएनएएस 315 में एक अक्टूबर, 1977 को शामिल किया गया था।

इसके साथ ही नौसेना में लंबी दूरी के समुद्री टोही और पनडुब्बी रोधी युद्ध के आधुनिक युग की शुरुआत हुई थी। अपनी अनूठी क्षमताओं, अद्भुत कौशल और विशाल हिंद महासागर क्षेत्र को कवर करने वाली पहुंच के साथआइएल-38 एसडी ने वर्षों से खुद को नौसेना की क्षमताओं को कई गुना बढ़ाने वाला साबित किया है।

ग्वालियर ने संगीत, तो कोझिकोड ने साहित्य श्रेणी में बनाई जगह

नई दिल्ली।भारत से ग्वालियर और कोझिकोड मंगलवार को यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (यूसीसीएन) में शामिल हो गए। यूनेस्को ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी घोषणा की। यूनेस्को के अनुसार ग्वालियर और कोझिकोड समेत दुनिया के 55 शहरों को इस सूची में शामिल किया गया है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर ने 'संगीत' श्रेणी में इस प्रतिष्ठित सूची में

जगह बनाई है, वहीं केरल के कोझिकोड को 'साहित्य' श्रेणी में इस सूची में शामिल किया गया है।

यूनेस्को ने इन 55 शहरों की पूरी सूची साझा की है। इनमें बुखारा- शिल्प और लोक कला, कासाब्लांका- मीडिया कला, चोंगकिंग- डिजाइन, काठमांडू- फिल्म, रियो डी जनेरियो- साहित्य शामिल हैं। अब तक इस सूची में अब 100 से अधिक देशों के 350 शहरों को शामिल किया गया है।

यूनेस्को की ओर से जारी बयान के मुताबिक इन नए शहरों को अपनी विकास रणनीतियों के हिस्से के रूप में संस्कृति और रचनात्मकता का उपयोग करने तथा मानव-केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए इस सूची में शामिल किया गया है।

भाजपा से इस्तीफा देकर पूर्व सांसद विवेक वेंकटस्वामी ने थामा कांग्रेस का दामन

हैदराबाद। तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी को झटका देते हुए पूर्व सांसद जी. विवेक वेंकटस्वामी ने पार्टी से इस्तीफा देकर यहां कांग्रेस का दामन थाम लिया। वेंकटस्वामी यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए विवेक ने कहा, ÷बीआरएस पार्टी लोगों के लिए नहीं बल्कि अपने परिवार के लिए काम कर रही है। इसलिए सभी को एकजुट होकर काम करने और सीएम केसीआर को पद से हटाने की जरूरत है। चुनावी टिकट महत्वपूर्ण नहीं है। मैं पार्टी के फैसले के अनुसार काम करूंगा।

वहीं, कांग्रेस का दामन थामने के बाद तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रेवंत रेड्डी ने पीटीआई को बताया कि उन्होंने विवेक का कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का तहे दिल से स्वागत किया और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। विवेक के पार्टी का साथ छोड़ने के एक हफ्ते से भी कम समय पहले एक अन्य वरिष्ठ नेता कोमाटिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

राहुल गांधी ने सिंगरेनी कोयला खदानों के श्रमिकों से की बातचीत, निजीकरण पर जताई चिंता

शोषण

सिंगारेनी कोयला खदानों के मजदूरों से मिलने के बाद यह बात सामने आई कि उनका एक बड़ी साजिश का हिस्सा है।

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को तेलंगाना में सिंगरेनी कोयला खदान के श्रमिकों के साथ अपनी हालिया बातचीत का एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में उन्होंने खानों के निजीकरण पर चिंता व्यक्त की। इसके अलावा आरोप लगाया कि यह श्रम कानूनों का उल्लंघन है और इसका मतलब श्रमिकों को बंधुआ मजदूरी में धकेलना है। गांधी द्वारा अपने यूट्यूब चैनल पर साझा किए गए एक वीडियो में, वह

कार्यकर्ताओं से यह कहते हुए नजर आ रहे है कि कांग्रेस का रुख बहुत स्पष्ट है कि रणनीतिक क्षेत्रों में कोई निजीकरण नहीं होना चाहिए। उन्होंने वीडियो के साथ अपने पोस्ट में कहा कुछ दिन पहले मुझे सिंगरेनी की कोयला खदानों के श्रमिकों और कर्मचारियों से मिलने और बात करने का मौका मिला। उनकी समस्याएं सुनीं और सुनने के बाद मुझे पता चला कि हर समस्या की जड़ खदानों का निजीकरण है। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने आगे कहा कि यह निजीकरण श्रम कानूनों का उल्लंघन है और श्रमिकों को बंधुआ मजदूरी में धकेलने का एक साधन है। इससे कुछ पूंजीपतियों को फायदा होगा और नतीजा वही होगा जो मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं - अमीर और अमीर हो जाएंगे, और गरीब और गरीब हो जाएंगे।

वीडियो में, कार्यकर्ता गांधी से यह सुनिश्चित करने के लिए कहते हैं कि कांग्रेस अपने घोषणापत्र में कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के निजीकरण के खिलाफ अपना रुख बताए। बाद में X (पूर्व में ट्विटर) पर हिंदी में एक पोस्ट में गांधी ने कहा, सिंगारेनी कोयला खदानों के मजदूरों से मिलने के बाद यह बात सामने आई कि उनका शोषण एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय खदानों का निजीकरण, विदेशों से महंगा कोयला लाना, फिर जनता की जेब काटने के लिए बिजली बिल बढ़ाना है।

53 दिन जेल में काटने के बाद घर पहुंचे पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू

अमरावती। आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू जेल से रिहा होने के बाद बुधवार सुबह गुंटूर जिले के उंदावल्ली स्थित अपने आवास पर पहुंचे। इस दौरान परिवार वालों और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने उन्हें अस्थायी जमानत दी है। इससे पहले मंगलवार को जेल से रिहा होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और परिवार वालों ने उनका जोरदार स्वागत किया था।

हालांकि, जेल से निकलने के बाद आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तुरंत ही गुंटूर जिले के उंदावल्ली स्थित अपने घर के लिए रवाना हो गए थे। करीब 13 घंटे की लंबी यात्रा के बाद सुबह लगभग 6 बजे अपने घर पहुंचे। जहां परिवार के सदस्यों और पार्टी समर्थकों ने उनका स्वागत किया। वहीं, घर पहुंचने के बाद पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू ने अपनी पत्नी के साथ पूजा-अर्चना में शिरकत की। बता दें कि आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को स्वास्थ्य आधार पर चार सप्ताह की अवधि के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी। नायडू की ओर से पेश वकीलों ने हाईकोर्ट को सूचित किया था कि उन्हें मोतियाबिंद सर्जरी कराने के लिए जमानत की जरूरत है।

उल्लेखनीय है कि कौशल विकास निगम से धन के दुरुपयोग के आरोप में नायडू को बीते महीने सितंबर में गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि इस कथित घोटाले की वजह से सरकारी खजाने को 300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। कोर्ट ने नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई की तारीख 10 नवंबर तय की है।

मान्यवर ने रामचरण को बनाया अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर

गाजियाबाद। भारत के प्रमुख मैन्स फैशन सेलेब्रेशन वियर ब्राण्ड मान्यवर ने ग्लोबल स्टार राम चरण को अपना ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। शादियों एवं त्योहारों के सीज़न की शुरूआत के साथ मान्यवर ने अपना नया कैंपेन सतैयार होकर आए भी लॉन्च किया है। रामचरण विश्वस्तरीय मंच पर आधुनिक भारतीय पुरूषों का प्रतिनिधित्व करते हैं, और आधुनिक भारत के सार को दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। उनके मूल्य मान्यवर के दृष्टिकोण अनुरूप हैं। ऐसे में उनकी ज़बरदस्त लोकप्रियता मान्यवर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को नया आयाम देगी।

वेदांत मोदी, चीफ़ रेवेन्यू ऑफिसर, वेदांत फैशन लिमिटेड ने इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए कहा, ''मान्यवर के परिवार में रामचरण का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उनका आकर्षण और विश्वस्तरीय अपील आधुनिक भारतीय पुरूषों के परिधानों के मान्यवर के दृष्टिकोण के अनुरूप है। हमें विश्वास है कि रामचरण के साथ हम दर्शकों के साथ और भी गहराई के साथ जुड़ सकेंगे।' इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए राम चरण ने कहा, ''मान्यवर के साथ जुड़ते हुए



मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह ब्राण्ड हमेशा से भारत में पुरूषों के फेस्टिव फैशन को नया आयाम देता रहा है। इनोवेशन, परम्पराओं एवं पारिवारिक मूल्यों के लिए मान्यवर की प्रतिबद्धता मेरे सिद्धान्तों की तरह है, ऐसे में यह साझेदारी मेरे लिए बेहद खास है। परिवार के साथ शादियों और त्योहारों के जश्न मनाना हमेशा गर्व का अहसास देता है और मान्यवार के लिए स्टाइल स्टेटमेन्ट बनने से बेहद और क्या हो सकता है।'' कैंपेन की फिल्म बड़ी ही खूबसूरती से पिता और बेटे के बीच के अटूट रिश्ते पर रोशनी डालती है। फिल्म में एक पिता अपने बेटे की शादी की तैयारियों में व्यस्त हैं, तभी बेटे का दिल पुरानी यादों से भर जाता है, वह पिछले सालों के दौरान अपने पिता से मिले प्यार और उनके साथ बिताए अनमोल पलों को याद कर भावुक हो उठता है। बदलते समय के साथ अपने आप में बदलाव लाने के साथ-साथ एक परिवार आपको बहुत कुछ सिखाता है। फिल्म पिता और बेटे के बीच के रिश्ते को दर्शाते हुए मार्गदर्शन, ज़िम्मेदारी एवं सूझ-बूझ के पारिवारिक मूल्यों का महत्व बताती है। कहानी के आगे बढ़ने के साथ यह एक मजबूत संदेश देती है: बेटा शादी के लिए तैयार हो रहा है, वे अपने पिता से मिले प्यार और ज्ञान को सहेज कर जीवन की आगे की यात्रा की तैयारी कर रहा है। यहां पेश किए गए शब्द निश्चित रूप से दर्शकों के दिल को छू जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए विज़िट करें https://www.manyavar.com/en-in/home और मान्यवर को फॉलो करें https://www.instagram.com/manyavar/

युद्ध के बीच इजराइल में खुलेंगे इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर मंत्रालय का एलान

तेल अवीव। हमास के साथ चल रहे युद्ध के बीच इजरायल का ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर मंत्रालय देशभर में यातायात मार्गों और केंद्रीय स्थानों पर 707 अल्ट्रा-फास्ट और हाई-स्पीड (डीसी) चार्जिंग स्टेशनों को लगाने के लिए धन मुहैया करा रहा है। ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर मंत्रालय ने जानकारी देते हुए बताया कि गैस प्रशासन ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए फास्ट और अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण के लिए टेंडर के विजेताओं के नामों की घोषणा की है। मंत्रालय देशभर के 52 उद्यमियों को लगभग 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर आवंटित करेगा। ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर मंत्रालय ने बताया कि इजरायल में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 350 अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग स्टेशन और 357 फास्ट चार्जिंग स्टेशन जल्द ही पूरे देश में स्थापित किए जाएंगे।

गाजा में हमास के अड्डों में बदल रहे अस्पताल

तेल अवीव। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हनेग्बी ने मंगलवार को फलस्तीनियों से गाजा की उत्तरी पट्टी में अस्पतालों का दौरा करने से बचने का आह्वान किया और आरोप लगाया कि उक्त स्थान

को आतंकवादी मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल शिफा, इन दिनों हमास के अड्डे के रूप में बदलता जा रहा है और आतंकवादी इस अस्पताल से इजराइल के खिलाफ हमलों के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। हानेग्बी ने कहा कि इजराइल हर गाजावासी के लिए चिकित्सा सहायता की मांग कर रहा है जिसे इसकी आवश्यकता है। परंतु उनके लिए नहीं जो हमास के आतंकी मुख्यालय के रूप में उभर रहे हैं। हनेग्बी ने कहा कि गाजा के लोगों का इलाज मिस्र के अस्पतालों के साथ-साथ विभिन्न देशों के अस्पताल जहाजों पर भी किया जाना चाहिए जो इजरायल के प्रधान मंत्री के हस्तक्षेप के बाद गाजा के तट पर पहुंच रहे हैं।

जैक ल्यू होंगे इजरायल में अमेरिका के नए राजदूत

वाशिंगटन। इजरायल में अमेरिका के नए राजदूत पूर्व ट्रेजरी सचिव जैक ल्यू होंगे। सीनेट ने मंगलवार को रिपब्लिकन पार्टी की आपत्तियों के बावजूद ल्यू के नाम को अपना समर्थन दिया। जैक ल्यू के पक्ष में 53 में से 43 वोट पड़े। डेमोक्रेटस सीनेटरों ने ल्यू का समर्थन किया, जबकि रिपब्लिकन सीनेटरों ने उनका विरोध किया। ल्यू को राजदूत बनने के लिए 100 सदस्यीय सीनेट में केवल साधारण बहुमत की जरूरत थी। बता दें कि सात अक्टूबर को गाजा पर ईरान समर्थित हमास आतंकियों के हमले के बाद से डेमोक्रेट्स सीनेटर इजरायल में दूतावास में रिक्त पद को शीघ्र भरने पर जोर दे रहे थे। रिपब्लिकन ने पूर्व डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति बराक ओबामा के प्रशासन के दौरान 2015 में हुई ईरान परमाणु समझौते को लेकर ल्यू की तीखी आलोचना की थी। वहीं, ल्यू का समर्थन करते हुए डेमोक्रेटिक सीनेटर बेन कार्डिन, जो विदेश संबंधी पैनल के अध्यक्ष हैं, ने ल्यू की योग्यता पर ध्यान दिया और कहा कि इजरायल ने उनके नामांकन का स्वागत किया है। कार्डिन ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मेरे सहकर्मी ल्यू की नियुक्ति का समर्थन करेंगे, क्योंकि इजरायल में हमारे राजदूत के रूप में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाला उनसे अधिक योग्य व्यक्ति कोई और नहीं हो सकता है। इजरायल में अमेरिका के राजदूत टॉम नाइड्स ने जुलाई में अपना पद छोड़ दिया था। इसके बाद से इजरायल मं अमेरिका का कोई राजदूत नहीं है। राष्ट्रपति बाइडन ने सितंबर में राजदूत के रूप में ल्यू को नामांकित किया था।

मिडिल ईस्ट में 300 अतिरिक्त सैनिकों को भेजेगा अमेरिका

मदद

राइडर ने कहा कि अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सीनेट की गवाही में अपनी टिप्पणी के दौरान बताया कि अमेरिका इजरायल को मदद करना जारी रखेगा।

वाशिंगटन। इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के बीच अमेरिका यूएस सेंट्रल कमांड क्षेत्र में 300 अतिरिक्त सैनिक भेजेगा। यह क्षेत्र मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के कुछ हिस्सों को कवर करता है। यह जानकारी पेंटागन के प्रेस सचिव ब्रिगेडियर जनरल पैट्रिक राइडर ने दी है। पैट्रिक राइडर ने बताया है कि ये सैनिक क्षेत्र में पहले से मौजूद सैनिकों की सहायता प्रदान

करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ये सैनिक इजरायल नहीं जाएंगे। इनका उद्देश्य अमेरिकी बल सुरक्षा क्षमताओं को और बढ़ाना है। बता दें कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड द्वारा निगरानी वाले क्षेत्र में 20 देश शामिल हैं। इन देशों में इराक, ईरान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, अरब प्रायद्वीप और उत्तरी लाल सागर के देश और मध्य एशिया के पांच गणराज्य शामिल हैं। राइडर ने कहा कि अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सीनेट की गवाही में अपनी टिप्पणी के दौरान बताया कि अमेरिका इजरायल को मदद करना जारी रखेगा। ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका का ध्यान आयरन डोम प्रणाली के लिए वायु रक्षा क्षमताओं, सटीक निर्देशित युद्ध सामग्री और अधिक इंटरसेप्टर प्रदान करने पर हैं। राइडर ने बताया कि ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल के साथ काम कर रहा है। ऑस्टिन अपने इजरायली समकक्ष योव गैलेंट के साथ संपर्क में बने हुए हैं। उन्होंने इजरायली रक्षा बलों की प्रशंसा भी की।

दस लाख से अधिक अफ़गानों ने किया पाकिस्तान से निर्वासन

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने एक भारतीय प्रवासी निकाय से पाकिस्तान से दस लाख से अधिक अफगानों के निर्वासन की निंदा करने और उसे रोकने का आग्रह

किया है। वहीं, आईएमएफ से इस्लामाबाद को अपनी वित्तीय सहायता रोकने की अपील की है। इस संबंध में पाकिस्तान के फैसले की निंदा करते हुए फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने कहा कि यह गैरकानूनी और अंतरराष्ट्रीय मानदंड है। एफआईआईडीएस में नीति और रणनीति के प्रमुख खंडेराव कांड ने कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान द्वारा क्रूर तालिबान शासन के दबाव में भागे अफगान शरणार्थियों को जबरन निर्वासित करने की योजना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध है, बल्कि बड़े पैमाने पर मानवीय संकट भी पैदा कर सकती है।

इजरायली सेना का गाजा के सबसे बड़े रिफ्यूजी कैंप पर हमला

यरुशलम। इजरायल और हमास के बीच सात अक्टूबर से जंग जारी है। युद्ध के 26वें दिन इजरायली सेना ने मंगलवार को गाजा में सबसे बड़े जबालिया रिफ्यूजी कैंप पर हमला कर दिया। जिसमें हमास के एक सीनियर कमांडर इब्राहिम बियारी सहित 50 लड़ाकों को मार गिराया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, जबालिया रिफ्यूजी कैंप करीब 1.4 स्क्वायर किमी के इलाके में फैला है। इजरायली सेना के हमले में करीब 50 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 150 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इजरायल ने बुधवार को कहा कि 7 अक्टूबर को हमास के हमले का हमने बदला लिया है। इजरायली सेना ने गाजा पर कई हफ्तों तक हवाई बमबारी किया। जिसमें हमारे अबतक 9 सैनिक मारे गए हैं। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि गाजा के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर जबालिया पर लड़ाकू विमानों के हमले में हमास कमांडर इब्राहिम बियारी की मौत हो गई है। आईडीएफ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा, ÷हमास के दर्जनों लड़ाके बियारी के समान भूमिगत सुरंग परिसर में छिपे थे, लेकिन जब इजरायली सेना ने हमला किया तो वह ढह गया और वे सभी मारे गए। हमास के प्रवक्ता हाजेम कासिम ने शिविर में किसी भी वरिष्ठ कमांडर के होने से इनकार किया और इस दावे को नागरिकों की हत्या के लिए इजरायली बहाना बताया। फलिस्तीनी स्वास्थ्य

अधिकारियों ने कहा कि कम से कम 50 फलिस्तीनी मारे गए और 150 से अधिक नागरिक घायल हो गए। हमास के एक बयान में कहा गया है कि जबालिया में 400 लोग मारे गए और घायल हुए, जहां 1948 में इजरायल के साथ हुए युद्धों के शरणार्थियों के परिवार रहते हैं। हालांकि, रॉयटर्स रिपोर्ट किए गए।

रोजगार मेला में 1156 योग्य अभ्यर्थियों का हुआ चयन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जलालपुर के बयालसी इंटर कालेज परिसर में बुधवार को जिला सेवायोजन विभाग व कौशल विकास विभाग की ओर से वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसमें कुल 1834 पदों के सापेक्ष विभिन्न कम्पनियों में नौकरी के लिए 4152 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया जिसमें 40 से अधिक कम्पनियों ने 1156 योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मछलीशहर सांसद बी0पी0 सरोज के हाथों 21 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। रोजगार मेला में सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगारों की समस्या को लेकर गंभीर है। रोजगार देने के लिए कम्पनियों से वार्ता कर मेले के माध्यम से अवसर दिया जा रहा है। जिन युवकों का चयन नहीं हो सका है, वे निराश नहीं हों, उन्हें भी शीघ्र ही सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्रम में सेवायोजन विभाग के जॉइंट डायरेक्टर रविशेखर आनन्द ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विभाग की जानकारी देते हुए नौकरी प्राप्त करने के गुण लाभार्थियों को बताए। कार्यक्रम संयोजक जिला सेवायोजन अधिकारी शशिकांत सरोज ने सेवायोजन विभाग व कौशल विकास की विभिन्न योजनाएं जैसे सेवामित्र पोर्टल, कैरियर कार्उंसिलिंग, विभिन्न सेक्टर में कौशल विकास की निःशुल्क ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से बताया। इसके पूर्व बयालसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 शैलेंद्र कुमार ने भी समारोह को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद जी ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मेला प्रभारी शिवकुमार यादव, अनूप पांडेय, राजीव पाठक, जीशान अली, जीतलाल मौर्य, अजय, आनंद त्रिपाठी, अजीत कुमार, सुरेन्द्र सिंह, संजीव सिंह समेत भारी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

बिथार में कुंए में मिले युवती के शव की हुई पहचान

जौनपुर (गौराबादशाहपुर) गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बिथार गांव में मंगलवार की देर शाम मिले कुएं में मिले युवती के शव की पहचान उसी गांव के निवासी निशपा के रूप में हुई।घटना के संदर्भ में वरिष्ठ उप निरीक्षक रमाशंकर पांडे ने बताया कि निशपा के पिता बिंदु राम ने 15 दिन पूर्व थाने में तहरीर देकर बेटी की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया था तथा बताया था कि वह बिना बताए ही घर से गायब हो गई थी। मंगलवार की शाम खेत में जानवर चरा रहे चरवाहों को एक कुएं से दुर्गंध आती महसूस हुई। जब झांक कर देखा तो कुएं में शव पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया जिसकी पहचान उसी गांव निवासी बिंदु राम की 20 वर्षीय पुत्री निशपा के रूप में हुई। फिलहाल अभी स्वजनों के तरफ से कोई मुकदमा दर्ज नहीं करवाया गया है। जैसी तहरीर मिलेगी उसके अनुरूप मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया गया है।

प्रदेश स्तरीय एथलेटिक्स खेलों के लिए छात्र अंकित यादव एवं महफूज आलम का हुआ चयन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्यभान के नेतृत्व में चल रहे माध्यमिक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों के सराहनीय प्रदर्शन से प्रसन्न होकर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अब्दुल कादिर खान मंगलवार को खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया तथा उन सभी खिलाड़ियों जिनका चयन जनपद मंडल एवं राज्य स्तर पर हुआ है उन्हें पुरस्कार प्रदान किया। राज्य स्तर पर चयनित महफूज आलम(हैमर थ्रो), अंकित यादव (बाधा दौड़) को लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रवाना किया गया तथा मंडल स्तरीय बास्केटबॉल में इब्राहिम, कृष साहू,मंडल स्तरीय कबड्डी में नीतीश, अनुराग ,शुभम भाला फेंक में आदेश यादव बॉक्सिंग में माइकल ,मोहम्मद फैज मंडल के लिए चयनित - 14 ,- 17 - 19 क्रिकेट टीम हैंडबॉल खिलाड़ी प्रियांशु मौर्य ,यश गुप्ता तथा खो खो हॉकी फुटबॉल व वॉलीबॉल के प्रतिभागी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया सम्मान समारोह के इसी क्रम में इंजीनियर प्रहलाद यादव पूर्व स्क्वाड्रन लीडर (भारतीय वायु सेना) प्रदेश स्तर पर चयनित महफूज आलम व अंकित यादव को मेडल पहनकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान खिलाड़ियों व उपस्थित छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शारीरिक मानसिक व संवेगात्मक विकास के लिए योग व्यायाम एवं खेल अति आवश्यक है इस सम्मान समारोह में खेल अध्यापक मोहम्मद आजम रूशदी खान सुशील कुमार सिंह सलाहुद्दीन अनुपम सिंह अनवर अल्वी शाहिद अलीम सलमान अहमद शहजाद आलम धर्मेंद्र यादव प्रदीप मिश्रा मोहम्मद जैद आदि उपस्थित रहे।

युवक को गांजे के साथ पुलिस ने गिरफ्तार करने का किया दावा

जौनपुर (खेतासराय) स्थानीय पुलिस ने बुधवार को आज़ाद पुलिया के पास से एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपित को सम्बंधित मामले में चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस के मुताबिक थानाध्यक्ष चन्दन रॉय बुधवार को मय हमराह उक्त स्थान पर चेकिंग के दौरान लेदरही निवासी युवक मो अरशद पुत्र सलाहू को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद करने का दावा किया गया है। पुलिस का यह भी कहना है वह शातिर है। आरोपित युवक पर पूर्व में एक भी मामला पंजीकृत नही है। एसओ चन्दन राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों और तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक विनोद कुमार तिवारी, कांस्टेबल नफीस अहमद, विजय शंकर यादव समेत अन्य पुलिस के जवान मौजूद रहे।

यातायात माह का डीएम-एसपी ने किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज झा एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा ने बुधवार को ÷यातायात माह नवम्बर 2023÷ का शुभारम्भ किया। अधिकारीद्वय ने हरी झण्डी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु आयोजित इस यातायात जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर कुलदीप गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन अनुपम सिंह, यातायात प्रभारी जी0डी0 शुक्ला सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। रैली में यातायात पुलिसकर्मी के साथ विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस में यातायात नियमों का पालन सम्बन्धी जागरूकता जैसे सीट बेल्ट/हेलमेट पहनना, ओवर स्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन/ईयर फोन का प्रयोग न करना, नशे/नींद की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर तमाम लोगों की उपस्थिति रही।

यूपी में कई जिला जज सहित 66 एचजेएस अफसरों का तबादला

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। हाईकोर्ट प्रशासन ने प्रदेश के कई जिला जजों व विभिन्न अधिकरणों के पीठासीन अधिकारियों सहित 66 एचजेएस अफसरों का स्थानांतरण किया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती ने इस बाबत अधिसूचना जारी की। हाईकोर्ट प्रशासन ने प्रदेश के कई जिला जजों व विभिन्न अधिकरणों के पीठासीन अधिकारियों सहित 66 एचजेएस अफसरों का स्थानांतरण किया है। रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की अधिसूचना के अनुसार ये स्थानांतरण /व्यवस्था प्रशासनिक अत्यावश्यकताओं में और बेहतर प्रशासन के लिए किए गए हैं। अधिसूचना के अनुसार स्थानांतरित न्यायिक अधिकारियों में एडीजे कन्नौज विशंभर प्रसाद को पीठासीन अधिकारी एमएसीटी मऊ, पीठासीन अधिकारी लारा गोरखपुर सतेंद्र कुमार को जिला जज हाथरस, प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश सीतापुर मित्तर पाल सिंह को पीठासीन अधिकारी लारा गोरखपुर, प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश संत कबीर नग नगीना यादव को इसी पद पर सीतापुर भेजा गया है। एडीजे अमरोहा संजय वीर सिंह को प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश संत कबीर नगर, एडीजे गाजियाबाद आलोक को पीठासीन अधिकारी एमएसीटी औरैया, प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश अलीगढ़ अहमद उल्लाह खान को पीठासीन अधिकारी एमएसीटी एटा, एडीजे अलीगढ़ मनोज कुमार अग्रवाल को वहीं प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश, रजिस्ट्रार हाईकोर्ट क्षितिज कुमार श्रीवास्तव को पीठासीन अधिकारी एमएसीटी बरेली बनाया गया है। एडीजे लखनऊ प्रफुल्ल कमल को प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कौशाम्बी, प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश अमरोहा संजय कुमार द्वितीय को पीठासीन अधिकारी एमएसीटी देवरिया, रजिस्ट्रार विद्युत न्यायाधिकरण नई दिल्ली चौधरी को प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश अमरोहा बनाया गया है। इसी तरह पीठासीन अधिकारी एमएसीटी गाजियाबाद मजात सिंह श्योराण को पीठासीन अधिकारी एमएसीटी आगरा, विशेष न्यायाधीश सीबीआई गाजियाबाद वत्सल श्रीवास्तव को पीठासीन अधिकारी एमएसीटी गाजियाबाद, एडीजे जालौन अरुण कुमार मल्ल को पीठासीन अधिकारी एमएसीटी हमीरपुर, एडीजे संत कबीर नगर प्रमोद कुमार तृतीय को पीठासीन अधिकारी एमएसीटी बलिया, सचिव लोकायुक्त अनिल कुमार सिंह प्रथम को प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश अंबेडकरनगर, एडीजे सुल्तानपुर इंतखाब आलम को पीठासीन अधिकारी एमएसीटी मैनपुरी, पीठासीन अधिकारी एमएसीटी रामपुर आराधना रानी को प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश हमीरपुर गया है।

मयंक के शतक से चौधरी नौनिहाल क्लब 'ए' जीता

प्रयागराज। मयंक दुबे के शतक (100 रन, 110 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) की बदौलत चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'ए' ने विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को 120 रन से हराकर प्रो. एपी भटनागर अंडर-23 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। केपी कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल क्लब ए ने 40 ओवर में 7 विकेट पर 238 रन (मयंक दुबे 100, विराट जायसवाल 74, मनु राजा 26, अभिषेक तिवारी 3/43, आदर्श तिवारी 2/51) बनाये। जवाब में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की टीम 28.4 ओवर में 118 रन (भूपेंद्र सिंह 55, शुभ शर्मा 3/27, शुभम पटेल 2/23, समित पांडेय 2/31) पर सिमट गई।

भाजपा की नीतियाँ शिक्षा एवं शिक्षकों की विरोधी

प्रदेश के सभी मण्डलों में बने सपा शिक्षक सभा के प्रभारी

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व में इलाहाबाद -झाँसी क्षेत्र से शिक्षक निर्वाचन का चुनाव लड़ चुके डॉ एस. पी. सिंह पटेल ने कहा है कि भाजपा की नीतियाँ शिक्षा एवं शिक्षकों की विरोधी हैं। सबका साथ सबका विकास का दावा करने वाली भाजपा ने समुची शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर रखा है। शिक्षकों के हितों की अनदेखी भाजपा सरकार पर भारी पड़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष श्री पटेल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि सपा शिक्षक सभा को संगठनात्मक मजबूती देने के लिये सभी मण्डलों एवं सभी जिलों में प्रभारी भी तैनात कर दिए गए हैं। जिला एवं महानगर संगठन की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। सपा शिक्षक सभा गाँव-गाँव, बूथ स्तर पर संगठन तैयार कर रही है जो आगामी 2024के चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने में जी जान लगा देंगे। सभी 18मण्डलों में बनाये गए मण्डल प्रभारियों में आगरा डॉ निर्भय सिंह गुर्जर, सहारनपुर महताब अली, मेरठ कौशल कुमार भदौड़ा, अलीगढ़ डॉ पुष्पेंद्र कुमार यादव, मुरादाबाद डॉ मो. शाकिब, बरेली प्रमोद यादव, देवी पाटन राम आधार पटेल, बस्ती महेन्द्र सोनी, गोरखपुर दिग्विजय सिंह पटेल, अयोध्या डॉ जितेंद्र प्रसाद मिश्रा, लखनऊ डॉ अंशू चौधरी एवं शाह आलम, प्रयागराज जंग बहादुर सिंह पटेल, कानपुर डॉ कमलेश यादव, झाँसी राम लाल विश्वकर्मा, चित्रकूट राम धनी यादव, मिर्जापुर लालजी पटेल, वाराणसी संजय राय प्रियदर्शी, अजमगढ़ संजय यादव को जिम्मेदारी दी गई है।

इविवि लोकतांत्रिक जगहों को खत्म किया जा रहा है

अवधनामा संवाददाता

छात्र विवेक पर जानलेवा हमला करने वाले चीफ प्रॉक्टर को बर्खास्त किया जाए

प्रयागराज। आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत ने कहा कि विश्वविद्यालय में लोकतांत्रिक जगहों को छात्रों के लिए खत्म किया जा रहा है। इलाहाबाद विवि वाद- विवाद, संवाद के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन अब इस विरासत को नष्ट किया जा रहा है। सभी छात्र संगठन मिलकर विश्वविद्यालय की संस्कृति, लोकतांत्रिक विरासत को बचाने के लिए एकजुट हों। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष अदील हमजा ने कहा कि विश्वविद्यालय की तात्कालिक स्थिति में आम परिवेश से आने वाले छात्रों के राजनीतिक सपनों को खत्म किया जा रहा है। छात्र संघ खत्म कर छात्रों को मूलभूत जरूरत से बेदखल कर दिया गया है। नागरिक समाज की तरफ से अपनी बात रखते हुए विनोद तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय का निजीकरण करने की कोशिश हैं, जिसके खिलाफ इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों के आंदोलन तथा लोकतंत्र बहाली के लिए नागरिक समाज मजबूती से समर्थन करता हैं तथा लोकतांत्रिक माहौल को बहाल करने की मांग करता हैं। एनएसयूआई उपाध्यक्ष सत्यम कुशवाहा ने कहा कि तीन-तीन महीने छात्रों को जेल में रखकर उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। यह विश्वविद्यालय प्रशासन तथा योगी की पुलिस के शिक्षा विरोधी होने का चेहरा उजागर करता है। समाजवादी छात्र सभा की तरफ से सुधीर ने अपनी बात रखते हुए कहा कि दलित पिछड़े छात्रों के साथ निलंबन निष्कासन किया जा रहा है। उन्हें शिक्षा से बेदखल करने की कोशिश है जो शर्मनाक हैं। दिशा के प्रांजल ने कहा की समस्त छात्रों को एकजुट होकर शिक्षा विश्वविद्यालय में हो रहे हमले के खिलाफ लड़ना होगा। एआईएसएफ की तरफ से सुफियान ने कहा कि विश्वविद्यालय को अपनी व्यक्तिगत जागीर समझना प्रशासन में बैठे लोग बंद करें अन्यथा छात्र उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। अधिवक्ता मंच की तरफ से नितेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए जा रहे निलंबन निष्कासन अवैधानिक हैं। अधिवक्ता मंच छात्रों की लड़ाई में उनके साथ हैं और कैंपस में लोकतंत्र बहाल किए जाने की मांग करता है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की शोध छात्रा आकांक्षा आजाद ने कहा कि छात्रों के ऊपर जारी बर्बर दमन के खिलाफ प्रदेशव्यापी एकजुटता व्यक्त कर लोकतंत्र बहाली के लिए आंदोलन चलाया जाएगा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे तथा वर्तमान अधिवक्ता अरविंद सरोज ने अपनी बात रखते हुए कहा की दलित पिछड़ों के ऊपर जान बूझकर दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसएफआई के आशीष ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा का माहौल खत्म किया जा रहा है। गरीब छात्रों को पढ़ने लिखने से बेदखल करने की साजिश की जा रही है। प्रेस कांफ्रेंस में राहुल पटेल, साक्षी, चंदा यादव, शिवानी, आयुष, सुयश, शशांक, आदित्य आदि शामिल रहे।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

प्रयागराज। कौशाम्बी की युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व धोखा देकर भागने के आरोप में प्रेमी पर केस दर्ज कराया है। आरोप है कि प्रेम विवाह कर आरोपी उसे दिल्ली ले गया और चार महीने रखने के बाद प्रयागराज आते वक्त धोखा देकर ट्रेन में छोड़कर भाग निकला। युवती ने पुलिस को बताया कि वह एक हर्बल कंपनी में काम करती थी। इसी दौरान एक महिला के माध्यम से उसकी मुलाकात रोशन निवासी दरभंगा, बिहार से हुई। आरोप है कि रोशन ने उसे नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। नौ जनवरी को कंपनी के अफसरों की मीटिंग होने की बात कहकर शाहगंज स्थित अंबर होटल में बुलाया। फिर रात में बहाने से रोककर दुष्कर्म किया। विरोध पर संगम में ले जाकर प्रेम विवाह किया और फिर दिल्ली लेकर चला गया। वहां चार महीने तक अपने साथ रखने के बाद पिछले दिनों दिल्ली से वापस प्रयागराज चलने को कहा। ट्रेन जैसे ही वाराणसी पहुंची, उसे धोखा देकर ट्रेन में ही छोड़कर भाग निकला। बहुत देर तक वह उसकी खोजबीन करती रही और फिर उसे समझ आया कि उसके साथ धोखा हुआ है। शाहगंज एसओ मुदित राय ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

नन्हे साई ब्रदर्स पढ़ाएंगे यातायात का पाठ

अवधनामा संवाददाता

एसीपी ने किया एल्बम का विमोचन

प्रयागराज। प्रदेश भर में आज से 30 नवंबर तक यातायात महीना मनाया जा रहा है। इसी क्रम में संगम नगरी प्रयागराज के नन्हे साई ब्रदर्स ने सड़क सुरक्षा पर एक गीत रचा है जिसका विमोचन आज पुलिस के अधिकारियों ने किया। इस गीत को बनाने वाले साई बंधुओ का कहना है की आज के समय के लिए यह बहुत ही आवश्यक है। यह गीत आपको सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा साथ ही पुलिस के अधिकारियो ने फैसला किया है कि पूरे महीने प्रयागराज की सड़कों पर यह गीत बजता रहेगा। ताकि लोग अधिक संख्या में जागरूक हो। गीत में नन्हे कलाकारों ने बखूबी समझाया है कि सड़क पर आप जब गाड़ी चलाएं तो आप उसे सुरक्षित तरीके से चलाएं। जिससे दुर्घटना होने की संभावना कम हो सके। आज के समय में सड़कों पर गाड़ियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिससे दुर्घटना में काफी बढ़ोतरी हो रही है। जल्दबाजी और लापरवाही से गाड़ी चलाने के चक्कर में दुर्घटना हो जाते है। इसलिए सरकार ने सड़क पर गाड़ी चलाने के लिए कुछ नियम बनाए हैं हमें उम्मीद है सड़क सुरक्षा पर बने यह गीत आपको प्रेरित करेगा कि आप सावधानी से और यातायात के नियम को ध्यान में रखकर गाड़ी चलाएगे। यातायात नियम जागरूकता गीत का विमोचन पुलिस लाइन में पवन कुमार आई.पी.एस. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के हाथों हुआ। साई ब्रदर को आशीर्वाद और प्यार वहां पर उपस्थित राजेश कुमार सहायक पुलिस आयुक्त, सीताराम अपर पुलिस उपायुक्त भी मौजूद रहे।

मिर्जापुर की कजरी और महोबा का आल्हा गायन होगा समारोह का आकर्षण

अवधनामा संवाददाता

राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में रजत जयंती समारोह आज

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज 2 नवंबर 2023 को विश्वविद्यालय की स्थापना की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर रजत जयंती मनाएगा। मिर्जापुर की लोक गायिका श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव की कजरी और महोबा के जितेन्द्र कुमार चौरसिया का आल्हा गायन समारोह का आकर्षण होगा। इसके साथ ही ब्रज और अवधि की संस्कृति की छटा आह्लादित करेगी। समारोह का सीधा प्रसारण विश्वविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा।

कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने आज तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने समारोह स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यह महत्वपूर्ण अवसर विश्वविद्यालय अपने विकास यात्रा की विगत 25 वर्षों की सुनहरी यादों को ताजा करने का साक्षी बनेगा। विश्वविद्यालय इस अवसर पर उन सभी कर्म योगियों को याद करेगा, जिनका योगदान इसकी प्रगति में सहायक सिद्ध हुआ है। विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर बंश गोपाल सिंह, कुलपति, पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ होंगे। सारस्वत अतिथि डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर, पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर कल्पलता पांडेय, पूर्व कुलपति, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया होंगी। विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के लिए यह अवसर उन्नत शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नवाचार और समृद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस अवसर पर शिक्षार्थी सूचना प्रबंधन प्रणाली एल आई एम एस का उद्घाटन किया जाएगा। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक वृद्धि होगी।

रजत जयंती समारोह को यादगार बनाने के लिए महोबा के जितेंद्र कुमार चौरसिया एवं दल द्वारा आल्हा गायन होगा। मथुरा के अशोक निलेश एवं दल द्वारा ब्रज संस्कृति पर कार्यक्रम, मिर्जापुर की श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव इंदौर द्वारा कजरी गायन की प्रस्तुति की जाएगी। इसी प्रकार सुल्तानपुर के बृजेश सिंह दल द्वारा अवधि संस्कृति की बिरहा गायन की प्रस्तुति की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय तथा हिंदुस्तानी अकादमी, प्रयागराज के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। रजत जयंती समारोह का प्रसारण विश्वविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा।

कांग्रेस नेता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

मुबारकपुर,आजमगढ़। मुबारकपुर की वरिष्ठ कांग्रेस नेता जमील अंसारी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कोहिनूर गेस्ट हाउस में किया गया जिसमें कांग्रेस के पूर्व सांसद संतोष सिंह ने उनके विचारों पर प्रकाश डाला संतोष सिंह ने कहा कि स्वर्गीय जमील अहमद सच्ची ईमानदार के धनी व्यक्ति थे ।इंदिरा गांधी कैडर से कांग्रेस में अपना संपूर्ण जीवन कांग्रेस के साथ निभाया उनके निधन से कांग्रेस जनों में काफी आहत है की आज हमारे बीच स्वर्गीय जमील अहमद अंसारी व्यक्ति नहीं रहे जिसकी छती की भरपाई नहीं हो पाएगी श्रद्धांजलि सभा में मध्य प्रदेश से चलकर आए करुणा प्रसाद मिश्रा भारत जोड़ो यात्रा में शामिल रहे उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जमील अहमद हमेशा से सच्चे कांग्रेस के सिपाही रहे और अंत तक कांग्रेस के झंडे के साथ अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया इस श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय जमील अहमद की पुत्री फेजिया खातून तथा उनके शिक्षक भी उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जिसमें मुख्य रूप से ज्योति सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, रूबी सिंह, अखिलेश तिवारी ,खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र यादव ,ए आर पी नंदलाल यादव, कल्पना यादव, राजेश प्रधान भटोरा ,तथा कांग्रेसी राम अवध यादव हाजी इफ्तेखार अंसारी व मुख्तार एवं महिला कांग्रेस नेता लालती देवी आदि दर्जनों कांग्रेसी नेता गढ़ उपस्थित रहे।

गाज़ा में युद्धविराम हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ में वोटिंग ना करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। यूपी अल्पसंख्यक कांग्रेस के आह्वान पर जिला व शहर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष नदीम खान के नेतृत्व में विदेश मंत्री को संबोधित पत्रक जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमे फिलिस्तीन और इज़राइल के बीच युद्धविराम हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ में वोटिंग के समय मोदी सरकार की गैरहाजिरी पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई। शहर अध्यक्ष मिर्जा बरकतउल्लाह बेग ने कहाकि गाज़ा में युद्धविराम हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ में जॉर्डन द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर वोटिंग के समय मोदी सरकार का अनुपस्थित हो जाना शांति और अहिंसा पर आधारित भारतीय मूल्यों के विपरीत है। इससे हमारी अपनी उपनिवेशवाद विरोधी परंपरा भी कलंकित हुई है। जबकि भारत को छोड़कर सारे के सारे सार्क देशों ने फिलिस्तीन में नरसंहार के खिलाफ और शांति बहाली के लिए यूएनजीए में वोट दिया है। इससे पहले भी भाजपा सरकार ने 2014 में गाजा संकट के दौरान इजराइल के युद्ध अपराधों के लिए उस पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में मुकदमा चलाने के लिए 2016 में संयुक्त राष्ट्र में वोटिंग से भारत ने खुद को बाहर रखा। मोदी सरकार की यह विदेश नीति उनकी दूरदर्शिता पर सवाल खड़ा कर रहा है। अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष कन्हैया राव ने कहाकि भारत ने इजराइल की स्थापना के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा में उसे शामिल करने के खिलाफभी मतदान किया था। भारत ने सदैव फिलिस्तीन मुद्दे पर नर्म रुख रखा, क्योंकि दोनों के बीच का संबंध साम्राज्यवाद विरोधी भावना पर आधारित है। भाजपा सरकार की यह विदेश नीति देश के चेहरे को भारतीय संविधान से इतर खड़ा कर रही है। वहीं कांग्रेस शहर अध्यक्ष नज्म शमीम ने कहाकि हमारी मांग है कि परम्परागत विदेश नीति के अनुसार भारत सरकार फिलिस्तीन में युद्धविराम में सक्रिय भूमिका का निर्वाह करे।

इस अवसर पर कौशल कुमार सिंह, मो आमिर, मुन्नु मौर्या, रियाजुल हसन, डा मोउज्जम, निरूल हक, असफाक अंसारी, एडवोकेट, मो असलम, अबु सहमा सहरिया, नीलू, मो अफज़ल, मंतराज यादव, अबीबुल रहमान, मो हासिम मुबारकपुर, शफीउज्जमां आदि मौजूद रहे।

विदेशी शेयर बाजार में सीधे सूचीबद्ध हो सकेंगी भारतीय कंपनियां, कुछ शर्तों के साथ मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने कुछ शर्तों के साथ भारतीय कंपनियों को सीधे विदेशी एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध होने की अनुमति दे दी है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कंपनी कानून के तहत संबंधित धाराओं को अधिसूचित कर दिया है। नियमों को

अधिसूचित किया जाना बाकी है। वर्तमान में स्थानीय कंपनियां विदेशों में अमेरिकी डिपॉजिटरी रिसीट (एडीआर) और ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट (जीडीआर) के जरिये सूचीबद्ध होती रही हैं। सेबी ने हांगकांग के साथ-साथ जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, जर्मनी, स्विटजरलैंड के अन्य प्रमुख एक्सचेंजों सहित कई देशों में मजबूत मनी-लॉन्ड्रिंग नियमों के साथ स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्धता की अनुमति देने का प्रस्ताव दिया था।

मंत्रालय ने 30 अक्तूबर को एक अधिसूचना में कहा, कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2020 (2020 का 29) की धारा 1 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए केंद्र सरकार इसके द्वारा अक्तूबर 2023 के 30वें दिन को उस तारीख के रूप में निर्धारित करती है जिस दिन इस अधिनियम की धारा पांच के प्रावधान लागू होंगे।

धारा पांच सार्वजनिक कंपनियों के कुछ वर्गों को अनुमति प्राप्त विदेशी न्यायक्षेत्रों या ऐसे अन्य न्यायक्षेत्रों में अनुमत स्टॉक एक्सचेंजों पर अपनी प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करने की अनुमति देता है। इससे पहले 13 अक्तूबर को एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि मंत्रालय कंपियों की विदेशी शेयर बाजार में सीधे सूचीबद्ध करने के लिए नियम तैयार करने के लिए संभावित पात्रता मानदंड सहित विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रहा है। वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीते शनिवार को कहा था कि सरकार ने घरेलू कंपनियों को विदेश में सूचीबद्ध होने की अनुमति देने का फैसला किया है, ताकि उन्हें वैश्विक बाजारों से पूंजी हासिल करने में मदद मिल सके। मई 2020 में कोविड राहत पैकेज के हिस्से के रूप में इस कदम की घोषणा की गई थी।

दक्षिण कोरिया में जारी 15वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप मेंकश्मीर के शूटर ने दो मेडल हांसिल किए

नई दिल्ली। केसर टीवी ने जीत को उजागर किया की जम्मू-कश्मीरके खिलाड़ी ने दक्षिण कोरिया में जीते दो पदक दक्षिण कोरिया में जारी 15वींएशियन शूटिंग चैंपियनशिप में कश्मीर के शूटर ने दो मेडल हांसिल किए हैं। आपको बता दें कि दक्षिण कोरिया के चांगवोन में 22 अक्टूबर से 02 नवंबर 2023 तकचलने वाली इस शूटिंग चैंपियनशिप में रविंद्र सिंह ने न केवल देश का बल्कि जम्मू-कश्मीर का भी नाम रोशन किया है। आपको बता दें कि रविंद्र सिंह भारतीयसेना में हवलदार के पद पर तैनात हैं। रविंद्र ने इस चैंपियनशिप में व्यक्तिगत निशानेबाजी स्पर्धा में सिल्वर, तो टीम के साथ मिलकर ब्रॉन्ज मेडल हांसिल किया है। रविंद्र सिंह की जीत के बाद भारत ने इस चौंपियनशि में बड़ी कामयाबी हांसिल की है।जम्मू औरकश्मीर के खिलाड़ी ने दक्षिण कोरिया में दो मेडल की विजय प्राप्त की आपको बता देंकि हवलदार रविंद्र सिंह भारतीय सेना में शामिल हैं। जोकि मौजूदा वक्त में इंदौरके मऊ में ड्यूटी दे रहे हैं। रविंद्र ने दक्षिण कोरिया में एकल प्रतियोगिता मेंसिल्वर पर निशाना साधा। साथ ही टीम के साथ ब्रॉन्ज मेडर को हांसिल किया। सेना मेंजोरदार स्वागत रविन्द्र सिंह के मुताबिक वे इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं। जिनमें उन्होंने भारत के लिएकई मेडल भी जीते हैं। वे आगे भी अपने इस खेल को जारी रख, देश का नाम रौशनकरना चाहते हैं। रविंद्र की जीत के बाद उनके सैनिक साथी और सैन्य बल ने उनका जोरदार स्वागत किया।

मान्यवर ने रामचरण को बनाया अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर

लखनऊ। भारत के प्रमुख मैन्स फैशन सेलेब्रेशन वियर ब्राण्ड मान्यवर ने ग्लोबल स्टार राम चरण को अपना ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। शादियों एवं त्योहारों के सीज़न की शुरूआत के साथ मान्यवर ने अपना नया कैंपेन सतैयार होकर आए भी लॉन्च किया है। रामचरण विश्वस्तरीय मंच पर आधुनिक भारतीय पुरूषों का प्रतिनिधित्व करते हैं, और आधुनिक भारत के सार को दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। उनके मूल्य मान्यवर के दृष्टिकोण अनुरूप हैं। ऐसे में उनकी ज़बरदस्त लोकप्रियता मान्यवर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को नया आयाम देगी।

इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए राम चरण ने कहा, ''मान्यवर के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह ब्राण्ड हमेशा से भारत में पुरूषों के फेस्टिव फैशन को नया आयाम देता रहा है। इनोवेशन, परम्पराओं एवं पारिवारिक मूल्यों के लिए मान्यवर की प्रतिबद्धता मेरे सिद्धान्तों की तरह है, ऐसे में यह साझेदारी मेरे लिए बेहद खास है। परिवार के साथ शादियों और त्योहारों के जश्न मनाना हमेशा गर्व का अहसास देता है और मान्यवार के लिए स्टाइल स्टेटमेन्ट बनने से बेहद और क्या हो सकता है।''

वेदांत मोदी, चीफ़ रेवेन्यू ऑफिसर, वेदांत फैशन लिमिटेड ने इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए कहा, ''मान्यवर के परिवार में रामचरण का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उनका आकर्षण और विश्वस्तरीय अपील आधुनिक भारतीय पुरूषों के परिधानों के मान्यवर के दृष्टिकोण के अनुरूप है। हमें विश्वास है कि रामचरण के साथ हम दर्शकों के साथ और भी गहराई के साथ जुड़ सकेंगे।'

कैंपेन की फिल्म बड़ी ही खूबसूरती से पिता और बेटे के बीच के अटूट रिश्ते पर रोशनी डालती है। फिल्म में एक पिता अपने बेटे की शादी की तैयारियों में व्यस्त हैं, तभी बेटे का दिल पुरानी यादों से भर जाता है, वह पिछले सालों के दौरान अपने पिता से मिले प्यार और उनके साथ बिताए अनमोल पलों को याद कर भावुक हो उठता है। बदलते समय के साथ अपने आप में बदलाव लाने के साथ-साथ एक परिवार आपको बहुत कुछ सिखाता है। फिल्म पिता और बेटे के बीच के रिश्ते को दर्शाते हुए मार्गदर्शन, ज़िम्मेदारी एवं सूझ-बूझ के पारिवारिक मूल्यों का महत्व बताती है। कहानी के आगे बढ़ने के साथ यह एक मजबूत संदेश देती है: बेटा शादी के लिए तैयार हो रहा है, वे अपने पिता से मिले प्यार और ज्ञान को सहेज कर जीवन की आगे की यात्रा की तैयारी कर रहा है। यहां पेश किए गए शब्द निश्चित रूप से दर्शकों के दिल को छू जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए विज़िट करें https://www.manyavar.com/en-in/home और मान्यवर को फॉलो करें https://www.instagram.com/manyavar/

मोटोरोला की फ्लिपकार्ट बिग दिवाली सेल में अपने स्मार्टफोन्स पर डिस्काउंट की घोषणा

नई दिल्ली। भारत में 5जी स्मार्टफोन के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट बिग दिवाली सेल से पहले अपने स्मार्टफोन को भारी छूट पर खरीदने का शानदार मौका देने की घोषणा की है। आज 1 नवंबर से फ्लिपकार्ट प्लस मेंबर्स के पास अब मोटोरोला ऐज, मोटो जी, और मोटो ई सीरीज के ज्यादातर स्मार्टफोन को आकर्षक बिग दिवाली सेल कीमतों पर खरीदने के लिए अर्ली एक्सेस की सुविधा उपलब्ध है। आई पी 68 रेटिंग वाला मोटोरोला ऐज 40 दुनिया का सबसे स्लिम 5जी फोन है, जो 26,999 रुपये की बेमिसाल कीमत पर उपलब्ध है। यह दुनिया का पहला ऐसा स्मार्टफोन है जिसमें बेहद तेज़ मीडियाटेक डायमेनसिटी 8020 प्रोसेसर लगाया गया है, और इसके अलावा यह एज लाइट्स सेगमेंट के पहले 144हट्र्स 3डी कर्व्ड डिस्प्ले के साथ आने वाला स्मार्टफोन है। इस डिवाइस में 68 वाट टर्बोपावर के साथ 4400एमएएच की दमदार बैटरी भी है, और यह इस सेगमेंट का ऐसा पहला फोन है जो वायरलेस चार्जिंग को सपोर्ट करता है। इसमें प्रीमियम वीगन लेदर फिनिश और मेटल फ्रेम लगाया गया है, जो आरामदायक पकड़ सुनिश्चित करता है। यह स्मार्टफोन जोश से भरे बेहद खूबसूरत रंगों में आता है, जिसमें पैनटोन कलर ऑफ द ईयर 2023 वीवा मैजेंटा भी शामिल है। यह स्मार्टफोन इस सेगमेंट में सबसे चौड़े एफ/1.4 अपर्चर के साथ बेमिसाल 50डच् कैमरा, शेक फ्री वीडियो कैप्चर करने के लिए ओ आई एस के फीचर वाले एडवांस्ड होराइजन लॉक तथा 2यूएम अल्ट्रा पिक्सल टेक्नोलॉजी से लैस है, जो सही मायने में फोटोग्राफी के अनुभव को शानदार बना देता है। मोटो जी54 5जी भारत का सबसे दमदा 5जी जेड स्मार्टफोन है जिसने मोटोरोला के 5 जी पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाया है, जो ग्राहकों को 20 हजार से कम कीमत के सेगमेंट में शानदार कीमतों पर बेमिसाल प्रदर्शन का अनुभव प्रदान करता है।

सोनी बीबीसी अर्थ ने लॉन्च किया 'अर्थ चैम्पियंस'

कहानी कहने की दिलचस्प कला की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, सोनी बीबीसी अर्थ ने अपनी लोकप्रिय प्रॉपर्टी 'अर्थ चैम्पियंस' के लॉन्च की घोषणा कर दी है। अर्थ चैम्पियंस की शुरूआत इंस्टाग्राम लाइव सेशन के तौर पर हुई थी और यह अब 3 मिनट के रोचक कैप्सूल्स के रूप में दर्शकों को प्रेरित करेगा और उन्हें प्रकृति के कैलिडोस्कोप के माध्यम से एक असाधारण यात्रा पर ले जाएगा। यह प्रॉपर्टी 6 नवंबर 2023 से चैनल पर लाइव होगी। 'अर्थ चैम्पियंस' में प्रकृति के प्रेमियों की कहानियों को जीवन के सभी क्षेत्रों से आने वाले आम लोगों तक पहुँचाया जाएगा और यह कार्यक्रम लोगों के उन कार्यों की जोरदार ताकत पर रोशनी डालना चाहता है, जोकि साथ मिलकर सकारात्मक बदलाव की शक्ति बन गये। सोनी बीबीसी अर्थ निजी, घरेलू और समुदायिक स्तर पर वनों के जीर्णोद्धार, कचरे के प्रबंधन, पानी, वायु का शुद्धिकरण, आदि जैसे मुद्दों पर काम कर रहे असल जिन्दगी के नायकों को सम्मानित करना कर उनकी प्रशंसा करना चाहता है।सोनी बीबीसी अर्थ के अर्थ चैम्पियंस को सोशल मीडिया पर प्रचार के साथ एक ऑन-एयर प्रॉपर्टी के तौर पर पैकेज किया गया है और दिलचस्प पटकथा के साथ अनुकूल संगीत जोड़कर इसे ज्यादा खूबसूरत बनाया गया है। अर्थ चैम्पियंस के पहले एपिसोड में 'श्री जादव पायेंग' से मुलाकात होगी, जिन्हें 'फॉरेस्ट मैन ऑफ इंडिया' भी कहा जाता है। असम के श्री पायेंग ने बंजर जमीनों को मानव-निर्मित फलते-फूलते वनों में तब्दील किया है। अपने निस्वार्थ एवं अथक प्रयासों के लिये उन्हें प्रतिष्ठित पद्मश्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। सोनी बीबीसी अर्थ अपने प्रसिद्ध शोज, जैसे कि ब्लू प्लैनेट 2, क्लाइमेट चेंजः द फैक्ट्स, और अ परफेक्ट प्लैनेट से देशभर के दर्शकों को एकजुट कर चुका है और प्राकृतिक संसार के साथ उनका गहरा सम्बंध स्थापित कर चुका है। यह चैनल स्थायित्व की अनिवार्यता पर जागरूकता बढ़ाता रहा है और अपनी विभिन्न पहलों के माध्यम से लॉयलिस्ट्स की एक कम्युनिटी तैयार कर रहा है।

16.2 मिलियन कर्मचारियों को एआई और ऑटोमेशन में अपस्किल एवं रिस्किल करने की ज़रूरत

नई दिल्ली। भारत में एआई और ऑटोमेशन के लिए 16.2 मिलियन कर्मचारियों को रिस्किल और अपस्किल करने की ज़रूरत होगी और इससे 4.7 मिलियन नई तकनीकी नौकरियों का सृजन भी होगा। सर्विसनाऊ और पियर्सन ने आज अपने नए शोध के आधार पर यह घोषणा की। सर्विसनाऊ द्वारा कमीशंड और पियर्सन द्वारा संचालित इस शोध का उद्देश्य मशीन लर्निंग का प्रयोग करके यह अनुमान लगाना था कि टेक?नोलॉजी किस प्रकार प्रत्येक नौकरी* के कार्यों को बदल देगी। शोध में भारतीय कर्मचारियों के लिए अपने कॅरियर को नया आकार देने और भविष्य के लिए इसे सुरक्षित बनाने के लिए अभूतपूर्व संभावना प्रस्तुत की गई है। भारत में उन नौकरियों की पदस्थापना में, जिनमें सर्विसनाऊ प्लैटफॉर्म तकनीकी कौशल की ज़रूरत है, पिछले साल 39त्न की वृद्धि हुई। लाइटकास्ट के श्रम बाज़ार के आँकड़ों के अनुसार यह पूरे विश्व में सबसे तेज वृद्धि दर है जहाँ पूरे विश्व के किसी भी शहर की अपेक्षा बैंगलोर में टैलेंट के लिए सबसे ज्यादा माँग देखी गई। भारत का डिजिटल स्किल इकोसिस्टम भी इसके साथ वृद्धि करने को तैयार है। सर्विसनाऊ के शोध से पता चला है कि तकनीकी कौशल की कमी दूर करने के लिए ऐप निर्माता (75,000), डेटा एनालिस्ट (70,000), प्लैटफॉर्म ओनर (65,000), प्रोडक्ट ओनर (65,000) और कार्यान्वयन इंजीनियर (55,000) की ज़रूरत होगी। जैसे-जैसे भारत का तकनीक से भरपूर दशक (टेकेड) आगे बढ़ रहा है, कंपनियाँ एआई द्वारा होने वाले आर्थिक मूल्य और समावेशी विकास पर अधिकार करने के लिए पूरे जोर-शोर से काम कर रही हैं। सर्विसनाऊ अपनी वैश्विक स्किलिंग पहल 'राइज़अप विद सर्विसनाऊ' के माध्यम से कर्मचारियों को सर्विसनाऊ प्लैटफॉर्म का प्रयोग करके एक भूमिका ग्रहण करने के लिए ज़रूरी कौशल प्राप्त करने में सक्षम बनाकर टैलेंट को टेक?नोलॉजी से जोड़ रहा है। सर्विसनाऊ के बढ़ते इकोसिस्टम में हज़ारों स्थानीय और वैश्विक पद प्रस्तावित किये जा रहे हैं।

निविया ने निविया सॉफ्ट फ्रेश बैच 2023 के लिए विजेताओं की घोषणा की

नई दिल्ली। भारत के नंबर 1 विश्वसनीय स्किनकेयर ब्रांड निविया ने हाल ही में ब्रांड के डिजिटल टैलेंट हंट निविया सॉफ्ट फ्रेश बैच के तीसरे संस्करण के सफल समापन की घोषणा की। इस अवसर को यागदार बनाते हुए निविया ने उन 60 नए विजेताओं का जश्न मनाने के लिए मुंबई में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिन्होंने अपनी प्रभावशाली यात्रा शुरू करने के लिए ब्रांड के साथ एक साल का अनुबंध किया है। इस कार्यक्रम में आकर्षक कंटेंट क्रिएशन जोन्स, विशेष थीम वाले फोटोबूथ के साथ-साथ फाइनलिस्टों के लिए एक प्रोफेशनल फोटोशूट का आयोजन भी किया गया। कई जानी-मानी हस्तियों ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और इन खास उपलब्धि हासिल करने वाले विजेताओं को गतिशील डिजिटल परिदृश्य को नेविगेट करने और अपनी विशिष्ट यात्रा को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान किया। इस संस्करण में भागीदारी में असाधारण वृद्धि देखी गई। इंस्टाग्राम और मोज, दोनों पर 2,30,000 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। 45 से अधिक शहरों के उभरते क्रिएटर्स ने इस रोमांचक डिजिटल हंट में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो जनरेशन-जेड (1996 से 2010 के बीच पैदा) लड़कियों के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। मुंबई, पुणे, सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद जैसे प्रमुख महानगरों और लखनऊ, जयपुर, कानपुर, नागपुर जैसे क्षेत्रीय शहरों से विविध भागीदारी प्रदर्शित करने वाली प्रविष्टियां आईं। निविया ने चार विशिष्ट ट्राइब्स - फ्रेश ब्यूटीज, बेरी फैशनिस्टाज, पेप्पी परफॉर्मर्स और पीची स्टार्स को तैयार किया है, जो प्रिय निविया सॉफ्ट लाइट मॉइस्चराइजर के ताजगी भरे वेरिएंट से प्रेरित हैं।

स्काईस्कैनर ने खुलासा किया कि 94% भारतीय घूमने के लिए मूवी और टीवी शो में दिखायी गई जगहों की ओर प्रेरित होते हैं

नई दिल्ली। ग्लोबल ट्रैवल साइट स्काईस्कैनर ने अपनी ट्रैवल ट्रेंड्स-रिडिफ़ाइनिंग वैल्यू थ्रू एक्सपीरियंस इन 2024 रिपोर्ट के साथ यात्रा के संपूर्ण दायरे को शामिल करते हुए इस उद्योग और यात्रियों के व्यवहार को आकार देने वाले नई ट्रेंड्स साझा किए हैं। स्काईस्कैनर ने आज 2024 के लिए सबसे ज़्यादा चर्चित ट्रैवल के प्रकार और उत्साह तथा सर्वोच्च 10 ट्रेंड होने वाले स्थानों और सर्वोत्तम मूल्य वाले गंतव्यों का खुलासा किया, जिसके साथ लाखों सर्च एवं प्रोप्राइटरी उड़ानों और होटल के आँकड़ों के साथ उपभोक्ताओं के वार्षिक व्यवहार के अध्ययन एवं विशेषज्ञों की टिप्पणी भी पेश की गई। रिपोर्ट के आँकड़े प्रदर्शित करते हैं कि फिल्म और मनोरंजन का भारतीय यात्रियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। 94% भारतीय उन जगहों पर जाना चाहते हैं, जो वो बड़े या छोटे पर्दे पर देखते हैं। इसके अलावा, लगभग आधे (43%) उत्तरदाता 2024 में कहाँ जाना है, यह निर्णय लेने के लिए उस जगह की 'वाइब' को महत्व देते हैं।

यात्रा के चार मुख्य वाइब्स में, सेट-जेटिंग भारत में सबसे ऊपर रहा क्योंकि लोगों ने अपने पसंदीदा शो के मुख्य पात्र की ऊर्जा के अनुरूप आइकोनिक स्थानों पर घूमने में रुचि दिखाई। 2024 में भारतीयों ने जिन सर्वोच्च स्थानों पर जाने में रुचि दिखाई, उनमें ये जवानी है दीवानी से प्रेरित मनाली, उसके बाद 3 इडियट्स से प्रेरणा लेकर भारत में खूबसूरत जगह लद्दाख है, जिसने 47% यात्रियों को आकर्षित किया।

लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने सोरायसिस के इलाज के लिए लॉन्च किया टाइनेफकॉन

मुंबई। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी एवं एक प्रमुख हेल्थकेयर व वेलनेस कंपनी लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने सोरायसिस के इलाज के लिए एक पेटेंट दवा टाइनेफकॉन लॉन्च की है। लॉर्ड्स मार्क बायोटेक ने भारत में पिरामल लाइफ साइंसेज द्वारा तैयार पेटेंट प्रोडक्ट के लिए इनवेक्स हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एक्सक्लूसिव एग्रीमेंट किया है। टाइनेफकॉन को सोरायसिस के संपूर्ण इलाज के लिए टैबलेट, क्रीम, शॉवर जेल और स्कैल्प वॉश जैसे 4 रूपों में लॉन्च किया जा रहा है। इसकी कीमत 799 रुपये से 3900 रुपये है। लॉर्ड्स मार्क बायोटेक टाइनेफकॉन के लिए एक्सक्लूसिव डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर है। कंपनी सोरायसिस के इलाज के लिए तैयार टाइनेफकॉन को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर भर्ती किए गए साइंटिफिक सेल्स फोर्स के जरिए देश भर में लोगों को प्रशिक्षित कर रही है। कंपनी ने टाइनेफकॉन की ऑनलाइन माध्यमों पर आक्रामक मार्केटिंग के लिए एक मजबूत सोशल मीडिया कैंपेन भी तैयार किया है। टाइनेफकॉन को इंटरनेट मार्केटप्लेस पर भी पेश किया जाएगा, जिससे डॉक्टर रोगियों को विश्वसनीयता के साथ यह दवा रिकमेंड कर सकेंगे।

शक्ति पंप्स को सातवां पेटेंट वेस्ट वाटर पम्प के लिए मिला

पीथमपुर। एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को वेस्ट वाटर पंप्स में ''एडजस्टेबल इम्पेलर के साथ ग्राइंडर पंप असेंबली'' का आविष्कार करने के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने, 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षो की अवधि के वैध है यह और यह शक्ति पम्पस् का सातवां पेटेंट है। इस इनोवेशन के विभिन्न लाभ हैं। इसमें एडजेस्टेबल इम्पेलर के साथ कटर अरेंजमेन्ट का उपयोग किया गया है। जिससे ठोस मटेरियल का आकार छोटा किया जाएगा, ताकि आगे की प्रोसेस सरलता से हो पाए। अपशिष्ट जल में ठोस पदार्थ को काटने और पीसने से, यह तकनीक छोटे कणों का उत्पादन करती है जो कणों को तली में एकत्र करता है एवं जैविक उपचार, फिल्टरेशन और ट्रांसपोर्टेशन जैसी डाउनस्ट्रीम प्रक्रियाओं को सरल बनाता है। इससे अपशिष्ट जल उपचार और औद्योगिक प्रक्रियाओं की क्षमता में काफी सुधार होगा।

महात्मा गांधी फेलो के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान ने, 9 आईआईएम में महात्मा गांधी नेशनल फेलो को उनके दीक्षांत दिवस समारोह में संबोधित करते हुए घोषणा की, कि 581 फेलो को जिला इमर्शन सहित आईआईएम में उनकी दो वर्षों की लर्निंग के आधार पर क्रेडिट दिया जाएगा। पब्लिक पॉलिसी और मैनेजमेन्ट में उनके सर्टिफिकेट आधिकारिक तौर पर उनके एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में दर्ज किए जाएंगे। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत परिकल्पित राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन में एक अग्रणी कदम है। मंत्री ने कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय और नौ प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) की इस सहयोगी पहल पर हमारे महात्मा गांधी राष्ट्रीय फेलो प्रोग्राम के दीक्षांत समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित किया। यह दिन इन फेलो के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ जिन्होंने इस कठिन और ट्रान्सफॉर्मेटिव प्रोग्राम को पूरा किया है। मंत्री ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर दीक्षांत समारोह आयोजित करने के लिए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय और सभी नौ आईआईएम की हार्दिक सराहना की।

उन्होंने इस दो-वर्षीय फ़ेलोशिप प्रोग्राम को पूरा करने के बाद, आईआईएम से पब्लिक पॉलिसी और मैनेजमेन्ट के सभी फेलो को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी नेशनल फेलो आधुनिक समय के विश्वकर्मा हैं, जो 21वीं सदी को आकार देने की क्षमता रखते हैं।

एसबीआई कार्ड और रिलायंस रिटेल ने साथ मिलकर रिलायंस एसबीआई कार्ड लॉन्च किया

लखनऊ। भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने भारत के सबसे बड़े रिटेलर, रिलायंस रिटेल के साथ मिलकर को-ब्रांडेड रिलायंस एसबीआई कार्ड को लॉन्च किया है। यह लाइफस्टाइल पर केंद्रित अपनी तरह का अनोखा क्रेडिट कार्ड है, जो सामान्य से लेकर प्रीमियम तक, अलग-अलग तरह के खर्च की जरूरत वाले सभी श्रेणी के ग्राहकों को कुल मिलाकर खरीदारी का शानदार और बेहद फायदेमंद अनुभव प्रदान करता है। कार्डधारक रिलायंस रिटेल के बड़े और विविधता पूर्ण इकोसिस्टम में

इस कार्ड से ट्रांजैक्शन करके रिवॉर्ड्स के साथ-साथ कई तरह के फायदे प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें फैशन और लाइफस्टाइल से लेकर किराना, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर फार्मा, फर्नीचर से लेकर आभूषण के साथ-साथ अन्य कई तरह की चीजें शामिल हैं। उद्योग जगत के दो दिग्गज संस्थानों के बीच परस्पर तालमेल पर आधारित इस गठबंधन का उद्देश्य बड़ी संख्या में ग्राहकों तक पहुंच के साथ एसबीआई कार्ड के व्यापक नेटवर्क, तथा रिलायंस रिटेल के बेमिसाल रिटेल प्रस्ताव का लाभ उठाना है, ताकि ग्राहकों को एक्सक्लूसिव रिवॉर्ड्स की एक श्रृंखला की पेशकश की जा सके, जिसमें विशेष स्वागत उपहार से लेकर यात्रा एवं मनोरंजन पर मिलने वाले विशेष फायदे शामिल हैं।

ओकेएक्स ने मासिक प्रूफ ऑफ रिजर्व के एक वर्ष पूरा होने का जश्न मनाया

नई दिल्ली। अग्रणी ग्लोबल वेब3 टेक्नोलॉजी कंपनी और क्रिप्टो एक्सचेंज, ओकेएक्स ने आज अपनी इंडस्ट्री में सर्वश्रेष्ठ 12वाँ मासिक प्रूफ ऑफ रिजर्व पब्लिश किया है, जिसमें यूजर फंड की बैकिंग के लिए 12.5 अरब यूएस डॉलर कीमत के प्राइमरी ऐसेट दिख रहे हैं यह मासिक डिस्क्लोजर पीओआर रिपोर्ट के एक साल होने का प्रतीक है, जिसके दौरान ओकेएक्स ने जीरो-नॉलेज प्रूफ, मर्कल ट्री टेक्नोलॉजी और ज्यादा ऐसेट कवरेज जैसे नए फीचर और सुधार शामिल करके इंडस्ट्री में नए मानकों को अपनाए जाने को बढ़ावा दिया। ओकेएक्स के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, हैदर रफीक के शब्दों में यह उपलब्धि लाखों ब्लॉकचेन ऐड्रेस पब्लिश करने जीरो-नॉलेज टेक्नोलॉजी को लागू करके ट्रस्टलेस वेरिफिकेशन की सुविधा देने और लगातार फीडबैक सुनकर रिपोर्ट को बेहतर बनाने की हमारी बारह महीनों की भरपूर कोशिशों का प्रतीक है आप चाहे ओकेएक्स यूजर हों या न हों, इस मौके पर मैं आपको अपने प्रूफ ऑफ रिजर्व को देखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहूँगा, क्योंकि हमने क्रिप्टो इंडस्ट्री के लिए एक ऐसा मानक निर्धारित किया है जो हमेशा भरोसे और पारदर्शिता का समर्थन करता है।

अमेज़न मिनीटीवी पर द एडवेंचर्स ऑफ लियो के रिलीज की घोषणा के साथ बेहद मनोरंजक और गुदगुदाने वाले सफ़र के लिए तैयार हो जाएँ

मुंबई। अमेज़न की मुफ़्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न मिनी टीवी आपको गुदगुदाने के लिए पूरी तरह तैयार है क्योंकि स्ट्रीमिंग सेवा ने आज टीवीएफ के बेहद पसंद किए गए शो, परमानेंट रूममेट्स के कैरेक्टर स्पिनऑफ के रिलीज की घोषणा की है। लियो परमानेंट रूममेट्स का बेहद लोकप्रिय किरदार है, जो दर्शकों को एक बार फिर से अपनी जिंदगी की कठिनाइयों के बीच हँसी के सफर पर ले जाने के लिए हाजिर है। लोकप्रिय अभिनेता, आनंदेश्वर द्विवेदी इस सीरीज़ में लियो के किरदार में नज़र आएंगे, जो 3 नवंबर से अमेज़न की इस सेवा पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। अमेज़ॅन मिनीटीवी ने आज इस सीरीज का ट्रेलर जारी किया है, जिसमें हमें लियो की उथल-पुथल भरी और बेहद मनोरंजक कहानी की झलक मिलती है, जिसमें हम उसके अचानक करोड़पति और फिर अमीर से कंगाल बनने के साथ-साथ कई हैरतअंगेज कारनामों को भी देखते हैं। कॉमेडी और ढेर सारी ग़लतियों के बेजोड़ तालमेल के साथ, यह सीरीज लियो के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी जिंदगी हँसी की बौछार की तरह है। इसके ट्रेलर में हमें उसके करोड़पति से एक बेघर आदमी बनने तक के सफर और जिंदा रहने के लिए बेहद हैरान कर देने वाली तरकीबों की झलक दिखाई देती है। लियो रातों-रात अपनी सारी धन-दौलत गँवा देता है, जिसके बाद विपरीत हालातों और हैरत में डाल देने वाले फैसलों का एक सिलसिला शुरू हो जाता है। 5 एपिसोड वाली इस सीरीज को द स्क्रीन पत्ती ने क्रिएट किया है- जो TVF का एक हिस्सा है, और इसकी कहानी आनंदेश्वर द्विवेदी ने लिखी है।

ब्लॉकचेन इनोवेटर्स नोरडेक और नीदरलैण्ड्स क्रिकेट ने लखनऊ में प्रशंसकों को लुभाने के लिए हाथ मिलाया

लखनऊ। डायनामिक ब्लॉकचेन एवं वेब3 पेमेंट्स कंपनी नोरडेक ने नीदरलैण्ड्स क्रिकेट टीम के साथ साझेदारी में आज लखनऊ, भारत में एक्सक्लुजिव्, इन्वीटेशन-ओनली मीट एण्ड ग्रीट इवेंट का आयोजन किया। यह आयोजन प्रशंसकों, ब्लॉकचेन फॉलोवर्स और क्रिकेट प्रेमियों को एक ही मंच पर लेकर आया, जिन्हें नीदरलैण्ड्स की क्रिकेट टीम के साथ मिलने का यादगार मौका मिला।

नोरडेक, जिसे ब्लॉकचेन एवं फिनटेक उद्योग में अपनी सशक्त मौजूदगी के लिए जाना जाता है, ने आईसीसी वर्ल्ड कप क्रिकेट 2023 और आगामी टूर्नामेन्ट्स के लिए नीदरलैण्ड्स क्रिकेट टीम के साथ प्रिंसिपल स्पॉन्सर्स के रूप में उल्लेखनीय यात्रा की शुरूआत की है। इसके साथ ही इसकी टी20 वर्ल्ड कप 2024 जैसे आयोजनों के साथ मजबूत रिश्तों की शुरूआत हुई है, जो कि इसके स्पोर्ट्स एवं टेक्नोलॉजी को एकजुट करने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एक्सक्लुज़िव मीट एण्ड ग्रीट कार्यक्रम का आयोजन ताज महल, लखनऊ में हुआ, जिसमें क्रिकेट प्रशंसकों के एक्सक्लुज़िव रूप से आमंत्रित समूह ने हिस्सा लिया। उपस्थितगणों को ऑटोग्राफ सैशन, फोटो के अवसर तथा खिलाड़ियों एवं स्टाफ के साथ अनौपचारिक चर्चा में हिस्सा लेने का यादगार अवसर मिला।

जोश, उत्साह से भरपूर इस आयोजन ने क्रिकेट प्रशंसकों को यादगार अनुभव प्रदान किया। उपस्थितगणों को डच टीम के गेम, हाल ही के मैचों में उनके परफोर्मेन्स की सराहना करने का अवसर मिला, टीम ने भी प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

नोरडेक ने तकनीकी प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। दर्शकों को नोरडेक इकोसिस्टम प्रोडक्ट रोवर डॉट फाइनैंस का लाईव डेमो देखने का अवसर मिला, जिसने प्लूटोपैड लॉन्चपैड में एक मिलियन यू एस डॉलर/ 8.5 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। इस डेमो ने फिनटेक उद्योग में एचआर समाधानों में बदलाव लाने की रोवर डॉट फाइनैंस की क्षमता और इनके नए फीचर्स पर रोशनी डाली।

इसके अलावा नोरडेक ने कंपनी के बॉर्डरलैस पेमेंट समाधान नोरपे के नए एवं आकर्षक फीचर्स का भी अनावरण किया, जो वीज़ा एवं मास्टरकार्ड लेनदेनों को सपोर्ट करता है। इन फीचर्स से यूज़र के अनुकूल एवं सुरक्षित पेमेंट गेटवे के रूप में नोरपे की स्थिति को और अधिक मजबूत बना दिया है।

नोरडेक के सह-संस्थापक श्री नवल किशोर और श्री राजेश कश्यप ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''यह आयोजन टेक्नोलॉजी एवं खेलों के संयोजन का प्रतीक है। हमें खुशी है कि हम ब्लॉकचेन प्रशंसकों एवं क्रिकेट प्रशंसकों के बीच की दूरी को कम कर रहे हैं। वेब3 पेमेंट्स के अडॉप्शन के लिए यूज़र-फ्रैंडली ब्लॉकचेन सिस्टम का निर्माण करना नोरडेक का मुख्य उद्देश्य है।

कुशीनगर एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ान में फंसा पेंच, आईएलएस लगाने में हो रही देरी

शकील अहमद

कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)। कुशीनगर एयरपोर्ट से मुंबई, कोलकाता सहित अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू होने में रूस की कंपनी की वजह से पेंच फंसा है। दरअसल कंपनी एयरपोर्ट पर निर्बाध और प्रतिकूल मौसम में 24 घंटे विमानों की लैंडिंग व टेक आफ के लिए छह करोड़ की लागत वाले इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आइएलएस) के इंस्टालेशन में देरी कर रही है। यह कार्य अगस्त तक पूरा होना था। मगर अक्टूबर बीतने को है और आइएलएस एक्यूपमेंट के संबंध में कोई कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं है। एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय ही स्थिति स्पष्ट कर पाएगा। इस एयरपोर्ट से सिर्फ कुशीनगर-दिल्ली की उड़ान हो रही है। विमान की लैंडिंग व टेक आफ जीपीएस के सहारे हो रहा है। एटीसी को पायलट से

- छह करोड़ की लागत से लगाई जा रही आईएलएस
- आईएलएस लग जाने से विमानों की लैंडिंग व टेकआफ में होगी आसानी

कम्युनिकेशन के लिए गोरखपुर एयरपोर्ट के एटीसी के सिस्टम से कनेक्ट करना पड़ता है। आइएलएस के न लगने से स्पाइस जेट कंपनी दो साल बाद भी कोलकाता व मुंबई की उड़ान शुरू नहीं कर पाई। अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियां भी उड़ान में रुचि नहीं दिखा रहीं हैं। कारण की एयरपोर्ट अभी उड़ान के अंतरराष्ट्रीय मानक पूरा नहीं कर पा रहा है। ऐसे में रूसी कंपनी की लेट लतीफी से पश्चिम बिहार व पूर्वी उप्र के हजारों लोग विमान सेवा से वंचित हैं। लोगों को दूर के एयरपोर्ट की सेवाएं लेनी पड़ रहीं हैं। **आठ माह पूर्व हुई थी निविदा:** इस एयरपोर्ट से चार्टर विमान सेवा शुरू करने के लिए गत वर्ष 27 मार्च को वियतनाम की एक कंपनी ने ट्रायल किया। इसकी लैंडिंग जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) के सहारे हुई। पर्यटकों से भरा चार्टर विमान फाल्कन उतरा। लेकिन पायलट को तकनीकी दिक्कत हुई। उसके बाद चार्टर विमान से ही 8 अगस्त को 75, 2 सितंबर को 109 और 18 सितंबर को 143, सात अक्टूबर को 360 वियतनामी सैलानियों का दल कुशीनगर आया पर इन सभी विमानों की लैंडिंग व टेक आफ वाराणसी और बोधगया एयरपोर्ट पर हुई। ऐसा इसलिए हुआ कि कुशीनगर एयरपोर्ट पर विमानों की लैंडिंग और टेक आफ के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक की आइएलइस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) नहीं लगा था।

> एयरपोर्ट पर आइएलएस लगाने की प्रक्रिया चल रही है टेंडर हो चुका है। मुख्यालय से आर्डर भी दिया गया है। चूंकि दो देशों के बीच उपकरण लेने-देने की एक जटिल प्रक्रिया होती है। इसी में समय लग रहा है। कब तक सिस्टम लगेगा, इसका सटीक समय नहीं बताया जा सकता।
>
> **राजेंद्र प्रसाद लंका, एयरपोर्ट निदेशक कुशीनगर**

डीएम की अध्यक्षता में चार नवंबर को आयोजित होगा चौपाल कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नवंबर 04 को अपराह्न 03 बजे से ब्लॉक सलेमपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत- देवरिया उर्फ शामपुर में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने आयोजित होने वाले चौपाल कार्यक्रम के दृष्टिगत समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी सलेमपुर, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर, खण्ड विकास अधिकारी सलेमपुर को आवश्यक निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा है कि समस्त संबंधित की उपस्थिति ग्राम पंचायत में सुनिश्चित करें तथा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दिये जाने एवं लिखित रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर तत्काल अवगत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया है कि चौपाल कार्यक्रम में जन आरोग्य मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाएगा। सभी प्रकार के ऋण वितरण, कृषि संयंत्रों के वितरण की व्यवस्था तथा कृषि फसल बीमा के सम्बन्ध में कृषकों को जानकारी दी जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना / मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पेयजल, तथा जनसामान्य को उपलब्ध कराए जाने वाले अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विधवा पेंशन / वृद्धावस्था पेंशन /दिव्यांग पेंशन के कैम्प, खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत पात्र परिवारों को राशन कार्ड तथा खाद्य सामग्री का वितरण, गरीब बालिकाओं के विवाह हेतु संचालित योजना का लाभ पात्र बालिकाओं को दिये जाने की व्यवस्था, धात्री महिलाओं व कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषाहार वितरण तथा कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

ठेकेदार के हवाले हुआ कचरी क्लब ग्राउंड

मनव्वर रिज़वी

- 4500 की जगह इस वर्ष ठेकेदार को 16000 देना होगा पटाखे की दुकान लगाने वालों को

गोरखपुर। दीपावली के मौके पर कचहरी क्लब ग्राउंड पर दुकान लगाने वालो के पास मोबाइल नम्बर 7905024910 से फोन आता है और दूसरी ओर से बोलने वाला खुद को जगदम्बा पांडेय बताता है और कहता है कि अगर इस बार टाउनहाल कचहरी क्लब ग्राउंड पर पटाखे की दुकान लगाना है तो 16 हज़ार रुपये आकर जमा कर दो।

इस मामले में ज़्यादा जानकारी के लिए जब सिटी मजिस्ट्रेट गोरखपुर के मोबाइल नम्बर 9454416213 पर काल किया गया तो फोन नही उठा। बहरहाल मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष कचहरी क्लब ग्राउंड पर कुल 74 दुकानें लग रही हैं। 16 हज़ार के एवज में ठेकेदार टिन शेड की दुकान बनाकर देगा। इस बार आवेदकों को न फायर एनओसी की जरूरत है न ही थाना स्तर से किसी प्रमाण पत्र की, बस पैसा दीजिये और दुकान लीजिए। कुल मिलाकर रोज़गार के अवसर पैदा करने का दावा करने वाली इस सरकार के स्थानीय नुमाइंदों ने इस बार गरीब दुकानदरों को निचोड़ने का मन बना लिया है। आपको बताते चलें की पिछले साल तक कचहरी क्लब के शुल्क के रूप में 4500/- जमा किया जाता था और फिर डेढ़ से दो हज़ार अन्य व्यवस्थाओं में खर्च कर गरीब दुकानदार अपने परिवार के लिए कुछ दिन की रोटी का इंतेज़ाम कर लिया करता था लेकिन इस बार यहां दुकानों का दाम लगभग तीन गुना यानी 300 प्रतिशत बढ़ा दिया गया। ठेकेदार और सम्बंधित पटल के बाबू की मिलीभगत ने नगर मजिस्ट्रेट को न जाने कौन से घुट्टी पिलाई की 12 अलग अलग जगहों पर लगने वाले दीपावली बाज़ार में सिर्फ टाउनहाल के कचहरी क्लब के लिए नियम बदला दिया गया जबकि अन्य स्थानों के लिए पुरानी व्यवस्था कायम रहेगी। बताते चलें कि पहले इस ग्राउंड पर केवल 54 दुकान लगती थी लेकिन फिर धीरे-धीरे दुकानों की संख्या बढ़ा दी गई। कुल मिलाकर कचहरी क्लब ग्राउंड लूट का अड्डा बन गया है यदि इसके लेन देन और आवंटन कि जांच की जाए तो भारी अनियमितता के साथ ही सरकार को लाखों रुपये की चपत लगने का खुलासा हो सकता है।

बाइक फिसलने से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

खड्डा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत खड्डा के महाराणा प्रताप चौक पर पेट्रोल भरवाने जा रहे एक युवक का बाइक से गिरने कारण दर्दनाक मौत हो गया। खड्डा थाना अंतर्गत के ग्रामसभा सोहरौना निवासी ओम प्रकाश शर्मा पुत्र लाल बाबू शर्मा उम्र 25 वर्ष बुधवार को सुबह करीब 9 बजे के अपनी मोटरसाइकिल लेकर पेट्रोल भरवाने के लिए पेट्रोल पंप जा रहा था कि वह नगर पंचायत खड्डा के महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचा ही था कि किसी कारण उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल गई और मोटरसाइकिल को संभालते वक्त युवक नीचे गिर गया जहां उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आनन-फानन में लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुर्कहां पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा अन्य कार्यवाही में जुट गई।

अखण्ड सौभाग्य को सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

अमेठी अवधनामा संवाददाता। अखण्ड सौभाग्य के लिए बुधवार को सुहागिनों ने करवा चौथ पर निर्जला व्रत रखा। बाजारों में जमकर खरीददारी हुई। पर्व को लेकर को लेकर नगर और ग्रामीण अंचल के बाजार गुलजार रहे। करवा चौथ का पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु की कामना के लिए रखती हैं। इस व्रत में महिलाएं पूरे दिन निर्जला रहती हैं और शाम को चांद के उदय होने के बाद व्रत खोलती हैं। इस व्रत में शिव परिवार सहित चंद्र देवता की भी पूजा की जाती है। इस व्रत में महिलाएं पूरा श्रृंगार करती हैं। इस व्रत में मिट्टी के करवे लिए जाते हैं और उनसे पूजा की जाती है।करवा चौथ की पूजा में भगवान शिव गणेश माता पार्वती और कार्तिकेय सहित नंदी जी की भी पूजा की जाती है। पूजा के बाद चंद्रमा को छलनी से ही देखा जाता है और उसके बाद पति को भी उसी छलनी से देखते हैं। बाजारों में श्रृंगार कपड़े आभूषण और पूजन सामग्री की दुकानों पर जमकर भीड़ रही।

असलहा दिखाकर ज्वेलर्स की दुकान से सात लाख का आभूषण ले भागे बदमाश

लूट के बाद सीसीटीवी को खंगालती पुलिस

लूट की जानकारी लेते कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू

अवधनामा संवाददाता

तमकुहीराज, कुशीनगर। थाना क्षेत्र के दाहूगंज बाजार में स्थित एक आभूषण की दुकान से असलहा धारी बदमासो ने असलहा दिखा कर करीब सात लाख का आभूषण लेकर फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है। सीसी टीबी में पूरी घटना की फुटेज कैद हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार तमकुहीराज थाना क्षेत्र के दाहूगंज बाजार में सेवरही थाना क्षेत्र के सेवरही कस्बा स्थित वार्ड नम्बर 12 पटेल नगर निवासी दशरथ वर्मा पुत्र स्वर्गीय बांके बिहारी की कुंज नाम से ज्वेलर्स की दुकान है। बुधवार को दुकानदार अपनी दुकान खोल कर बैठा था कि करीब 11 बजे दो लोग खरीदार बन कर दुकान में आए तथा मालिक के पोते अंश से सामान दिखाने की बात कही। समान दिखाना शुरू किया था तभी उन लोगो के हाथों में असलहा देख कर दुकानदार डर गए और कुछ बोल नही पाए। असलहा धारी लोगो झुमका, नथिया, बाली, मंगल सूत्र और टप कीमत लगभग सात लाख का आभूषण बल पूर्वक लेकर चले गए। पूरी घटना सीसी टीबी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज नीरज राय मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटे हुए है।

कांग्रेस व सपा के नेताओं ने लिया जायजा

ज्वेलर्स की दुकान से दिनदहाड़े असलहा दिखाकर आभूषण लूटने के मामले की जानकारी होने पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू व सपा नेता उदयनारायण गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में लूट, डकैती, चोरी, छीनैती, स्मैगलरी और भ्रष्टाचार चरम पर है। अपराही जब चाहे बड़ी से बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जा रहे है। भाजपा सरकार की ये बहुत बड़ी नाकामी है। कानून का राज स्थापित करने वाली भाजपा की सरकार में गुंडे मवाली बेखौफ हो गए है।

ग्राम पंचायत मिनवा में बने धान क्रय केंद्र से धान खरीद शुरू

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सहजनवा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिनवा में बनाए गए धान क्रय केंद्र से दिनांक एक नवंबर दिन बुधवार से धान की खरीद शुरू कर दिया गया।इस दौरान क्षेत्रीय विपणन अधिकारी प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि किसान अपने धान को सुखाने के साथ ही साफ सुथरा करके केंद्रों पर लाए ,बिना पंजीकरण के किसानों से धान नहीं खरीद की जायेगी। पंजीकरण कराने से वंचित किसान यथाशीघ्र पंजीकरण करा ले। क्रय केंद्र पर सभी संसाधन पर्याप्त है। खरीद के 72 घंटे के अंदर किसानों के खाते में पैसा चला जायेगा। इस दौरान विपणन निरीक्षक संजय शुक्ला, ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल, अजय, विकास, लाल बहादुर, यशवंत, श्रीप्रकाश, अंगद, संदीप, जान मोहम्मद के साथ कई किसान मौजूद रहे।

भगड़ा भवानी मंदिर पर हुआ कन्या पूजन

सलेमपुर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत मझौलीराज स्थित भगड़ा भवानी मंदिर पर नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को 101 कन्याओं का पूजन कर उन्हें हलवा पूरी, खीर आदि से खिलाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिये भण्डारें की शुरुआत की गयी। आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने बताया यहां मंदिर परिसर में साल के दोनों नवरात्र में महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसमे नौ दिनों तक पूजा पाठ के अलावा भजन कीर्तन आयोजित किया जाता है। अष्ठमी व नवमी को दूर दूर से आये भक्तों द्वारा यहां विशेष हवन कर लोगों में सुख समृद्धि एवं उत्थान की कामना की जाती है। इस बार विशेष कारणों के चलते कन्या पूजन का कार्यक्रम विलम्ब से आयोजित किया गया है। नगर वासियों के सहयोग से आयोजित भण्डारें मे तमाम जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोग प्रसाद गृहण किये।

शिकायत पर बीईओ मोतीचक ने विद्यालय का किया जांच

मथौली बाजार, कुशीनगर। कस्बे में स्थित एस.आर.जे. चिल्ड्रेन स्कूल की जांच बुधवार को खंड शिकाधिकारी मोतीचक जेपी मौर्य ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय से संबंधित कागजात का जांच किया तो ठीक पाया जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि विद्यालय का रजिस्ट्रेशन पिछले जुलाई माह में ही समाप्त हो गया था। कस्बा निवासी ऋषिकेश दास ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि एस.आर.जे. चिल्ड्रेन स्कूल मंदिर के जमीन पर संचालित है। जिसका लेखा जोखा नही होता है। इसके साथ ही विद्यालय का रजिस्ट्रेशन भी नही है जो अवैध तरीके से जूनियर तक चलाया जा रहा है। डीएम के निर्देश पर बुधवार को खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक जय प्रकाश मौर्य ने शिकायतकर्ता की उपस्थिति में उक्त विद्यालय का जांच किया। जांच में एक से लेकर कक्षा पांच तक का रजिस्ट्रेशन ठीक पाया जबकि जूनियर विद्यालय बंद था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कक्षा पांच तक का भी रजिस्ट्रेशन पिछले जुलाई में समाप्त हो गया था। इस संबंध में खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक जेपी मौर्य ने बताया कि विद्यालय की जांच की गई है। पांच तक कागजात सही मिले है जबकि जूनियर तक विद्यालय बंद पाया गया है।

धान क्रय केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो

अवधनामा ब्यूरो

- विपणन शाखा कसया धान क्रय केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

कुशीनगर। धान क्रय केंद्र कसया का जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान साफ सफाई की व्यवस्था, बोरो की उपलब्धता, वजन के मशीन, डस्ट पावडर मशीन, बिजली की व्यवस्था, खरीदे हुए धान को रखने की व्यवस्था की जानकारी लिया।

जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र पर मौजूद मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी लेते हुए डिप्टी आरएमओ को साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने, धान क्रय केंद्रों की मरम्मत कराने, त्रिपाल बिछाकर मशीनों को उचित स्थानों पर रखने हेतु निर्देशित किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के क्रम में डिप्टी आरएमओ (खाद्य एवं विपणन अधिकारी) विनय प्रताप सिंह से जनपद में कुल धान क्रय केंद्रों की संख्या, वर्तमान में धान क्रय हेतु किसानों के पंजीकरण की संख्या, पूर्व एवं वर्तमान वर्ष धान क्रय का लक्ष्य, न्यूनतम समर्थन मूल्य इत्यादि की जानकारी ली। खाद्य एवं विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी जनपद में 82 धान क्रय केंद्र संचालित है जिसपर तहसील स्तर पर सभी उपजिलाधिकारी को नोडल अधिकारी एवं क्रय केंद्रों पर लेखपालों को नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। 3000 किसानों ने धान क्रय हेतु पंजीकरण कराया है तथा फरवरी 2024 तक 89 हजार कुंतल धान क्रय करने का लक्ष्य है। जिलाधिकारी ने खाद्य एवं विपणन अधिकारी को जनपद के सभी धान क्रय केंद्र पर सभी बेसिक सुविधायें सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया तथा धान क्रय केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही धान खरीद सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विदित हो कि सरकार द्वारा निर्धारित धान खरीद हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 प्रति कुंतल है सभी किसानों को धान का सही समर्थन मूल्य प्राप्त हो। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा केन्द्र प्रभारी को धान क्रय में पूरी तत्परता बरते जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि धान क्रय शासन की प्राथमिकता का विषय है। अतः सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आए हुए किसानों के साथ मित्रवत एवं सम्मानजनक व्यवहार करें। साथ ही किसी भी प्रकार की उन्हे कोई असुविधा न हो, इसका विशेष रुप से ध्यान रखे। किसानों का ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराने हेतु किसानों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए।

पराली जलाने पर तीन किसानों पर जुर्माना

कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा धान की पराली को जलाना दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। सेटेलाइट से प्राप्त सूचना के आधार पर जनपद की तहसील कसया के ग्राम बसड़ीला टप्पा भलुआ के तीन किसान द्वारा धान की फसल के अवशेष जलाने का प्रकरण संज्ञान में आने एवं स्थलीय सत्यापन में पुष्टि होने पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए जिस पर कार्यवाही करते हुए तहसीलदार कसया ने तीन किसानों पर रुपए 2500 - 2500 का जुर्माना लगाया है। धान की फसल के अवशेष के संबंध में किसानों से अपेक्षित है कि वे पराली को खेत में ही बायो डिकंपोजर या यूरिया की मदद से सड़ा कर खाद बना दें या फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों की मदद से सीधे ही नई फसल की बुवाई करें। इसके अलावा धान की पराली को गौशालाओं में दान भी किया जा सकता है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी संबंधित विभागों यथा कृषि, राजस्व, पंचायती राज, गन्ना, पशुपालन एवं ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को पराली जलने की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं दोषी जनों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिस गांव में पराली जलने की घटना पाई जाएगी वहां के ग्राम प्रधान, लेखपाल एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी।

हरी झण्डी दिखाकर यातायात माह का शुभारंभ

देवरिया अवधनामा संवाददाता। देवरिया में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुनयोजित तरीके से गतिमान बनाये रखने के उद्देश्य से व आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति सजग/जागरुक किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर आयोजित कार्यक्रम यातयात माह नवम्बर-2023 का शुभारंभ किया गया व मौजूद लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलायी गयी। पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा अपने वक्तव्य में यातायात जागरूकता के सम्बन्ध में मौके पर मौजूद सम्मानित समाजसेवियों, पत्रकार बन्धुओं व मौजूद अन्य लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए, यातायात सम्बन्धी नियमों के पालन करने के प्रति जागरूक कर नियमों को पालन करने की अपील की गयी साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट लगाने की हिदायत भी दी गयी, यह भी बताया गया कि यातायात नियमों के पालन से ही वाहन दुर्घटनाओ में कमी लायी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री राजेश सोनकर, प्रभारी यातायात उप निरीक्षक गुलाब सिंह सहित समाजसेवी, पत्रकार बन्धु व पुलिस कर्माचारीगण मौजूद रहे।

जन जागरूकता वाहन को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

किसी भी दशा में फसल अवशेष न जलाएं

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से प्रमोशन ऑफ़ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ़ क्रॉप रेज्डयू योजना अंतर्गत किसानों को पराली प्रबंधन के संबंध में जागरूक करने हेतु जन जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जन जागरूकता वाहन क्षेत्रीय ग्रामीणजनों को पराली के सदुपयोग व प्रबंधन आदि की जानकारी उपलब्ध कराएगी।

उन्होंने कहा कि कृषक फसल कटाई के उपरांत पराली तथा अन्य फसलों के अवशेषों को खेत में कदापि ना जलाएं। फसल अवशेष खेत में जलाना मानवता के प्रति अपराध होने के साथ-साथ हमारे पर्यावरण को प्रभावित करता है तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी नुकसान पहुंचाता है, इससे फसल के उत्पादन में कमी आती है तथा कृषि की लागत भी बढ़ती है। उन्होंने कहा की फसल अवशेष को खेत में जलाने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ने से जनजीवन भी प्रभावित होने की संभावना अधिक होती है इसलिए हम सभी का यह कर्तव्य है कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने तथा भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए किसी भी दशा में फसल अवशेष ना जलाएं। फसल अवशेष को जलाने से फसल को प्राकृतिक रूप से मिलने वाले तत्वों की कमी से खेत अनुउपजाऊ व बंजर हो जाते हैं तथा फसल में विभिन्न प्रकार के रसायनों का प्रयोग करना पड़ता है जिससे लागत अधिक व मुनाफा कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि फसल कटाई के उपरांत पराली व अन्य फसल अवशेष प्रबंधन हेतु कृषि मशीनों का प्रयोग कर उसे मिट्टी में पलट दें अथवा बेस्ट डीकंपोजर का प्रयोग कर खेत में ही सड़ा दे जिससे जमीन की उर्वरता बढ़ने के साथ ही उर्वरक आदि जैसे रसायनों पर रुपए को व्यय नहीं करना पड़ता साथ ही मा सर्वोच्च न्यायालय तथा राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशानुसार फसल अवशेष जलाना दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि दो एकड़ तक रुपए 2500 2 से 5 एकड़ तक रुपए 5000 तथा उससे अधिक रकबे की फसल अवशेष जलाने पर रुपए 15000 जुर्माने के साथ कारावास की सजा का प्रावधान है।

बसपा के कैडर कैम्प में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

अवधनामा संवाददाता

मुंशीगंज (अमेठी)। बहुजन समाज पार्टी के गांव चलो अभियान के अन्तर्गत बुधवार को चिलबिली में सेक्टर स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कैडर कैम्प को मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल ने सम्बोधित किया।

कैडर कैम्प में पिछड़े वर्ग के दो दर्जन से अधिक लोगों ने नीला झंडा ऊंचा करते हुए बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष ने सेक्टर के सभी पदाधिकारियों और बूथ अध्यक्षों को मालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए प्रत्येक पोलिंग बूथ पर सर्वसमाज का मजबूत संगठन बनाने को प्रेरित किया और कहा कि 2024 में केन्द्र में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी और बहन मायावती देश की प्रधानमंत्री बनेगी। बसपा समतामूलक समाज व्यवस्था के साथ भारतीय संविधान को ठीक ढंग से लागू करने के लिए संघर्षरत है। कहा की देश के जो भी राजनीतिक दल भाजपा को हराना चाहते हैं उन्हें बहन मायावती के नेतृत्व को स्वीकार करके चुनाव में जाना होगा। बहन जी एक मात्र नेता हैं जो देश में कानून का राज लाकर सर्वसमाज की भलाई कर सकती हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को विरोधी दलों के भ्रामक प्रचार से सावधान करते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के संदेश दिए।

अखंड सुहाग के लिए सुहागिनों ने रखा करवा चौथ

कुशीनगर। पति की दीर्घायु की कामना को लेकर सुहागिनों ने बुधवार को करवाचौथ पर निर्जला व्रत रखा। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने करवा की पूजा की। रात में चांद को अर्घ्य देकर चलनी से पति का दीदार किया। सुहागिनों ने भगवान गणेश से पति की दीर्घायु की कामना की। अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ जिले में विधि-विधान से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं दो दिनों से करवा चौथ के व्रत को लेकर तैयारियों में जुटी रहीं। महिलाओं ने करवा, पूजन सामग्री, श्रृंगार के सामान की खरीदारी की। बुधवार को सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखा। देवी-देवताओं के पूजा-अर्चना के बाद व्रती महिलाओं ने पूरा दिन भजन कीर्तन व कथा सुनने में बिताया। सायंकाल करवे मे चावल, उडद, चूडी, कंघी, सिन्दूर आदि भरकर सास के चरण छूकर दान किया। फिर रात को करवा पूजन के बाद चलनी से चांद और पति का दीदार किया।

अनुसूचित वर्ग के किसान पहुचेंगे गोरखपुर: पवन

देवरिया अवधनामा संवाददाता। 3 नवम्बर को चंपा देवी पार्क गोरखपुर में आयोजित होने वाले अनुसूचित वर्ग सम्मेलन के लिये भाजपा किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने देवरिया विधानसभा के वार्ड नंबर-2, बड़हरा के अनुसूचित वर्ग के किसान परिवारों में आमंत्रण पत्र और अक्षत वितरित कर गोरखपुर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुसूचित वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिये ऐतिहासिक कार्य किया है। भाजपा सरकार ने अनुसूचित वर्ग के लोगो को मुफ्त आवास, राशन के साथ-साथ उनके बच्चो के बेहतर शिक्षा की व्यवस्था निःशुल्क किया है। स्थानीय सभासद मुद्रिका प्रसाद ने कहा की भाजपा सरकार अनुसूचित वर्ग को बेहतर सुविधाएं मुहैया करा रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद प्रतिनिधि निरंजन शुक्ल, अम्बिकेश पाण्डेय, प्रभाकर तिवारी, बबलू द्विवेदी, महेंद्र प्रसाद, अरुण मिश्र, सुमन्त चतुर्वेदी, तूफानी, दीपक पाण्डेय, बिट्टू उपस्थित रहे।

करवाचौथ पर भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए दिखाई पड़ी डीएम मोनिका रानी

आज अलग दिखा सादगी भरा अंदाज न गाड़ी न गनर पैदल पहुंच गई एनआईसी

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद में अपने व्यक्तित्व अपनी सादगी जनमानस की समस्याओं से चिंतित रहने वाली इस जिले की महिला कलेक्टर मोनिका रानी की चर्चा हर जुबान पर है आज करवाचौथ का दिन था जो महिलाओं के लिए और उनके परिवार के लिए बहुत बड़ा दिन होता है आज के दिन सभी अपने सुरक्षित परिवार के लिए प्रार्थनाऐं करते हैं मगर आज के दिन भी डीएम मोनिका सुबह से ही जनता के कार्यों आम जनमानस के हितों के लिए कार्य करती दिखाई पड़ी पहले यातायात माह का शुभारंभ फिर धान केंद्र का उसके बाद कार्यालय में बैठकर जनता की समस्या सुनना जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श करने के बाद न गाड़ी बुलाई न गनर सीधे कार्यालय से निकलकर एनआईसी पहुंच गई निर्वाचन आयोग की वीसी करने इस दौरान डीएम के इस सादगी भरे अंदाज को देखकर वहां पर मौजूद लोगो की जुबान से इस अधिकारी के चर्चे होने

ज़िंदगी बहुत अनमोल है इसलिए यातायात नियमों का जरूर करें पालनः मोनिका रानी

- जिले में यातायात माह का डीएम व एसपी ने किया शुभारम्भ
- जागरूकता वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

बहराइच। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों व गम्भीर रूप से घायल लोगों की संख्या में कमी लाये जाने, यातायात नियमों के पालन के साथ वाहनों का संचालन तथा वाहन का संचालन करते समय शत-प्रतिशत हेमलेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने के प्रति आमजन में जनजागरूकता पैदा करने के उद्देश्य 01 से 30 नवम्बर 2023 तक आयोजित होने वाले यातायात माह के शुभारम्भ अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, ए.आर.टी.ओ. राजीव कुमार व ओ.पी. सिंह, ए.आर.एम. प्रेम प्रकाश, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। अधिवक्ता, शिक्षकों व व्यापारिक प्रतिनिधियों को आगे आना होगा।

दीपोत्सव के बाद होगा संगठन का विस्तार, चलाया जायेगा सदस्यता अभियान

ललितपुर। जिला उद्योग व्यापार मंडल की एक मीटिंग स्थानीय होटल में जिलाध्यक्ष सुरेश बडेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी व्यापारियों ने अपनी अपनी समस्याएं रखी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र ही कराया जाएगा। सर्वसम्मति से तय हुआ संगठन की वार्षिक सदस्यता दीपमहोत्सव दीपावली बाद की जाएगी और संगठन पर विश्वास करके कई व्यापारियों ने संगठन में सक्रियता से शामिल होने की मंशा प्रकट की, जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया दीपावली बाद सभी व्यापारियों को शामिल करके संगठन का विस्तार किया जाएगा।

डीएम ने फीता काटकर जनपद में धान खरीद कार्य का किया शुभारम्भ

बहराइच।जनपद में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत 01 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ होने वाली धान खरीद का आज जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शुभारम्भ किया।डीएम ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर पहुंचकर विधिवत् पूजा-अर्चना के उपरान्त फीता काटकर क्रय एजेन्सी खाद्य एवं रसद विभाग के धान क्रय केन्द्र का उद्घाटन करते हुए विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम पंचायत जौहरा से आये कृषक हेमन्त वर्मा व कमोलिया निवासी कृषक मंशाराम का स्वागत कर अपने सम्मुख उनके उपज की तौल करायी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह, सचिव मण्डी समिति बहराइच धनन्जय सिंह, केन्द्र प्रभारी देवेन द्विवेदी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इस अवसर पर डीएम ने निर्देश दिया कि किसी भी केन्द्र पर किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। शासन की मंशानुरूप किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। आवश्यकतानुसार क्रय केन्द्रों पर संसाधनों की बढ़ोत्तरी भी की जाय ताकि किसानों के उपज को आसानी के साथ खरीदा जा सके। डीएम मोनिका रानी ने किसानों से अपील की है कि अपनी उपज धान को सूखा कर क्रय केन्द्र पर लाये तथा बिक्री हेतु शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल एफसीएस डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर अपना पंजीकरण अवश्य करा लें ताकि तहसीलों द्वारा समय से सत्यापन की कार्यवाही की जा सके। डीएम ने बताया कि शासन की मंशानुरूप जनपद में धान की खरीद सुनिश्चित कराने के लिए सभी क्रय केन्द्रों के लिए नोडल अधिकारी भी नामित किये गये हैं।

प्रसपा के राष्ट्रीय सचिव ने थमा कांग्रेस का दामन

सुल्तानपुर। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी फजल रिजवी फैज मंगलवार को जिला कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस का दमन थाम लिया। प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी मो अनीस खा, राष्ट्रीय सचिव एवं बंगाल प्रभारी बीपी सिंह, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने फजल रिजवी (फैज) को पार्टी का फटका पहन कर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप राष्ट्रीय व शीर्ष नेतृत्व के बताए हुए रास्ते पर चलकर जनपद में पार्टी को अत्यधिक मजबूती प्रदान करेंगे। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद फजल रिजवी (फैज) ने कहा कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी के विलय होने के बाद पार्टी में नही मिल रहा था पार्टी द्वारा आयोजित जनपद में कई कार्यक्रमों में पहुंचते थे लेकिन हमें नजरअंदाज किया जाता था। आज हम कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी, महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी के विचारों से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ली है। क्योंकि युवाओं, किसानो, मजदूर, शोषित, वंचितो का सम्मान अगर है तो सिर्फ कांग्रेस में है।

रंगमंच से समझाये जायेंगे यातायात नियम

अवधनामा संवाददाता

- देवेन्द्र राय एण्ड ग्रुप ने शुरू की नुक्कड़ नाटकों की तैयारियां

ललितपुर। सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन प्रत्येक वर्ष रंगमंच के मंजे हुये कलाकार देवेन्द्र कुमार राय एण्ड ग्रुप द्वारा विभिन्न चौराहों पर व कालेजों में आयोजित किया जाता है, जिसमें असुरक्षा व यातायात नियमों के उल्लंघन के बारे में नुक्कड़ नाटक का मंचन करके लोगों को जागरूक किया जाता है। उन्होंने बताया कि हमेशा सड़क पर वाहन चलाते समय हमें यातायात नियमों का उल्लघंन नही करना चाहिये, क्योंकि सड़क पर वाहन चलाते समय की गई जरा सी लापरवाही कितनों का सुहाग छीन लेती है और कितनों को अनाथ बना देती है। इसलिये सड़क पर वाहन चलाते समय हमें हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिये, जिससे हमारा जीवन व दूसरों का भी जीवन सुरक्षित बना रहे और आप सभी को इस बार भी यातायात माह नवम्बर में रंगमंच के मंजे हुये कलाकार देवेन्द्र कुमार राय एण्ड ग्रुप द्वारा विभिन्न चौराहों पर व कालेजों में नुक्कड़ नाटक का भव्य मंचन देखने को मिलेगा। जिसमें आप सभी को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जायेगा जिससे आप और आपका परिवार सुरक्षित रहे।

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को लायेंगे नई प्लानिंग

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। बुधवार को यातायात माह नवम्बर वर्ष 2023 का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। घण्टाघर स्थित सदर चौकी के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीएम व एसपी ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और आगामी समय के लिए सुदृढ़ बनाये रखने के लिए नई प्लानिंग किये जाने की बात कही। वहीं शहर के समाजसेवियों, पत्रकारों और व्यापारी नेताओं ने भी अपने विचारों को रखा। माह के पहले दिवस शुभारंभ करते हुये जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पिछले कई दिनों से मंथन किया जा रहा है, ताकि कोई नई कार्ययोजना बनाकर लोगों को निर्बाद्ध यातायात व्यवस्था दी जा सके, इस पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि माह नवम्बर के खत्म होते होते उक्त योजनाओं को धरातल पर लाने का प्रयास किया जायेगा। एसपी मो.मुश्ताक ने कहा कि ललितपुर शहर में काफी ऐसे लोग हैं जो आर्थिक रूप से संबल नहीं है, ऐसे में उनके वाहनों का चालान अधिक होगा तो वह कहां से चालान जमा कर सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने स्पष्ट करते हुये कहा कि बिगड़ैल वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटा जायेगा। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, सीओ ट्रैफिक इमरान अहमद, एआरटीओ, एनएच अधिकारी, यातायात प्रभारी अभिनेन्द्र सिंह के अलावा समाजसेवी मनमोहन जडिया, डा.दीपक चौबे, टैक्सी यूनियन से इरशाद मंसूरी, प्रेस क्लब के संरक्षक मण्डल सदस्य सुरेन्द्र नारायण शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश संज्ञा, प्रोजेक्ट नई किरण सदस्य अजय बरया, अमित लखेरा, सौरभ गोस्वामी, आलोक चतुर्वेदी, सूरज राजपूत, देवेन्द्र साहू, जावेद, संजय ताम्रकार, रंगमंच कलाकार देवेन्द्र राय के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल रावत ने किया।

महिला सशक्तिकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजन

सुल्तानपुर। अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण/ चौपाल लगाकर विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित कर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरूक किया गया। शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाएं जा रहे मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 4 के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्वेक्षण में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी द्वारा अभियान के अन्तर्गत अपने अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण/ चौपाल लगाकर बालिकाओं/ महिलाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी निम्न बिंदुओं पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच, नशामुक्ति, साइबर अपराधों, घरेलू हिंसा, व शासन की जन कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः E-Tender-GSU-TRD-L8-23-24
दिनांकः 31-10-2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति–शक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्रम सं.–01, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में मऊ–शाहगंज खंड में SAA-AMH के बीच लेवल क्रासिंग नंबर 26 सी किमी 38/4-5 पर सीमित उंचाई वाला सबवे (एलएचएसडब्ल्यू) के कार्य के लिये 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नंः E-Tender-GSU-TRD-L8-23-24, कार्य का अनुमानित लागत रूपया मेंः ₹ 33,32,035.74, धरोहर राशि (रू.में)ः ₹ 66,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया मेंः शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 22-11-2023 up to 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधिः 06 माह।

• खुली ई–निविदा दिनांक 22-11-2023 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति–शक्ति,
मुजाधि/विद्युत–189 **वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

भदैंया में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती का हुआ आयोजन

सुल्तानपुर, भदैया। मंडल अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व भदैंया मंडल के अभियां कलां के राम नगर चौराहे पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती का आयोजन किया गया। जहां मंडल अध्यक्ष वा बूथ अध्यक्ष नन्द लाल बर्मा द्वारा पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मण्डल उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मिश्रा,वरिष्ठ कार्यकर्ता राम सहाय शर्मा,आईटी विभाग के संयोजक भूपेश मिश्रा,शक्ति केन्द्र संयोजक विजय शंकर पाण्डेय, स्थानीय बूथ अध्यक्ष नन्द लाल वर्मा, नितिन कुमार दूबे,राम निहोर वर्मा, सह संयोजक रविन्द्र शुक्ला, भाजपा नेता दिव्यांशु शुक्ला,सहित कई अन्य कार्यकर्ता वा भाजपा के नेता उपस्थित रहे।

अयोध्या नगर निगम

पत्रांक : 598/न.नि.अयो./2023 दिनांक : 01/11/2023

नगर निगम अयोध्या के समस्त वर्ष 2023-24 पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के आधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मुख्य अभियंता कार्यालय से निविदा एक दिन पूर्व तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सादे प्रार्थना पत्र पर निविदा किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

शासनादेश सं0-तक0सेल/07/निदे0/2019 दिनांक 28 जून, 2019 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में भविष्य में आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में जिन निविदादाता का नगर निगम में पंजीकृत एवं नवीनीकरण नही है उनके लिये नगर निगम अयोध्या में निम्नानुसार सर्वनिम्न निविदादाता होने पर पंजीकरण एवं नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक होगा जो कि वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ही मान्य होगा। पेवर (HMP) से जो सड़के बनायी जानी है उनके लिए आवश्यक होगा कि निविदादाता का हाटमिक्स प्लान्ट नगर निगम मुख्यालय से 50 किमी0 परिधि में होना चाहिए।

श्रेणी	अधिकृत निविदा धनराशि	जमानती धनराशि	हैसियत प्रमाण पत्र	पंजीकरण/नवीनीकरण शुल्क
सुपर ''ए'' (एच0एम0पी)	हाटमिक्स प्लान्ट से किये जाने वाले समस्त कार्य	150000/-	50 लाख	50000/20000.00
''ए''	रूपये 2 करोड़ से अधिक	500000/-	50 लाख	50000/25000.00
''बी''	रूपये 75 लाख से अधिक 2 करोड़ तक	200000/-	40 लाख	30000/16000.00
''सी''	रूपये 40 लाख से अधिक 75 लाख तक	100000/-	20 लाख	20000/10000.00
''डी''	रूपये 40 लाख तक	50000/-	05 लाख	10000/5000.00

निविदा के सम्मुख अंकित जमानती धनराशि निविदा शुल्क का भुगतान निविदा की वेबसाइट etender.up.nic.in पर उपलब्ध भुगतान लिंक के माध्यम से करते हुये उसकी रसीद लिफाफे में रखकर डालना अनिवार्य होगा। लिंक निम्नलिखित है :- https://compulsive.payu.in/ayodhyamc

सामान्य निविदा में प्रत्येक कार्य की निविदायें अलग-अलग लिफाफे में बन्द की जानी चाहिये एवं लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम सम्बन्धित वार्ड संख्या आगणन धनांक एवं ठेकेदार का नाम अंकित करना अनिवार्य है। इसी के साथ निविदा स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने पर 7 दिन के अन्दर आवश्यक स्टाम्प पेपर जमा करने पर नगर निगम को निर्धारित प्रपत्रों पर कार्य पूरा कराने हेतु अनुबन्ध करना होगा।

नगर आयुक्त अयोध्या को बिना कारण बताये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने अथवा अन्य ठेकेदारों के मध्य कार्य विभाजन करने का अधिकार सुरक्षित है। समस्त निविदायें मुख्य अभियंता कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार प्राप्त की जायेंगी साथ ही मुख्य अभियन्ता कार्यालय में निविदाओं की बिक्री की जायेगी निविदा मूल्य की रसीद निर्माण विभाग से प्राप्त की जायेगी। कार्यो की निविदा नोटिस अयोध्या नगर निगम के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त निविदायें ई-प्रक्योरमेन्ट की बेवसाइट www://etender.up.nic.in के माध्यम से आमन्त्रित की जायेंगी।

निविदादाता निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं। निविदा डालने अथवा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदायें अगले कार्य दिवस में निर्धारित समयानुसार डाली/खोली जायेंगी। निविदा सम्बन्धी अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में मुख्य अभियंता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

निविदा विवरण निम्न प्रारूप में उल्लखित कार्यो का अलग-अलग विवरण उनकी आगणन लागत निविदा की अर्नेस्टमनी निविदा मूल्य तथा समय अवधि आदि का विवरण मुख्य अभियंता कार्यालय में उपलब्ध कार्य विवरण सूची सूचना पट पर देखा जा सकता है। विवरण के अनुसार प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग निविदा आमंत्रित है।

शर्तें :-

1. जो निविदा दाता निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नहीं लगायेगा उस दशा में उसका पंजीकरण/नवीनीकरण निरस्त करते हुये लगाई गई अर्नेस्टमनी जब्त कर ली जायेगी एवं सामान्य निविदाओं में जमानत धनराशि लेखाधिकारी, नगर निगम अयोध्या के पक्ष में बंधक कराकर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. सामान्य निविदा प्रपत्र एवं लिफाफे पर कार्य का नाम ठेकेदार का नाम के साथ निविदादाता के स्पष्ट हस्ताक्षर एवं मोहर होना आवश्यक है। यदि लिफाफे पर उक्त विवरण अंकित नहीं होंगे तो लिफाफा अवैध माना जायेगा एवं ऐसी निविदा का संज्ञान नहीं लिया जायेगा।
3. निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य के रूप में नगद धनराशि लगाने वाले ठेकेदारों की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा प्रपत्र में प्रतिशत उच्च/निम्न को अंको एवं शब्दों में लिखना आवश्यक है।
5. ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत तक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर शासनादेश के अनुसार 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत निम्न दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफार्मेन्स गारंटी के रूप में जमा करनी आवश्यक होगी।
6. निविदा शर्तों के विरूद्ध निविदा डालने वाले ठेकेदार की जमानती धनराशि जब्त करते हुये काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।
7. एकल कर प्रणाली के अन्तर्गत कार्य के देयकों पर शासन द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 की दरों के अनुसार भुगतान व कटौती की जायेगी। कार्य के आगणन में जी0एस0टी0 सम्मिलित है एवं निविदा की दर मूल आगणन पर प्रभावी होगी। निविदा मूल्य पर 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 देय होगी।
8. सड़क निर्माण/सुदृढीकरण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-715/ नौ-5-2018-120बजट/2013 दिनांक 17 मार्च 2018 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. निविदा में किसी प्रकार के संशोधन (यथा निविदा तिथि में वृद्धि निविदा संशोधन कार्यो की संख्या/ आगणन में परिवर्तन अथवा सुधार आदि) की सूचना मुख्य अभियन्ता के कार्यालय के सूचना पट पर पढ़ी व देखी जा सकती है। इस हेतु निविदा शुद्धि पत्र का प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जायेगा।
10. उच्च श्रेणी का ठेकेदार अपने से निम्न समस्त श्रेणियों की निविदाओं में प्रतिभाग कर सकता है।
11. निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्तें निविदा की बेवसाइट etender.up.nic.in पर पढ़ी जा सकती है।
12. आगणन धनांक रू0-40.00 लाख से अधिक कार्यो में टी-2 प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न/अपलोड करना अनिवार्य है। धनांक रू0-40.00 लाख एवं इससे अधिक की धनराशि के समस्त कार्यो की निविदायें टू-विड निविदा पद्धति से आमन्त्रित की जायेगी।
13. यदि किसी फर्म द्वारा पूर्व में अनुबंधित कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण न किया हो तो सम्बन्धित फर्म उक्त निविदा में प्रतिभाग नहीं कर सकता है, यदि प्रतिभाग करता है तो निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
14. यदि फर्म द्वारा कार्य निर्धारित अवधि मे पूर्ण नही किया जाता है तो नियमानुसार दण्डरोपण की कार्यवाही की जायेगी।
15. पार्टनरशिप फर्म होने की दशा में कर्म के समस्त पार्टनर के चरित्र प्रमाण पत्र एवं कम्पनी होने की दशा में कम्पनी का हैसियत प्रमाण पत्र संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
16. प्रत्येक रु0 05 लाख के ऊपर की निविदा में, ठेकेदार/फर्म को सिविल प्रकृति के कार्य का अनुभव संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
17. ठेकेदार/ फर्म को रु0 05 लाख से ऊपर की निविदा के साथ किसी राजकीय विभाग/नगर निगम में पंजीकरण की रसीद अपलोड करना अनिवार्य होगा।
18. स्व-घोषणा प्रमाण-पत्र रु0 100/- के स्टाम्प पेपर के प्रथम पृष्ठ पर कार्य का नाम बाल पेन से अंकित करना अनिवार्य होगा। मूल प्रति पर कार्य का नाम एवं शपथकर्ता के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। जिसे दोनो ओर से स्कैन कर अपलोड करना भी अनिवार्य होगा तथा पेन्सिल से अंकित किया गया कार्य का नाम होने पर शपथ पत्र मान्य नहीं होगा। ई-स्टाम्प के प्रथम पृष्ठ पर कार्य का नाम अंकित किया जाना अनिवार्य होगा तथा शपथकर्ता द्वारा शपथ पत्र के सभी पृष्ठ पर हस्ताक्षर करना भी अनिवार्य होगा तथा स्व-घोषणा प्रमाण-पत्र पर नोटरी, निविदा आमंत्रण दिनांक से निविदा के समाप्त होने के दिनांक तक ही मान्य होगी। (शपथ पत्र का प्रारूप T-6 अपलोड है।)
19. ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत तक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर शासनादेश के अनुसार 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत निम्न दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/ परफार्मेन्स गारंटी के रूप में जमा करनी आवश्यक होगी।
20. निविदा में निविदादाता को टैक्नीकल बिड के साथ इस आशय प्रमाण पत्र रु0 10/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर देना होगा कि बिल 90 दिनों के लिए वैध है तथा निविदादाता किसी बार काउन्सिल में रजिस्टर्ड नही है तथा निविदादाता के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई वाद-विवाद दायर नहीं है। affidavit that Bid is Valid for 90 days and Bidder has neither criminal record nor registered in any bar council on non judicial stamp paper of Rs.10/-
21. निविदादाता की फर्म के अधीन कार्यरत श्रमिकों का पंजीकरण श्रम आयुक्त उ0प्र0 के श्रम विभाग में होना अनिवार्य है। जिसे अपलोड करना भी अनिवार्य होगा।
22. एकल निविदा प्रथम बार में स्वीकृत नहीं की जायेगी।
23. उपरोक्त कार्य में प्रयुक्त सामग्री की परीक्षण परिणाम (टेस्टिंग रिपोर्ट) मानक के अनुरूप आने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
24. जिन ठेकेदारों पर 03 कार्यों से अधिक कार्य है और उनके द्वारा अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण नहीं करायी जा रही है एवं कार्यादेश प्राप्त होने के पश्चात कार्य प्रारम्भ नहीं किये जा रहे हैं, ऐसी फर्मो/ठेकेदारों को निविदा की प्रक्रिया में प्रतिभाग करने से वंचित किया जाता है।
25. यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका न्याय क्षेत्र जनपद अयोध्या ही होगा।
26. अपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
27. कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार काउन्सिल में पंजीकृत है वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा तथा बाद में संज्ञान में आने पर निविदा निरस्त करते हुये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
28. ठेकेदार/निविदादाता को निर्माण के समय यातायात के आवागमन को बिना किसी अवरोध के बनाये रखने हेतु पर्याप्त सुविधा/व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।
29 कार्य स्वीकृत होने के पश्चात कार्य प्रारम्भिक फोटो, कार्य प्रगति की फोटो एवं कार्य समाप्ति की फोटो / वीडियोग्राफी पत्रावली में लगाया जाना अनिवार्य होगा।
30. शर्त युक्त निविदा मान्य नही होगी।

निविदा अपलोड की तिथि				दिनांक 02.11.2023			
निविदा की अन्तिम तिथि				दिनांक 24.11.2023 सांय 06:00 बजे तक			
निविदा खोलने की तिथि				दिनांक 25.11.2023 पूर्वान्ह 11:00 बजे			
क्रमांक	कार्य का नाम	स्वीकृति आगणन धनराशि जी.एस.टी. सहित	स्वीकृत निविदा धनराशि जी.एस.टी. सहित	जमानती धनराशि	निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित	कार्य समाप्त करने की अवधि	मद का नाम	सक्षम स्तर से स्वीकृति तिथि
ई-निविदा (टू-बिड् पद्धति)								
1	कटरा पुलिस चौकी से परिक्रमा मार्ग तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य।	4993076.00	4231421.00	423145.00	5900.00	90 दिन	सीवरेज एवं जल निकासी योजना	01.11.2023
2	कन्धरपुर परिक्रमा मार्ग पुलिया से शिवशंकर चतुवेद्री के मकान तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य।	4964823.00	4207478.00	420750.00	5900.00	90 दिन	सीवरेज एवं जल निकासी योजना	01.11.2023
3	मुगलपुरा मस्जिद से विजावर मंदिर के पास तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य।	4935162.00	4182341.00	418235.00	5900.00	90 दिन	सीवरेज एवं जल निकासी योजना	01.11.2023
4	कंचन भवन के पीछे से ऋणमोचनघाट तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य।	4999154.00	4236572.00	4236600.00	5900.00	90 दिन	सीवरेज एवं जल निकासी योजना	01.11.2023
5	तपीस जी छावनी हरिशंकर सिंह के मकान से सरयू मंदिर एवं दिगम्बर जैन मंदिर से पंडित बच्चा हाता तक आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य।	4970233.00	4212062.00	421210.00	5900.00	90 दिन	सीवरेज एवं जल निकासी योजना	01.11.2023

(राजवीर सिंह)
मुख्य अभियन्ता

पुलिस के खुलासे पर परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। बीते जुलाई माह में घर में हुई महिला की हत्या और दुष्कर्म के अंदेशे को लेकर पुलिस ने मृतका के देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जिसपर परिजनों ने पुलिस पर मुख्य आरोपियों से पैसा लेकर छोड़ने और उनसे भी पैसा लेकर उनके ही पुत्र को झूठा फंसाने का आरोप लगाया है जिसपर क्षेत्राधिकारी ने विवेचना जारी होने की बात कही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी लुखरू निषाद पुत्र कलुआ ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 19/20 जुलाई की दरम्यानी रात कमरे में अकेले सो रही उसकी बहू पत्नी कमलेश का घर में घुसकर साजन, मानसिंह और परमू उर्फ प्रेम ने उसकी बहु के मुंह में कपड़ा ठूंसकर बारी बारी से बलात्कार किया और उसके बाद हत्या कर दी।पीड़ित ने तहरीर में बताया कि घर से आहट सुनाई देने पर उसने और उसकी पत्नी ने उक्त आरोपियों को घर से निकलकर जाते हुए देखा था।उसके बाद कोतवाली पुलिस और मृतका के मायके वालों को सूचना दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस और डाग स्क्वायड ने भी आरोपियों को ही चिंहित कर दिया जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और तीन चार दिन कोतवाली में रखने के बाद लाखों रुपये लेकर आरोपियों को तो छोड़ दिया लेकिन पीड़ित ने स्वयं से पचास हजार रुपये लेने का भी आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस ने उसके लड़के को ही मुख्य आरोपी बनाकर जेल भेज दिया है जिसकी निष्पक्ष जांच कर मुख्य आरोपियों पर कार्यवाही करने की गुहार लगाते हुए पीड़ित परिवार मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी अपनी फरियाद सुना चुका है और अब पीड़ित परिवार ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित मानवाधिकार और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर न्याय की मांग के साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।वहीं इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी विवेक यादव ने बताया कि ऐसी किसी शिकायत के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है लेकिन आरोपी राजू निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है और विवेचना अभी चल रही है अगर ऐसा कोई तथ्य सामने आता है तो कार्यवाही की जाएगी।

सभासद ने उठाई खेल मैदान की मांग

मौदहा हमीरपुर। कस्बे के बच्चों की प्रतिभा उभारने के उद्देश्य से कस्बे में खेल मैदान की आवश्यकता है जिसको लेकर सभासद ने मांग कर दी है।

कस्बे के वार्ड नं 14 ब्लॉक से दूसरी बार सभासद शिवकुमार सोनी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को पत्र लिखकर बड़ेली नाले के पास नगरपालिका की खाली पड़ी जमीन में खेल मैदान बनाने की मांग की है।साथ ही बताया कि यह मुद्दा सदर विधायक डा.मनोज कुमार प्रजापति भी उठा चुके हैं और हाल के दिनों में बड़ेली नाले पर बन रहे पुल के भूमि पूजन के दौरान भी उन्होंने नगरपालिका अधिकारियों से जमीन तलाश करने की बात कही थी।शिवकुमार ने बताया कि अगर कस्बे में एक बच्चों के लिए खेल मैदान हो जाएगा तो बहुत सी दबी हुई प्रतिभाएं उभर कर सामने आ जाएंगी। और खेल मैदान की आज मांग नहीं बल्कि जरूरत है।

माया से पार पाकर ही भक्ति स्वरूपा मां सीता का दर्शन संभव

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/रेणुकूट। हिण्डाल्को प्रबंधन के सौजन्य से हिण्डाल्को आवासीय परिसर के कल्याण मण्डपम् हाल में पं0 नानालालजी राजगुरु के सात दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रसंग में कथा व्यास पं0 राजगुरु ने बताया कि श्री हनुमानजी के भक्ति स्वरूपा माता सीता के अन्वेषण हेतु की गई यात्रा में तीनों माया के द्वारा उनका परीक्षण होता है। उसके उपरांत भक्ति स्वरूपा, सीता माता का दर्शन होता है। तीनों मायाओं में प्रथम-सात्विक माया, सुरसा नागमाता। द्वितीय-तामसी माया, समुद्र के अंदर सिंहिका एवं तृतीय-राजसी माया, लंकिनी। सात्विक माया को हनुमानजी ने प्रणाम करके आशीर्वाद प्राप्त किया। तामसी माया का संहार करके अपने को सुरक्षित किया तथा राजसी माया को मुष्टिका प्रहार करके सुधार करके अपने पक्ष में किया, तभी माता सीताजी के दर्शन सफल हुए। इससे पूर्व हिण्डाल्को के मुखिया श्री एन नागेश एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी नागेश ने श्री रामचरित्मानस का पूजन कर एवं कथा व्यास पंडितजी का टीका करके रामकथा प्रारंभ कराई। रामकथा का भारी संख्या में उपस्थित हिण्डाल्को कर्मचारियों, उनके परिवारों एवं रेणुकूट वासियों ने रसास्वादन किया।

अपने ऊपर लगे आरोपों को मेडिकल कालेज के चिकित्सक ने नकारा

अवधनामा संवाददाता

बांदा। राजकीय मेडिकल कालेज में संविदा के तौर पर जर्नल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन के रूप में असिसण्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डा. मनोज कुमार ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उनके विरूद्ध सोशल मीडिया एवं कुछ समाचार पत्रों में मरीज से पैसे लेकर गलत उपचार करने का जो समाचार चलाया जा रहा है। पूरी तरह से असत्य एवं निराधार है। उन्होंने बताया कि राजकीय मेडिकल कालेज में प्रोस्टेट बीमारी से पीड़ित व्यक्ति जागेश्वर निवासी ग्राम पुकारी तहसील नरैनी जनपद बांदा से उपचार के लिए आये थे। जिनकी जांच के बाद उनका ओपीडी में पर्चा कटने के बाद राजकीय मेडिकल कालेज के आपरेशन थिएटर में आपरेशन लगभग एक माह पूर्व आपरेशन किया गया था। आपरेशन के बाद मरीज द्वारा शौच क्रिया करते वक्त झटका लगने से कथेटर में खिंचाव के कारण मरीज को ब्लड आ गया था और अंदर खून का थक्का जमा हो गया था। जिसकी कारण मरीज की तबियत खराब हुई थी। उनको इस बात की जानकारी मरीज के तीमारदारों के द्वारा मिलने पर उनके द्वारा पुनः मरीज को देखने के बाद उनका आपरेशन चिकित्सकों की टीम के साथ उनके द्वारा किया गया। जिसके बाद मरीज की तबियत अब पूरी तरह से स्वस्थ्य है। जबकि आपरेशन के समय उनके द्वारा मरीज से एक भी रूपया नहीं लिया गया है। हालांकि मरीज का पैसा बाहर की दवाइयों व अन्य सामानों पर खर्च हुआ है जो कि मेडिकल कालेज में उपलब्ध नहीं था। वहीं इसके अलावा उनपर जो भी पैसा लेने के आरोप लगाए गए है। वे सारे गलत है।

बाइक सवार दो युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

बबेरू/बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मियांबरौली मोड़ के पास बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार दोनों युवको को गंभीर बबेरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फतेहपुर जनपद के दरौली गांव के रहने वाले युवक रामू पुत्र सूरज दिन उम्र 24 वर्ष, धीरू पुत्र रामदीन उम्र 22 वर्ष यह दोनों बुधवार को एक ही बाइक में सवार होकर अपने गांव बबेरू होते हुए दरौली जा रहे थे। तभी मियां बरौली मोड़ के पास बाइक सवार दोनों युवक को अज्ञात वाहन ने साइड से टक्कर मार दिया। और मौके से फरार हो गया। जैसे बाइक सवार रामू और धीरु दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जैसे ही राहगीरों ने देखा तो बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया।

यातायात जनजागरूकता माह नवंबर का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। यातायात जनजागरूकता माह नवम्बर के प्रथम दिवस पर पुलिस लाइन हमीरपुर के परेड ग्राउंड में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा विद्यालय की छात्रा से फीता कटवाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया गया, कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से लगभग 350 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य सभी लोगो को ट्रैफिक नियमों के बारे में जानकारी दी गई व सभी को शपथ दिलायी गयी कि कभी यातायात नियम नही तोड़ेंगे एवं उनसे अपेक्षा की आप अपने परिवार/आस-पड़ोस में भी यातायात के नियमों से उनको अवगत कराएंगे, यह भी बताया गया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों/ सार्वजनिक स्थानों में इसी तरह के जागरूकता शिविर आगे भी आयोजित करेंगे जिससे जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आ सके एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा उपस्थित छात्रों से यातायात जागरूकता संबंधी प्रश्न पूछे गए व सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रहरियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा साईकिल/टार्च वितरण किया गया व ग्रामों में जाकर यातायात नियमों के प्रति जनता जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली द्वारा कस्बा हमीरपुर में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर, एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी लाइन/ट्रैफिक, आरटीओ हमीरपुर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर, यातायात प्रभारी हमीरपुर व अन्य संभ्रांत व्यक्ति व संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनटीपीसी विंध्याचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्यनगर। सतर्कता आयोग भारत सरकार एवं केन्द्रीय सतर्कता कार्यालय, एनटीपीसी लिमिटेड के निर्देशानुसार विंध्याचल परियोजना में दिनांक 30 अक्टूबर 2023 से 05 नवम्बर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उदघाटन दिनांक 30.10.2023 को परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में शपथ ग्रहण के साथ किया गया।

इसी कड़ी में दिनांक 31.10.2023 को एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना के विंध्य क्लब में प्रातः 07ः00 बजे से वॉकथान का आयोजन किया गया। यह वॉकथान विंध्य क्लब से आरंभ होकर हॉस्पिटल के रास्ते होते हुये मुन्ना गैरेज तक एवं पुनः उसी रास्ते से होते हुये विंध्य क्लब पर समाप्त हुई।

तत्पश्चात एनटीपीसी-विंध्याचल सतर्कता विभाग द्वारा प्रातः 11ः00 से परियोजना के प्रशासनिक भवन में सतर्कता जागरूकता सेशन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सचिव (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) सिंगरौली अभिषेक सिंह ने अपने सम्बोधन मे भ्रष्टाचार के रोकथाम एवं पीसी एक्ट से संबन्धित विषय पर अपने

महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। जिसका थीम है- ÷भ्रस्टाचार का विरोध करें ; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें।इ स अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार बिस्वास एवं समस्त महाप्रबंधकगण एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) सत्य फणि कुमार नें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। तत्पश्चात महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज ने भ्रष्टाचार के रोकथाम के लिए अपने अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। अपर महाप्रबंधक (सतर्कता) एस आर दान ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अंतर्गत आयोजित होने वाले कर्मचारियों व उनके परिवारजनों, संविदा कर्मचारियों, नगरवासियों हेतु विभिन्न कार्यक्रमों जैसे सुझाव, नारा प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं ऑनलाइन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, शपथ समारोह, कार्यशाला, निबंध, भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, पैनल चर्चा आदि आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे मे विस्तार से जानकारी के साथ ही भ्रष्टाचार के रोकथाम हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए।

हमले में घायल किसान की उपचार के दौरान मौत

बांदा। मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में कुल्हाड़ी के हमले से घायल किसान ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के नाई गांव निवासी कमतू यादव (50) पुत्र भेला यादव का मंगलवार को शाम पड़ोसी से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। कुछ ही देर में दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। खूनी संघर्ष में पड़ोसी ने किसान पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए।

परियोजना प्रमुख श्री पंकज मेदिरत्ता ने संभाला एनटीपीसी रिहंद का कार्यभार

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद के महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) पंकज मेदिरत्ता ने एनटीपीसी रिहंद का कार्यभार संभाला। सेवानिवृत हुये मुख्य महाप्रबंधक (रिहंद) संजीव कुमार ने मंगलवार को महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) पंकज मेदिरत्ता को रिहंद स्टेशन की कमान सौंपी। संजीव कुमार ने विभिन्न पदों पर रहते हुये अपने कुशल नेतृत्व के द्वारा एनटीपीसी परियोजना में सफलता के नए आयाम स्थापित कर चुके हैं। इन्होने अपनी लगन ,निष्ठा , मेहनत एवं ईमानदारी से एनटीपीसी के विभिन्न परियोजनाओं को ऊंचाइयों तक सफलता पूर्वक आगे बढ़ाने में अहम भूमिका का निर्वहन किया है और इसी के साथ उन्होने पंकज मेदिरत्ता को परियोजना प्रमुख के पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दी। पंकज मेदिरत्ता नें बीआईटी रांची से सन् 1986 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद सितंबर 1986 में एनटीपीसी पीएमआई नोएडा में बतौर कार्यपालक प्रशिक्षु के पद से जुड़े। सन् 1986 से 1987 तक नोएडा में रहने के पश्चात इनका स्थानांतरण प्रचालन विभाग में एनटीपीसी बदरपुर में हुआ। बदरपुर के साथ-साथ मेदिरत्ता नें एनटीपीसी कहलगाँव, झज्जर, मौदा, एवं एनटीपीसी रिहंद में विभिन्न पदों पर रह कर एनटीपीसी परियोजना को ऊंचाइयों तक पहुँचने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

बालू निकासी में विवाद में चार को पीटा

बांदा। बालू भरने से रोकने पर बालू चोरों ने किसान पर फावड़े से हमला कर लहूलुहान कर दिया। बचाने आए तीन अन्य परिजनों को भी बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। गंभीर हालत में किसान को जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के क्योटरा पहाड़ निवासी चुनूबाद निषाद (50) पुत्र महेश्वरा केन नदी किनारे सब्जी की बारी लगाए है। मंगलवार की रात कुछ दबंग चोरी-छिपे उसकी बारी उजाड़ कर ट्रैक्टर में बालू भर रहे थे। उसने इसका विरोध किया। यह बात बालू चोरों को नागवार गुजरी। बालू चोरों ने उस पर फावड़े से हमला कर दिया। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। मदद की आवाज लगाने पर उसका भाई हीरा (60) व भतीजा पप्पू (35), श्रीराम (35) पुत्र मुन्नी लाल को बालू चोरों ने बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया।

चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भी एनसीएल का बेहतरीन प्रदर्शन जारी

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के अक्टूबर माह तक बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 80.15 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर लिया है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि मे किए गए कोयला उत्पादन से लगभग 7.29 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल से अक्टूबर तक की अवधि में एनसीएल ने 74.71 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया था। एक अन्य उपलब्धि में गत दिवस 31 अक्टूबर को एनसीएल ने एक दिन में 4 लाख 37 हजार टन कोयला उत्पादन कर वर्ष 2023-24 में एक दिन के सर्वाधिक कोयला उत्पादन का कीर्तिमान भी बनाया।

अपने ग्राहकों को भरपूर कोयला आपूर्ति करते हुए एनसीएल ने 2023-24 के अक्टूबर माह तक रिकॉर्ड कोयला प्रेषण किया है। कंपनी ने बिजली घरों सहित सभी ग्राहकों को 2023-24 के अक्टूबर माह तक 81.59 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि मे किए गए कोयला प्रेषण से 5.12 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल से अक्टूबर तक की अवधि में एनसीएल ने 77.62 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया था। एनसीएल अपने प्रेषण का अधिकांश हिस्सा बिजली घरों को देता है। चालू वित्त वर्ष में एनसीएल ने अक्टूबर तक 72.18 मिलियन टन कोयला बिजली घरों को प्रेषित किया है।

जागरूकता कार्यक्रम में दी गई यातायात नियमों की जानकारियां

अवधनामा संवाददाता

बांदा। राजकीय इंटर कालेज बांदा के विज्ञान सभागार में पुलिस कैडेट प्रोग्राम, मिशन शक्ति एवं सड़क सुरक्षा यातायात नियमों हेतु एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गय। इस अवसर पर सिविल लाइंस चौकी प्रभारी ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम, अल्पायु में किए जा रहे अपराधों, महिलाओं, छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से सूचना देने हेतु प्रेरित किया तथा विश्वास दिलाया कि छात्रों द्वारा दी गई सूचना को गोपनीय रखा जाएगा इसी क्रम में मंडलीय मास्टर ट्रेनर (सड़क सुरक्षा) चित्रकूट धाम मंडल बांदा डा. पीयूष मिश्र द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन करने से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने की प्रेरणा दी तथा दिनांक 02 नवंबर से यातायात माह नवंबर माह की शुभारंभ से 30 नवंबर तक विशेष जागरूकता अभियान तथा नियमों के पालन करने हेतु सजग रहने की नसीहत थी छात्रों को हेलमेट, सीट बेल्ट, नशे की हालत में वाहन ना चलाना, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने से बचना इत्यादि नियमों से परिचित कराते हुए विद्यालय परिसर में नाबालिक छात्रों द्वारा वाहन न लाने हेतु स्पष्ट रूप से आगाह किया, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बांदा धर्मराज ने छात्रों को आज की जागरूकता शिविर में दिए जा रहे निर्देशों को पालन करने हेतु प्रेरित किया।

मुख्य महाप्रबंधक संजीव हुये सेवानिवृत

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के मुख्य महाप्रबंधक श्री संजीव कुमार के सेवानिवृत होने पर मंगलवार को उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। इसी अवसर पर तरंग प्रेक्षागृह में सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसमें रिहंद परिवार नें मिलकर संजीव कुमार एवं माया सिंह के साथ एनटीपीसी रिहंद में अंतिम कुछ अद्भुत पलों को सांझा किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संजीव कुमार को परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदिरत्ता ने अंग वस्त्र एवं दीर्घ सेवा के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया, साथ ही रिहंद परिवार द्वारा उन्हे स्मृति चिन्ह भी दिया गया। वर्तिका महिला मण्डल समिति की अध्यक्षा अनीता मेदिरत्ता नें विशिष्ट अतिथि माया सिंह को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात इस समारोह को यादगार बनाने हेतु मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा केक काटकर सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत की गयी। सांस्कृतिक संध्या में बच्चों एवं कर्मचारियों द्वारा अनेकों रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गयी जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि संजीव कुमार नें अपने सम्बोधन में एनटीपीसी एवं रिहंद स्टेशन में बिताए गए अपने कार्यकाल का अनुभव कार्मचारियों के साथ साझा किया, और उन्होने एनटीपीसी रिहंद को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी कर्मचारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उन्होने कर्मचारियों द्वारा विकसित की गयी एनटीपीसी की कार्य संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए कार्मचारियों की लगन, निष्ठा एवं मेहनत को प्रगति का मूल कारण बताया। एनटीपीसी की मूल मान्यताओं पर लगातार चलने पर ज़ोर देते हुये संजीव कुमार नें कहा कि मूल्यों पर आधारित संगठन ही तरक्की करता है तथा उसका विकास होता है। साथ ही उन्होने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

संजीव के सेवानिवृत्ति पर नवनियुक्त परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदिरत्ता नें अपने सम्बोधन में कहा कि एनटीपीसी-रिहंद को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में संजीव कुमार के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी फरार

शाहजहांपुर। जनपद के जलालाबाद में घर से दबोचकर बाग में ले गए तीन युवकों ने अनुसूचित जाति की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया। शोर सुनकर जब मौके पर किशोरी की मां पहुंची तो आरोपी भाग गए। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं, तीनों के खिलाफ एससी/एसटी और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति की मौत पहले हो चुकी है। शादीशुदा दो बड़ी बेटियां ससुराल में रहती हैं। दो बेटे बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। घर में वह अपनी 14 साल की बेटी और दस साल के बेटे के साथ रहती हैं। बताया कि दोनों बच्चों के सो जाने के बाद वह रात करीब आठ बजे फसल की रखवाली करने खेत पर चली गई। आरोप है कि इसी दौरान मौका पाकर वीरभान, प्रमोद और सोने उनके घर में घुस आए। उनकी बेटी को सोते से दबोचकर घर के सामने यूकेलिप्टस के बाग में ले गए। तीनों ने उनकी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। मां के मुताबिक, बाग से थोड़ी दूरी पर ही वह खेत पर थी। उन्होंने बेटी के रोने और चीखने की आवाज सुनी। मौके पर पहुंची तो तीनों आरोपी भाग गए। महिला के मुताबिक बेटी की हालत खराब होने पर वह उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंची लेकिन उसका इलाज नहीं किया गया। बाद में उन्होंने पुलिस की मदद से बेटी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सीओ अजय राय ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

11 करोड़ की लागत से बनेगा सेटेलाइट बस अड्डा

शाहजहांपुर। रोडवेज का सेटेलाइट बस अड्डा बनाने की प्रक्रिया में तेजी आ गई है। नेशनल हाईवे पर रोजा के पास जमीन चिह्नित होने के बाद नक्शा तैयार कर शासन को भेजा गया था। जिसके बाद शासन ने नए बस अड्डे के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को नामित कर दिया है। बस अड्डे का निर्माण 11 करोड़ रुपये से किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, धनराशि अवमुक्त होते ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।हरदोई बाईपास के पास 2020 वर्ग मीटर जमीन को सेटेलाइट बस अड्डे के लिए चिह्नित किया गया था। प्रोजेक्ट मैनेजर रघुवंश सिंह ने बताया कि अभी धनराशि अवमुक्त नहीं हुई है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद काम को शुरू कराया जाएगा।

बिना परमिट वाले 17 वाहनों के चालान, चार सीज

शाहजहांपुर। बदायूं में हादसे में बच्चों समेत पांच लोगों की मौत के बाद परिवहन विभाग कुंभकर्णी नींद से जागा और आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबे परिवहन विभाग को स्कूली वैन और बसों की जांच की याद आ गई है। एआरटीओ प्रवर्तन शांतिभूषण पांडेय ने बिना परमिट चल रहे 17 वाहनों के चालान और बिना फिटनेस के चल रहीं चार स्कूली वैनों को सीज कर दिया। सीज वाहनों को अपने कार्यालय में खड़ा करवा लिया है।बदायूं में स्कूली बस और वैन में हुई भीषण टक्कर के बाद आज सुबह वाहनों की जांच के लिए अभियान चलाया गया। इसके तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर एआरटीओ ने वाहनों की जांच की। इस दौरान कई स्कूली वैन क्षमता से अधिक बच्चों को भरकर ले जाते मिलीं। एआरटीओ शांतिभूषण पांडेय ने स्कूल प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि अपने वाहनों का टैक्स, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, परमिट आदि प्रपत्रों के होने पर ही वाहन का संचालन कराएं।एआरटीओ का कहना है कि कार्रवाई में पकड़े जाने पर स्कूल संचालक अपनी वैन नहीं होने की बात कहकर हाथ खड़े कर देते हैं। ऐसे में क्षमता से अधिक बच्चों को स्कूल लेकर जाने वाले निजी वैन संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

गोबर पाथने के विवाद में वृद्ध को पीट किया लहुलुहान

मौदहा। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम किसवाही में एक युवक ने गाली गलौज कर वृद्ध को लाठियों से पीटकर लहुलुहान कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिये अस्पताल भेजा है। किसवाही गांव निवासी मैयादीन ने बताया कि वह सुबह अपने पशु बाड़े में काम करने गया था। वहां पर गांव निवासी शिवबरन पहले से मौजूद था। उसने अकारण गाली गलौज शुरू कर दी। गाली देने से मना करने पर उसने लाठियों से पीट कर लहुलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। सिसोलर पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के किसवाही में ग्राम समाज की जमीन पर गोबर पाथने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ है। जिसमें मैयादीन पुत्र दौआ को चोटें आई है जिस पर इलाज हेतु उसे अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

राजीनामा करने का दबाव बनाने के लिए धमकी

मौदहा हमीरपुर। बीते साल दर्ज कराए गए बलबा सहित हत्या के प्रयास के मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बनाने के लिए आरोपियों ने वादी के साथ गालीगलौज की जिसपर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी शहीद अली पुत्र साबिर अली ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे वह ट्रैक्टर लेकर खेत जा रहा था तभी रास्ते में इमरान अली,इकरार अली,तौफीक अली,इसरार अली,रमजान अली पुत्रगण हासिम अली अपने हाथों में नाजायज तमंचा और लाठी डंडे लेकर आ गए और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मुकदमा वापस लेने की धमकी देने लगे।पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

इंडियन बैंक अंचल कार्यालय ने चलाया सतर्कता व जागरूकता अभियान

हमीरपुर। इंडियन बैंक अंचल कार्यालय हमीरपुर द्वारा आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत आज एक वाकेथन का आयोजन किया गया, जिस में इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय हमीरपुर के अंचल प्रबंधक घनश्याम कुमार के नेतृत्व में इंडियन बैंक के अधिकारियों ने बुधवार हमीरपुर में अंचल कार्यालय से आरंभ कर हमीरपुर के विभिन्न जगहों से होते हुए गुजरे एवं लोगों को केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता कैंपेन की जानकारी दी, भ्रष्टाचार मुक्त भारत, हेतु जनहित प्रकटीकरण एवं मुखबिर संरक्षण संकल्प के बारे में लोगों को बताया गया। इस मौके पर एलडीएम संगमलाल मिश्र, रजनीश कुमार, गौरव जौहरी, आबिद हुसैन, डी.पी.राव, सुनील यादव आदि उपस्थित रहे।

सालाना उर्स ए नियाजिया आज से

बांदा। खानकाह-ए-नियाजिया छावनी के सज्जादानशीन डा. अब्दुल हफीज न्याजी उर्फ गुलाम साबिर ने जानकारी देते हुए बताया कि 44वां सालाना उर्स हजरत शेख अब्दुल हमीद नियाजी 2 नवंबर से शुरू होगा। जिसमें उर्स के पहले दिन 2 नवंबर को सुबह 7 बजे कुरआन ख्वानी होगी। फातेहा शरीब सुबह 8.30 बजे, चादर पोशी बाद नमाजे जोहर, महफिले समां दोपहर 2 से 4 बजे तक व 3 नवंबर को दूसरे दिन महफिले समा बाद नमाजे जुमा, कुल शरीफ बाद नमाज असर होगी। इसी प्रकार महफिले समा रात 10 से 3 बजे तक होगी। इसके बाद दुआए खुसुसी होगी। उन्होंने आशिकाने औलिया से ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचने के गुजारिश की है।

केन में उतरावा मिला वृद्ध का शव

बांदा। केन नदी में अज्ञात वृद्ध का शव उतराता देख आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कारागार चौकी प्रभारी वीरेंद्र त्रिपाठी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। मल्लाहों की मदद से शव को बाहर निकालाया। आसपास के लोगों से शिनाख्त कराई, लेकिन कोई भी शव की शिनाख्त नहीं कर सका।

बेस्ट परफॉर्मिंग जिलों में यूपी का जलवा

- योगी सरकार को जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना में लगातार मिल रही उपलब्धियां
- अक्टूबर माह में जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय सर्वेक्षण में गाजियाबाद हाई एचीवर्स (चार सितारा श्रेणी) में तीसरे स्थान पर
- यूपी के औरैया, कानपुरनगर और अयोध्या एचीवर्स श्रेणी में क्रमश पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर
- जौनपुर, अलीगढ़ और बाराबंकी में भी योजना गढ़ रही आयाम, परफार्मर्स श्रेणी की लिस्ट में पहले तीन स्थानों पर बनाई जगह
- मथुरा में भी ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल प्रदान करने का अभियान तेजी से बढ़ रहा आगे

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय सर्वेक्षण में यूपी के जिलों का वर्चस्व लगातार बना हुआ है। अक्टूबर माह की जारी रिपोर्ट में यूपी के कई जिले बेस्ट परफॉर्मिंग जिलों में सबसे आगे हैं। गाजियाबाद जिला चार सितारा श्रेणी (हाई एचीवर्स) की लिस्ट में शामिल हुआ है। 75 से 100 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन प्रदान करने वाली इस लिस्ट में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले गाजियाबाद में हर घर जल योजना का काम काफी तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। नल जल कनेक्शन वाले घरों में उसने 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। जिले ने गांवों में महिलाओं को मानकों के अनुसार एफटीके परीक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। देश में हर घर जल योजना से ग्रामीण परिवारों को टैप कनेक्शन देने में गाजियाबाद को यह उपाधि हासिल हुई है।

हर श्रेणी में यूपी के जिले अव्वल

जल जीवन मिशन की वेबसाइट पर दिये गये आंकड़ों के मुताबिक गाजियाबाद को जहां हाई एचीवर्स लिस्ट में तीसरा स्थान मिला है, वहीं एचीवर्स में यूपी के औरैया, कानपुर नगर और अयोध्या क्रमश पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। परफार्मर्स की लिस्ट में भी जौनपुर पहले, अलीगढ़ दूसरे और तीसरे स्थान पर बाराबंकी हैं। एस्पिरेंट की श्रेणी में मथुरा को दूसरे नम्बर पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना को उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बड़ी तेजी से आगे बढ़ा रही है। बुंदेलखंड में जहां नल कनेक्शन प्रदान किये जाने का कार्य अंतिम चरणों में है। वहीं प्रदेश के अन्य सभी जिलों में लक्ष्य पूरा करने में विभाग के अधिकारी जुटे हैं।

सर्वेक्षण में विभिन्न मापदंडों पर उतरना पड़ता है खरा

बता दें कि यूपी के जिले हर माह देश में होने वाले सर्वेक्षण में वाटर क्वालिटी, महिलाओं को जल जांच का प्रशिक्षण प्रदान करने, ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करने जैसी विभिन्न मापदंडों पर भी खरे उतरे हैं। इस सर्वेक्षण में योजना की प्रगति के आधार पर मिलने वाले अंकों से देश भर में जिलों का चुनाव किया जाता है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली में एशियाई पैरा गेम्स में पदक विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। इस दौरान स्वर्ण पदक जीतने वाले यूपी के आईएएस अधिकारी सुहास एल वाई को पीएम ने देश और प्रदेश के लिए अर्जित उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

मौलाना डॉ. कल्बे सादिक की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

सीएम मुस्लिम बच्चों के एक हाथ में कुरान और दूसरे में लैपटॉप देखना चाहते हैं: धर्मपाल

- कलेक्टर बिटिया अभियान के लिए 16 गरीब बालिकाओं का चयन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अम्बर फाउण्डेशन की ओर से पदम्मभूषण शिक्षाविद व धर्मगुरु मौलाना डॉ. कल्बे सादिक की याद में बुधवार को हुसैनाबाद स्थित यूनिटी कॉलेज में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में जरूरतमंदों को चश्मा वितरण के साथ ही कलेक्टर बिटिया अभियान के लिए 16 गरीब बालिकाओं का चयन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार समाज के तमाम वर्गों के उत्थान के लिए प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब मुस्लिम बच्चों की शिक्षा के लिए कहा था कि वे गरीब मुस्लिम बच्चों के एक हाथ में कुरान और दूसरे में लैपटॉप देखना चाहते हैं। उन्होंने फाउण्डेशन के दृष्टि से उज्वल भविष्य तक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सुन्दरता देखने के लिए चश्मा चाहिए। चश्मे से दृष्टि मिलेगी और दृष्टि से दिशा मिलेगी। क्या करें और कैसे करें यह दृष्टि से पता चलेगा। फाउण्डेशन का काम इसलिए महत्वपूर्ण है कि दृष्टि से उज्वल भविष्य तक कार्यक्रम के जरिए फाउण्डेशन हजारों लोगों की दृष्टि बेहतर करने में लगा है, जो उनके जीवन में बदलाव लाएगी। धर्मपाल सिंह ने क्लैरिटी आईसाइट के डॉ. नदीम मुस्तफा को फाउण्डेशन की ओर से 3000 लोगों की आंखों का निशुल्क ऑपरेशन कराने के अभियान में योगदान के लिए अम्बर रत्न एवार्ड से सम्मानित किया। फाउण्डेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने बताया कि लखनऊ और आस-पास के 30000 गरीब लोगों की आंखों की जांच करा मुफ्त चश्मा बनवाने और 3000 लोगों की आंखों का ऑपरेशन कराने का संकल्प लिया है।

आईआरसीटीसी ने की पैकेज की तैयारी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। आईआरसीटीसी ने आगामी सर्दियों के दिन में राजधानी से थाईलैंड के लिए सस्ता व आरामदायक हवाई टूर पैकेज तैयार किया है जोकि आठ दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक होगा। बुधवार को मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक आईआरसीटीसी अजीत कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि टूर पैकेज में बैंकॉक और पटाया की प्राकृतिक सौन्दर्यता और यात्रा की किफायती दर सैलानियों को थाईलैण्ड जाने के लिये लुभायेगी। पैकेज के तहत पटाया में नांग नूचख् ट्रापिकल गार्डन, अलकजार शो व कोरल आईलैण्ड, बैंकॉक में जेम्स गैलरीख् बैंकॉक का हाफडे सिटी टूर, चाओप्राया क्रूज सफारी वर्ल्ड, मरीन पार्क तथा सी लाइफ बैंकॉक ओशिन वर्ल्ड आदि का भ्रमण कराया जायेगा। लखनऊ से बैंकॉक थाइलैण्ड की आने व जाने की सीधी फ्लाइट है। चार सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था व भारतीय खानपान की पूरी व्यवस्था है। दो व तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज मूल्य 60300 रुपये प्रति व्यक्ति, एक व्यक्ति का पैकेज मूल्य 69800 रुपये, जबकि प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 55200 रुपये बेड सहित और मूल्य 51000 रुपये बिना बेड के प्रति व्यक्ति है।

कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया जनता के अधिकारों के हनन का आरोप

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस नेता नावेद नकवी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर जनता के अधिकारों के हनन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसनीत यूपीए सरकार ने सूचना का अधिकार देकर जनता को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक हथियार दिया था, लेकिन भाजपा सरकार लगातार इस कानून को खत्म करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि इस कड़ी में एक कदम आगे बढ़ते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार का कहना है कि राजनैतिक दलों को मिले चंदे के स्रोत के बारे में जानने का अधिकार जनता को नहीं है। उन्होंने कहा कि जो पैसा जनता दे रही है उसे यह जानने का भी अधिकार नहीं है कि वह पैसा जा कहां रहा है। यह भाजपा सरकार की मानसिकता दर्शाता है कि सरकार जनता के प्रति कोई जवाबदेही नहीं चाहती। इस तरह भाजपा सरकार अपने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को बचाने का षडयंत्र कर रही है। उन्होंने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में गृहमंत्री के जीत के फार्मूले पर कहा कि गृहमंत्री कह रहे हैं कि सपा-बसपा उम्मीदवारों की मदद करो, उनके चुनाव लडऩे से हमें फायदा होगा।

इससे स्पष्ट है कि जिन दलों का राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कोई जनाधार नहीं है वह किसके इशारे पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने जौहर विवि की जमीन वापस लेने के प्रदेश सरकार के फैसले पर कहा कि शिक्षण संस्थान से किसी की क्या लड़ाई हो सकती है। यह दर्शाता है कि भाजपा शिक्षा विरोधी है, क्योंकि यह हमला आजम खां पर नहीं बल्कि शिक्षण संस्थान पर है जहां हर धर्म और मजहब के छात्र शिक्षा ग्रहण कर देश-प्रदेश के विकास में योगदान देंगे।

टीम उपाय द्वारा विकसित ई-लर्निंग माड्यूल का अन्य भाषाओं में अनुवाद

- ई-लर्निंग मॉड्यूल को डिजिटल जागरूकता के अनिवार्य पाठ्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां अपने कार्यालय कक्ष में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण मोनिका एस0गर्ग द्वारा गठित टीम उपाय द्वारा आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स की आधारभूत जानकारी हेतु 22 वीडियो तैयार कराये गये है, जो कि बहुत ही वृहद एवं ज्ञानवर्धक है। इन ई-लर्निंग माडयूल की उपयोगिता को देखते हुए उत्तराखण्ड राज्य अकादमी द्वारा राज्य कार्मिकों को प्रशिक्षण दिये जाने वाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया गया है। इसके साथ ही धर्मपाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पालीटेक्निकों में इन वीडियो लेक्चर्स को आन्तरिक पाठ्यक्रम में शामिल करते हुए क्रेडिट भी प्रदान किये गये हैं। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद ने सभी विश्वविद्यालयों को सलाह दी हैं कि इस ई-लर्निंग मॉड्यूल को डिजिटल जागरूकता के अनिवार्य पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जा सकता है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन एआई वीडियोज की पहुंच को बढ़ाने तथा सभी को एआई का ज्ञान प्राप्त कराने एवं उनको लाभान्वित करने के उद्देश्य से इन वीडियोज का उर्दू एवं पंजाबी भाषा में अनुवाद किया जाए। इन वीडियोज को उर्दू एवं पंजाबी भाषा में अनुवाद कराने हेतु रजिस्ट्रार/निरीक्षक, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद को निर्देश दिये गये।

तत्कालीन चकबंदी अधिकारी, बलिया समेत चार निलंबित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलिरेन्स की नीति के अंतर्गत चकबन्दी विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों,कर्मचारियों के प्रति कठोर कार्यवाही का सिलसिला जारी है। चकबन्दी आयुक्त, जी0एस0 नवीन कुमार द्वारा ग्राम सरसेना, परगना चिरैयाकोट तहसील मोहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ के शिकायती प्रार्थना पत्र पर ग्राम के अन्तिम अभिलेख में की गयी अनियमितताओं की जांच निदेशालय स्तर से गठित समिति द्वारा करायी गयी। समिति के जांच आख्या में यह तथ्य प्रकाश में आया कि तत्कालीन चकबन्दी अधिकारी द्वारा आदेश दिनांक 30.06.2016 पारित करके खेल कूद के मैदान हेतु भूमि सुरक्षित कर खातेदारों को अनुचित लाभ पहुँचाया गया तथा यह आरक्षण बिना चकबन्दी समिति के प्रस्ताव के ही तथा बिना ग्राम सभा को नोटिस दिये पारित किया गया।

एलडीए ने शहर के अलग-अलग इलाकों में अवैध निर्माण को किया सील

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बुधवार को मोहनलालगंज में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने के साथ ही शहर के अलग-अलग इलाकों में अवैध निर्माण सील किये। प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि मोहनलालगंज के पुरसैनी में रोहित कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, रितेश सिंह व अन्य की ओर से खसरा नम्बर 825 पर लगभग 2.5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्र व ऋतुपाल ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान विकसित की गयी कच्ची-पक्की सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस और बिजली के खम्भे आदि पूरी तरह ध्वस्त किये गये। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में सुल्तानपुर रोड स्थित अहिमामऊ में सुधीर जायसवाल व अन्य की ओर से पाण्डेय ट्रेडर्स के सामने अवैध रूप से भूतल पर व्यवसायिक दुकान व प्रथम व द्वितीय तल पर रेस्टोरेण्ट के लिए भवन निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय के सीलिंग के आदेश पर अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी ने सीलिंग की कार्रवाई कराई। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि कानपुर रोड स्थित आजाद नगर में रिजवाना सिद्दीकी की ओर से अयाज गारमेण्ट्स के बगल में लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से बेसमेण्ट सहित तीन मंजिला भवन का निर्माण होटल संचालन के लिए किया गया है। इसके अलावा पारा के सदरौना अजीतन खेड़ा मार्ग पर महेन्द्र यादव व अन्य की ओर से लगभग 5000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पूर्व में संचालित शंकर मैरिज लॉन में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए कमरों व गेट आदि का निर्माण कराया जा रहा था।

गाजा: संयुक्त राष्ट्र में भारत की अनुपस्थिति पर भेजा ज्ञापन

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने विभिन्न जिलों में प्रदर्शन कर संयुक्त राष्ट्र में गाजा में जारी हिंसा को रोकने के लिए लाए प्रस्ताव से मोदी सरकार के अनुपस्थित रहने पर विदेश मंत्री को ज्ञापन भेज आपत्ति जताई है। विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि भारत हमेशा से शांति के पक्ष और हिंसा के विरुद्ध लाए प्रस्तावों का समर्थक रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में शुरू हुए गुट निरपेक्ष आंदोलन के पीछे भी यही विचार रहे हैं। यह विचार भारत के नैतिक साहस का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सदस्य के रूप में हमारे कामों का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मतदान के दौरान हिंसा के पक्ष में खड़े होकर भारत की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धूमिल किया है। इससे भविष्य में किसी भी वैश्विक मुद्दे पर हमारी भूमिका अविश्वास से देखी जाएगी।

भारतीय रेलवे ने अक्टूबर 2023 तक 887.24 मीट्रिक टन माल की ढुलाई की

पिछले वर्ष की इसी अवधि के लिए माल ढुलाई की तुलना में 8.47 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया

- माल ढुलाई में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 31.6 मीट्रिक टन की वृद्धि

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अप्रैल-अक्टूबर 2023 से संचयी आधार पर, भारतीय रेलवे द्वारा 887.25 मीट्रिक टन की माल ढुलाई हासिल की गई, जबकि पिछले साल की माल ढुलाई 855.64 मीट्रिक टन थी। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 31.61 मीट्रिक टन का सुधार है। रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में 92345.27 करोड़ रुपये की तुलना में 95929.30 करोड़ रुपये अर्जित किए हैं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 3584.03 करोड़ रुपये अधिक हैं।

अक्टूबर 2023 के दौरान, अक्टूबर 2022 में 118.95 मीट्रिक टन के लदान की तुलना में, 129.03 मीट्रिक टन की प्रारंभिक माल ढुलाई की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 8.47 प्रतिशत का सुधार है। अक्टूबर 2022 में 13353.81 करोड़ रुपये की माल ढुलाई आय की तुलना में, अक्टूबर 2023 में 14231.05 करोड़ रुपये का माल ढुलाई राजस्व हासिल किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 6.57 प्रतिशत का सुधार है।

भारतीय रेल ने, अक्टूबर 2023 के दौरान, कोयला 64.82 मिलियन टन, लौह अयस्क 14.81 मिलियन टन, कच्चा लोहा और फिनिश्ड स्टील 5.74 मिलियन टन, सीमेंट (इएक्ससीएल. क्लिंकर) 6.32 मिलियन टन , क्लिंकर 4.77 मिलियन टन , खाद्यान्न 3.62 मिलियन टन, उर्वरक 5.72 मिलियन टन, खनिज तेल 4.35 मिलियन टन, कंटेनर 7.15 मिलियन टन और शेष अन्य वस्तुओं में 8.55 मिलियन टन माल ढुलाई की।

हंगरी फॉर कार्गो मंत्र का पालन करते हुए, भारतीय रेलवे ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा देने में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किया है। ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और चुस्त नीति निर्माण द्वारा समर्थित व्यवसाय विकास इकाइयों के काम ने रेलवे को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की ओर बढ़ने में मदद की।

भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग के तत्वाधान में पेंशनर्स हेतु डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र वितरित करने का कार्यक्रम आज हजरतगंज स्थित इंडियन बैंक की मुख्य शाखा में शुरु हुआ. इस अवसर पर बैंक के उप अंचल प्रबंधक राजेश कुमार ,सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद दुबे, व मुख्य प्रबंधक बृजेश सिंह मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

पी.आर.सी. सबमिशन का प्रथम चरण 03 से: दयाशंकर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम पोर्टल पर एटीएस के प्रिलिमिनरी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (पी.आर.सी.) के आवेदन सबमिशन का प्रथम चरण 03 नवम्बर, को अपराह्न 01 से प्रारम्भ होगा।

आवेदन सबमिशन की अन्तिम तिथि 16 नवम्बर, को अपराह्न 01:00 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के अधिसूचना के अर्न्तगत प्रदेश में स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) को मान्यता, विनियमन एवं नियंत्रण किये जाने की नयी राज्य नीति 02 अगस्त, 2023 को निर्गत की गई। परिवहन मंत्री ने बताया कि एटीएस के प्रिलिमिनरी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (पी.आर.सी.) के आवेदन की प्रक्रिया 01 नवम्बर, 2023 की मध्यरात्रि 12:00 बजे से प्रारम्भ होनी थी, परन्तु एनएसडब्ल्यूएस पोर्टल पर तकनीकी व्यवधान आने के कारण आवेदन प्रक्रिया में उक्त बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि एटीएस की व्यवस्था वाहन स्वामियों को टेस्टिंग की सुविधा को और आसान बनायेगा।